CMYK

अधिकतम :24°C
न्यूनतम: 10°C
सेंसेक्स 74,332.58
निफ्टी 22,552.50
सोना 88,570
चांदी 99,100

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुरादाबाद, शनिवार 8 मार्च 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 22 अंक 209 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com माघ फाल्गुन शुक्ल पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2081 7 रमजान 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

## सातवां रोज़ा

### अल्लाह तक पहुंचने का रास्ता दिखाता है सातवां रोज़ा

रमजान माह का पहला अशरा रहमत का माना जाता है। यानी शुरुआती दस रोजे किसी दरिया के मानिन्द हैं, जिसमें अल्लाह की रहमत का पानी बहता रहता है। रोज़ादार तक्वा को अपनाते हुए जब रोज़ा रखता है, तो वह बेशुमार नेकियों का हकदार हो जाता है। ये नेकियां सदाकत और सदाअत का सैलाब बनकर उसके लिए बख्शीश की दुआ अल्लाह से करती हैं। कुरआने पाक में जिक्र है, ऐ इंसान तू अपने परवरदिगार की तरफ खूब कोशिश करता है, सौ उससे जा मिलेगा। इस जिक्र को रोज़े की रोशनी में देखें, तो उसकी तशरीह इस तरह होगी कि रोज़ा रहमत का दरिया तो है ही, नेकी के सैलाब के साथ अल्लाह तक पहुंचने का जरिया भी है। इसको यूं भी कहा जा सकता है कि जब रास्ता लंबा हो, दुश्वारियां हों, भटकने के आसार हों, कांटों-कंकरों की चुभन से पांवों के लहूलुहान होने का डर हो तो ईमानदारी के साथ रखा गया रोजा राह को हमवार और दुश्वारियों को दरकिनार कर देता है।

# चमोली में मलारी हाईवे पर चट्टान गिरने से टूटा बीआरओ का पुल

**सीमावर्ती इलाकों में आवागमन हुआ बंद, वैली ब्रिज का निर्माण होगा**

शाह टाइम्स संवाददाता



**चमोली/ देहरादून।** चमोली जिले के मलारी हाईवे के पास पहाड़ी से गिरी चट्टान से बीआरओ का 52 फीट लंबा पुल टूट गया। पुल टूटने से सीमावर्ती इलाकों में आवागमन बंद हो गया है। भाप कुंड के समीप पनघटी नाले के ऊपर बना बीआरओ का 52 फीट लंबा पुल गिरने से यातायात के लिए बड़ी समस्या खड़ी हो गई है।

बीआरओ के अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही मौके पर पहुंचकर वैली ब्रिज का निर्माण किया जाएगा। चमोली में ही पांच मार्च को चट्टान टूटने से गोविंदघाट में बना मोटर पुल ध्वस्त होकर अलकनंदा नदी में समा गया था। इसके साथ ही पुलना गांव, हेमकुंड साहिब और फूलों की घाटी का संपर्क पूरी तरह से कट गया है। वहीं मलबे की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई है। गोविंदघाट के सामने पहाड़ी से भारी भरकम चट्टान टूटकर सीधे अलकनंदा नदी पर बने सस्पेंशन ब्रिज पर गिर गई थी।

# मोदी ने सिलवासा को दी 2580 करोड़ की सौगात

**कहा: दादरा एवं नगर हवेली व दमन और दीव हमारा गौरव व विरासत**



**सिलवासा।** पीएम मोदी ने यहां केन्द्र शासित प्रदेश दादरा एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव के लिए शुक्रवार को 2580 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया।

श्री मोदी ने केंद्र शासित प्रदेश के सिलवासा में शुक्रवार को केन्द्र शासित प्रदेश के लिए 2580 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। देश के सभी हिस्सों में स्वास्थ्य सेवा से जुड़ी सुविधाओं को बढ़ावा देने पर उनके प्राथमिक ध्यान के तहत उन्होंने सिलवासा में नमो अस्पताल के प्रथम चरण का उद्घाटन किया। कुल 460 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से निर्मित 450 बिस्तरों वाला यह अस्पताल इस केन्द्र-शासित प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करेगा। यह अस्पताल इस क्षेत्र के लोगों, खासकर आदिवासी समुदायों, को अत्याधुनिक चिकित्सा सेवाएं प्रदान करेगा। केन्द्र शासित प्रदेश के लिए 2580 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली इन विभिन्न विकास परियोजनाओं में विभिन्न ग्रामीण सड़कें एवं सड़क संबंधी अवसंरचनाएं, स्कूल, स्वास्थ्य एवं कल्याण केन्द्र, पंचायत एवं प्रशासनिक भवन, आंगनवाड़ी केन्द्र, जलापूर्ति और सीवेज संबंधी अवसंरचनाएं आदि शामिल हैं। इन परियोजनाओं का उद्देश्य कनेक्टिविटी को बेहतर बनाना, औद्योगिक विकास को बढ़ावा देना, पर्यटन को प्रोत्साहित करना, रोजगार के अवसर सृजित करना और क्षेत्र में लोक कल्याण से जुड़ी पहलों को बढ़ावा देना है।

# धारावी परियोजना पर रोक से सुप्रीम कोर्ट का इन्कार

## अडानी समूह को राहत, बॉम्बे हाईकोर्ट के फैसले को पलटने की दलील खारिज की

शाह टाइम्स ब्यूरो

- कोर्ट ने दुबई स्थित सेकलिंक टेक्नोलॉजी कॉरपोरेशन की याचिका पर संबंधित पक्षों को नोटिस जारी किया
- शीर्ष अदालत ने अडानी समूह को सभी भुगतानों के लिए एस्क्रो खाता बनाए रखने का दिया आदेश
- मामले की अगली सुनवाई 25 मई को होगी



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मुंबई की धारावी पुनर्विकास परियोजना (डीआरपी) के निर्माणाधीन कार्य को रोकने से शुक्रवार को इन्कार कर दिया। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने अडानी समूह के पक्ष वाले बॉम्बे उच्च न्यायालय के फैसले को पलटने से इन्कार कर दिया।

हालांकि, पीठ ने दुबई स्थित सेकलिंक टेक्नोलॉजी कॉरपोरेशन की इस याचिका पर संबंधित पक्षों को नोटिस जारी किया। सेकलिंक ने धारावी झुग्गी बस्ती के पुनर्विकास के लिए अपनी 2019 की बोली को रद्द करने और 2022 में अडानी को एक नया टेंडर जारी करने के महाराष्ट्र सरकार के फैसले की वैधता को चुनौती दी है। सेकलिंक द्वारा अपनी पेशकश में 20 फीसदी की वृद्धि करने की बात पर पीठ ने याचिका पर विचार करने के लिए सहमति जताई। अडानी समूह की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने पीठ के समक्ष दलील दी कि निर्माण (परियोजना) पहले ही शुरू हो चुका था। उन्होंने यह भी कहा कि अडानी समूह ने हजारों श्रमिकों को रोजगार दिया है। महत्वपूर्ण धन का निवेश किया और करोड़ों रुपये के निर्माण उपकरण खरीदे हैं। उन्होंने पीठ को बताया कि निर्माण स्थल पर रेलवे क्वार्टरों को ढहाने का काम शुरू कर दिया गया है। उनकी ये दलील सुनने के बाद अदालत ने स्पष्ट किया कि वह परियोजना स्थल पर चल रहे कार्य को नहीं रोकेगी। शीर्ष अदालत ने अडानी समूह को सभी भुगतानों के लिए एस्क्रो खाता बनाए रखने को कहा। हालांकि, सेकलिंक की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता सी. आर्यमा सुंदरम ने दलील दी कि उनका मुवक्किल अपनी बोली में 20 फीसदी की वृद्धि करते हुए 8,640 करोड़ रुपये की संशोधित बोली का प्रस्ताव कर रहा है, जो अडानी की 5,069 करोड़ रुपये की आधार बोली से अधिक है। इसके बाद पीठ ने सेकलिंक को इस संबंध में एक हलफनामा दायर करने को कहा।

# शीर्ष अदालत ने विधायक अब्बास अंसारी को दी अंतरिम जमानत



- मऊ विधायक को गैंगस्टर एक्ट में मिली बड़ी राहत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने उप्र के मऊ निर्वाचन क्षेत्र के विधायक अब्बास अंसारी को राज्य के गैंगस्टर एक्ट के तहत दर्ज एक मामले में शुक्रवार को अंतरिम जमानत दे दी।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने अब्बास अंसारी की याचिका पर यह आदेश पारित किया। पीठ ने अंसारी को अदालत की पूर्व अनुमति के बिना उत्तर प्रदेश नहीं छोड़ने और अदालत में पेश होने से एक दिन पहले पुलिस अधिकारियों को सूचित करने के लिए कहा है। इसके अलावा पीठ ने उन्हें लखनऊ में अपने आधिकारिक आवास में रहने और मऊ में अपने निर्वाचन क्षेत्र का दौरा करने से पहले अधिकारियों से पूर्व अनुमति लेने का भी निर्देश दिया। अदालत ने पुलिस से छह सप्ताह में अंसारी द्वारा जमानत शर्तों के अनुपालन पर स्थिति रिपोर्ट मांगी है। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने दलील दी कि उन्हें मौजूदा मामले को छोड़कर सभी मामलों में जमानत दी गई है, जिसमें केवल पुलिस अधिकारियों को गवाह के रूप में नामित किया गया है।

# तहव्वुर राणा की अर्जी अमेरिकी कोर्ट में फिर खारिज

वाशिंगटन, वार्ता



- सुप्रीम कोर्ट में प्रत्यर्पण रोकने की मांग की थी, मुंबई हमलों के दोषी को भारत लाने का रास्ता हुआसाफ

**2008 मुंबई हमलों** के दोषी तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण पर रोक लगाने की याचिका अमेरिकी कोर्ट ने खारिज कर दी। तहव्वुर ने भारत आने से बचने के लिए याचिका दायर की थी। इसमें उसने कहा था कि पाकिस्तानी मूल का मुस्लिम होने की वजह से उसे भारत में प्रताड़ित किया जाएगा। राणा ने याचिका में कहा था कि वह कई बीमारियों से पीड़ित है, अगर उसका प्रत्यर्पण नहीं रोका गया, तो वह भारत में सर्वाइव नहीं कर पाएगा।

इसलिए उसके प्रत्यर्पण पर इमरजेंसी स्टे लगाया जाए। हालांकि सुप्रीम कोर्ट की जज एलेना कगान ने यह दलील नहीं मानी और याचिका खारिज कर दी। तहव्वुर राणा को 2009 में एफबीआई ने गिरफ्तार किया था। राणा को अमेरिका में लश्कर-ए-तैयबा का समर्थन करने के लिए दोषी ठहराया गया था। फिलहाल वह लॉस एंजिल्स के एक हिरासत केंद्र में बंद है। मुंबई हमले के दौरान आतंकियों ने ताजमहल होटल पैलेस को भी निशाना बनाया था, अमेरिकी कोर्ट ने प्रत्यर्पण के खिलाफ याचिका को पहले भी खारिज किया था 13 नवम्बर 2024 को राणा ने निचली अदालत के प्रत्यर्पण के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील की थी, जिसे 21 जनवरी को खारिज कर दिया गया था। इससे पहले उसने सैन फ्रांसिस्को की एक अदालत में अपील की थी, जो खारिज कर दी गई थी। कोर्ट ने फैसले में कहा था कि दोनों देशों के बीच प्रत्यर्पण संधि के तहत उसे भारत भेजा जा सकता है।

### अल्पसंख्यकों के विरुद्ध अपराध रोके बांग्लादेश : भारत

**नई दिल्ली।** भारत ने बांग्लादेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था पर चिंता जताई है तथा एक ऐसे स्थिर, शांतिपूर्ण, समावेशी और प्रगतिशील बांग्लादेश के प्रति समर्थन एवं विकास सहयोग बढ़ाने की इच्छा का इज़हार किया है, जिसमें हिंदुओं सहित सभी अल्पसंख्यकों के साथ-साथ उनकी संपत्तियों एवं धार्मिक संस्थानों की रक्षा और हिंसक उन्मादियों के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित हो। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को यहां नियमित ब्रीफिंग में बांग्लादेश के बारे में पूछे गए सवालों के जवाब में यह बात कही।

## काशी व अयोध्या के बाद अब मथुरा की बारी: योगी

**मथुरा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को बताया कि काशी और अयोध्या के कायाकल्प के बाद अब मथुरा और ब्रज भूमि के विकास का समय आ गया है। अपने एक दिवसीय दौरे पर आए योगी ने मथुरा के बरसाना में 'रंगोत्सव 2025' का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने श्री लाडली जी महाराज मंदिर में दर्शन-पूजन किया और फूलों व लड्डूमार होली के जरिये रंगोत्सव की शुरुआत की। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि पांच हजार साल से भारत की सनातन संस्कृति को ऊर्जा देने वाली यह ब्रज भूमि श्रद्धा और आस्था की धरा है। इसके कण-कण में श्री राधा और श्री कृष्ण के दर्शन होते हैं। योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश का सौभाग्य है कि यहां काशी, अयोध्या और मथुरा, ये तीनों तीर्थ स्थल सनातन एकता के प्रतीक के रूप में मौजूद हैं।




### 43 लाख के इनामी 11 हार्ड कोर नक्सलियों का सरेंडर

**नारायणपुर।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में शुक्रवार को 43 लाख रुपये के इनामी 11 हार्ड कोर नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया। सूत्रों के मुताबिक आत्मसमर्पण करने वाले सभी नक्सलियों पर 43 लाख का इनाम घोषित था। आत्मसमर्पित सभी नक्सली माड़ डिविजन के हैं। बताया जा रहा है कि ये सभी नक्सली बुर्कापाल घटना समेत कई नक्सल घटनाओं में शामिल रहे हैं। पुलिस के दबाव के साथ सरकार की योजनाओं से प्रभावित होकर इन्होंने आत्मसमर्पण करने का फैसला लिया है।

### चाणक्यपुरी में आईएफएस अफसर ने की खुदकुशी

**नई दिल्ली।** राजधानी के चाणक्यपुरी इलाके में शुक्रवार को भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) के एक अधिकारी ने बहुमंजिला इमारत से कूदकर खुदकुशी कर ली। दिल्ली पुलिस ने बताया कि अधिकारी की पहचान जितेंद्र रावत के रूप में की गई है। पुलिस के अनुसार घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। आईएफएस अधिकारी पिछले कुछ दिनों से परेशान था। पुलिस मामले की विभिन्न पहलुओं से जांच कर रही है।

### श्रीलंकाई नौसेना ने 14 भारतीय मछुआरों को हिरासत में लिया

**कोलंबो।** श्रीलंकाई नौसेना ने गुरुवार रात श्रीलंकाई जलक्षेत्र में अवैध शिकार करने के आरोप में 14 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया और एक मछली पकड़ने वाली नाव जब्त की। यह जानकारी श्रीलंकाई नौसेना ने शुक्रवार को एक बयान में दी। बयान में कहा गया कि ये गिरफ्तारियां देश के उत्तरी प्रांत मन्नार के तटवर्ती जलक्षेत्र में हुईं।

# अंबाला में वायुसेना का जगुआर विमान क्रैश



- पायलट पैराशूट की मदद से सुरक्षित बच निकलने में कामयाब रहा

**नई दिल्ली।** वायुसेना का एक जगुआर लड़ाकू विमान शुक्रवार को अंबाला में दुर्घटनाग्रस्त हो गया हालांकि पायलट समय रहते पैराशूट की मदद से सुरक्षित बच निकलने में कामयाब रहा।

वायुसेना के प्रवक्ता ने बताया कि यह जगुआर विमान नियमित प्रशिक्षण उड़ान पर था, लेकिन तकनीकी खराबी के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो गया। उन्होंने कहा कि पायलट ने सुझबूझ दिखाई और विमान को आबादी से दूर ले जाने में सफल रहा। प्रवक्ता ने कहा कि विमान को आबादी से दूर ले जाने के बाद पायलट पैराशूट की मदद से छलांग लगाकर सुरक्षित बच निकलने में कामयाब रहा। उन्होंने कहा कि वायुसेना ने दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए जांच के आदेश दिए गए हैं।

# ब्रिटिश सरकार की कार्रवाई ही उनकी ईमानदारी तय करेगी: भारत

- जयशंकर की ब्रिटेन यात्रा के दौरान लंदन में खालिस्तानियों द्वारा सुरक्षा व्यवस्था में सेंध को 'बड़ी घटना' बताया



**नई दिल्ली।** भारत ने विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर की ब्रिटेन यात्रा के दौरान लंदन में खालिस्तानी अलगाववादियों एवं चरमपंथियों द्वारा सुरक्षा व्यवस्था में सेंध को 'बड़ी घटना' बताते हुए इस बारे में ब्रिटिश विदेश मंत्रालय के बयान को दरकिनार कर दिया है और कहा है कि बयान की ईमानदारी का पता ब्रिटिश सरकार की कार्रवाई से ही चलेगा।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने नियमित ब्रीफिंग में ब्रिटेन की घटनाओं पर पूछे गए एक सवाल के जवाब में कहा कि हमने विदेश मंत्री डा. जयशंकर की यात्रा के दौरान ब्रिटेन स्थित अलगाववादी और चरमपंथी तत्वों द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के उल्लंघन के बारे में ब्रिटेन के अधिकारियों को अपनी गहरी चिंता व्यक्त की है। घटना का एक बड़ा संदर्भ है, जो ऐसी ताकतों को दिए गए लाइसेंस के साथ-साथ ब्रिटेन में हमारी वैध राजनयिक गतिविधियों को बाधित करने के उद्देश्य से उनके डराने, धमकी देने और अन्य कार्यों के प्रति (सुरक्षा एजेंसियों की) उदासीनता दोनों को उजागर करता है।

# दिल्ली में महिला सम्मान योजना की लॉन्चिंग आज!

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रजिस्ट्रेशन के लिए पोर्टल जारी होगा, 2500 रुपये मिलेंगे, लगभग 20 लाख महिलाओं को मिलेगा फायदा**

**सालाना आय तीन लाख से कम और टैक्स न देने वाली महिलाएं ही होंगी योजना की पात्र**



**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में भाजपा सरकार 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला समृद्धि योजना शुरू कर सकती है। इस योजना के तहत पात्र महिलाओं को हर महीने 2500 रुपये दिए जाएंगे। अनुमान है कि करीब 20 लाख महिलाओं को इस योजना का फायदा मिलेगा।

योजना का फायदा उन महिलाओं को मिलेगा जिनकी सालाना आय 3 लाख रुपये से कम है और जो टैक्स नहीं देतीं। योजना का फायदा 18 से 60 साल तक की महिलाओं को मिलेगा, जो सरकारी नौकरी नहीं करतीं और जिनको अन्य सरकारी वित्तीय सहायता नहीं मिल रही हैं। महिला समृद्धि योजना का फायदा उठाने के लिए महिलाओं को ई-रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य होगा। इसके लिए सरकार 8 मार्च को एक पोर्टल और मोबाइल एप लॉन्च कर सकती है। इस पोर्टल पर महिलाएं अपने जरूरी दस्तावेज, जैसे वोटर कार्ड, बीपीएल कार्ड, आधार कार्ड और आय प्रमाण पत्र जमा करके आवेदन कर सकेंगी। दिल्ली में 72 लाख महिला मतदाता हैं। अनुमान है कि करीब 20 लाख महिलाओं को इस योजना का फायदा मिलेगा। इसमें से करीब 50 प्रतिशत महिलाएं मतदाता हैं। सरकार महिला लाभार्थियों की पहचान के लिए अलग-अलग विभागों से डेटा एकत्र कर रही है। महिला समृद्धि योजना की शुरुआत के लिए जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में एक बड़े कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसमें करीब 5 हजार महिलाओं के शामिल होने की संभावना है।



# जयमाला के बाद सात फेरों से पहले ही टूट गया वैवाहिक बंधन

## तीसरे दिन शुक्रवार को हुआ विवाद का पटाक्षेप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रेहड़।** विवाह समारोह में वर पक्ष द्वारा पांच लाख रुपए की मांग को लेकर हुए विवाद में विवाह कार्यक्रम बीच में ही अटक गया और वर वधु के फेरे नहीं हो पाये। दोनों पक्षों के बीच दो दिन से चल रही वार्ता का पटाक्षेप शुक्रवार को हुआ।

बीते बुधवार की रात रेहड़ निवासी एक युवती की बारात बिजनौर शहर से आई थी। बादीगढ़ चौराहे पर स्थित एक बैंकट हाल में आयोजित वैवाहिक कार्यक्रम चल रहे थे। बारातियों द्वारा डीजे स्वामी के दो मोबाइल एवं डीजे की लाइट तोड़े जाने पर वैवाहिक कार्यक्रम में विवाद हो गया। जयमाला के प्रोग्राम के बाद वर-वधु पक्ष में अचानक विवाद और उग्र हो गया और जमकर हंगामा हुआ। विवाद इतना बढ़ा कि फेरों सहित सभी वैवाहिक संस्कार रद्द हो गए और दोनों पक्षों में जबरदस्त तनाव हो गया। विवाद थाने पहुंच गया। वधू पक्ष का कहना था कि दहेज एवं खान-पीन के रूप में आल्टो कार सहित लगभग 12 लाख रुपए खर्च किए जाने के बाद भी वर पक्ष 5 लाख रुपए की और मांग कर रहा था और मांग पूरी न होने पर दुल्हे ने फेरे लेने से इंकार कर दिया। बताया जा रहा है कि वर पक्ष की ओर से भी पुलिस को तहरीर देकर वधू पक्ष द्वारा विवाह से इन्कार कर देने का आरोप लगाया गया। इस बीच दोनों पक्षों की ओर से कुछ लोगों द्वारा समझौते के प्रयास शुरु किए गए, जिसके परिणामस्वरूप तीसरे दिन शुक्रवार की अपराह्न मामले का पटाक्षेप हुआ, जिसमें विवाह होने पर तो दोनों पक्षों में सहमति नहीं बनी लेकिन वधु पक्ष द्वारा दिए गए दान दहेज सहित वैवाहिक कार्यक्रम में हुए खर्च की रकम की वर पक्ष द्वारा वापसी पर दोनों पक्षों में विवाद समाप्त हो गया और बिना दुल्हन के दूल्हा वापस लौट गया।

# कुत्ते के सहारे गुलदार पकड़ने की कोशिश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** ग्राम पंचायत अमीनाबाद में गुलदार के आतंक को देखते हुए वन विभाग को करीब 15 दिन बीत जाने के बाद भी कोई सफलता नहीं मिली है। लगाए गए पिंजरे में कुत्ता बांधा गया है। कुत्ते के सहारे वन विभाग गुलदार को पकड़ने की जुगत में लगा है।

## खौफ के साए में जीने को मजबूर ग्रामीण

जानकारी के अनुसार करीब 13 दिन पूर्व गांव फिरोजपुर के जंगल में गांव अमीनाबाद निवासी सुदेश के 12 वर्षीय पुत्र रोहन पर गुलदार ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। इसके अलावा गांव मुकर्रमपुर की एक बालिका साक्षी पर गुलदार ने हमला करते हुए उसे मौत के घाट उतार दिया था। ग्राम पंचायत अमीनाबाद के अंतर्गत जंगल में गुलदार ने आतंक मचा रखा है। गुरुवार को भी गांव मुकर्रमपुर के पास नहटौर मंडोरी संपर्क मार्ग पर गुलदार दिखाई दिया। गुलदार के सड़क पार करने के दौरान राहगीर सहम गए। गांव फिरोजपुर के जंगल में वन विभाग ने पिंजरा लगा रखा है और उक्त पिंजरे में कुत्ता बंद रखा है। ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग गुलदार को पकड़ने के लिए खाना पूर्ति कर रहा है। गुलदार की मूवमेंट रोजाना दिखाई दे रही है। लगाए गए पिंजरे में कुत्ता बांधा गया है और कुत्ते के सहारे वन विभाग गुलदार के पकड़ने जुगत में लगा है लेकिन गुलदार पिंजरे के आसपास भी दिखाई नहीं दिया है। वन रेंजर गोविंदराम गंगवार ने बताया कि गुलदार को पकड़ने के प्रयास किया जा रहे हैं।

## एक नजर

### सफाई व्यवस्था का निरीक्षण



**नहटौर।** नगर पालिका के ईओ नवनीत कुमार सिंह ने पालिका की टीम के साथ नगर में बनाए गए सामुदायिक शौचालय के अलावा थाना रोड, मोहल्ला छापेग्रान, हाथीवाला मंदिर, धर्मशाला, नेजोसराय, जिगर कॉलोनी, जोशियान सहित कई स्थानों पर पहुंचकर नाले सड़कों का स्थलीय निरीक्षण किया। स्वच्छ भारत मिशन के तहत प्रदेश सरकार द्वारा गठित टीम के संभावित दौरे को देखते हुए शुक्रवार को पालिका प्रशासन ने यह स्थलीय निरीक्षण किया। अधिशासी अधिकारी ने संबंधित कर्मचारियों को निरीक्षण के दौरान मिली कमियों को दूर करने के निर्देश दिए। कई स्थानों को चिन्हित भी किया गया। पालिका अधिशासी अधिकारी नवनीत कुमार सिंह ने बताया कि नगर में साफ सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए टीम गठित की गई है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत लखनऊ के टीम के संभावित दौरे को देखते हुए स्थलीय निरीक्षण किया गया है।

### कॉलेज में पाठन का कार्य किया



**धामपुर।** एसबीडी महिला महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. पूनम चौहान के निर्देशन में एनएसएस के तत्वाधान में माननीय कुलाधिपति की प्रेरणा से पढ़े विश्वविद्यालय, बढे विश्वविद्यालय एवं पढे महाविद्यालय, बढ़े महाविद्यालय कार्यक्रम के अन्तर्गत पुस्तक पाठन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत सभी छात्राओं ने महाविद्यालय प्रांगण में स्वास्तिक के आकार में बैठी व पुस्तकों का पाठन किया। महाविद्यालय की व्यवस्थापक महोदया श्रीमती रेनू गोयल, प्राचार्या महोदया प्रो.. पूनम चौहान सहित सभी शिक्षकगण, कार्मिक गणों ने भी पुस्तक पाठ किया। इसके उपरान्त एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती नीलम पाल ने 'दहेज मुक्त भारत व नशा मुक्त भारत' प्रतिज्ञा का पाठ किया। इस अवसर पर छात्राओं कु. मोनिका, कनक, जिया, मानसी ने भी अपने विचार रखे। कु. चारू, अंशिका, कु. शिवांगी, प्रिया, अनुकृति, प्रगति सहित लगभग 150 छात्राओं ने कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। सभी शिक्षकगण उपस्थित रहे।

### विद्यालय को पांच पंखे दिए



**स्योहारा।** भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज भटनागर ने बताया कि शुक्रवार को सरस्वती विद्या मंदिर मुरादाबाद रोड स्योहारा को बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा के मैनेजर अभिमन्यु आदर्श, कैशियर शमशाद आलम व रवि कुमार के द्वारा विद्यालय को पांच पंखे प्रदान किए गए। विद्यालय के व्यवस्थापक मनोज भटनागर व प्रधानाचार्य विजेंद्र कुमार शर्मा तथा समस्त स्टाफ ने उनका आभार व्यक्त किया है।

### बुजुर्ग शायर सरवर नगीनवी का निधन

**नगीना।** वयोवृद्ध नेता व समाजसेवी तथा उर्दू के बुजुर्ग शायर सरवर नगीनवी का लंबी बीमारी के बाद गुरुवार की दोपहर दिल्ली के एक हॉस्पिटल में निधन हो गया है। शहर से सटे गांव कस्बा कोटरा निवासी सरवर नगीनवी 72 वर्ष के थे। शुक्रवार को जोहर की नमाज के बाद उनका दफीना किया गया। सरवर नगीनवी पिछले काफी समय से बीमार चल रहे थे। कुछ दिनों पूर्व दिल्ली में रहने वाला उनका बेटा उनको इलाज के लिए दिल्ली ले गया था और बीमार सरवर नगीनवी को एम्स में भर्ती कराया था। एम्स के डॉक्टर द्वारा सरवर नगीनवी को लाइलाज घोषित करने के बाद उन्हें एक प्राइवेट हॉस्पिटल ले जाया गया ।जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। सरवर नगीनवी की शायरी पर कई संकलन प्रकाशित हुए। जिनमें बिखरा बिखरा लेहजा का विमोचन लोकदल नेता और तत्कालीन केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय अजीत सिंह ने गालिब अकादमी दिल्ली में किया था। श्री नगीनवी कई संगठनों से जुड़े थे और विशेष कर उर्दू भाषा के लिए कार्यरत थे। हाल ही में उन्होंने उर्दू भाषा के लिए एक मोर्चे का गठन किया था। उन्होंने एक साप्ताहिक अखबार ख्वाबेजार का भी संपादन किया जो उर्दू और हिंदी भाषा में नगीना से प्रकाशित होता था। सरवर नगीनवी ने मेमारे अदब नाम से एक छह माही उर्दू रिसाला भी प्रकाशित किया और उसके संपादक रहे। सरवर नगीनवी ने धामपुर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव भी लड़ा था। सरवर नगीनवी के देहांत की खबर पाते ही उनके शुभचिंतकों और पत्रकारों में शोक की लहर छा गई।

# भारतीय बौद्ध महासभा ने सौंपा ज्ञापन

## बीटीएमसी 1949 एक्ट समाप्त करने पर रोष




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** भारतीय बौद्ध महासभा के प्रांतीय आह्वान पर बीटीएमसी (बौद्ध टेंपल मैनेजमेंट कमेटी) 1949 एक्ट को समाप्त करने के लिए तथा प्रबंधन एवं स्वामित्व को पूर्ण रूप से महाबोधि बुध बिहार गया का बौद्धों को सौंपने हेतु प्रांतीय संरक्षक गुरु दयाल सिंह बौद्ध एवं प्रांतीय प्रचार मंत्री प्रो. धन सिंह रवि, जिलाध्यक्ष तिलक राज बौद्ध, महामंत्री बिंबिसार गौतम, कोषाध्यक्ष जितेंद्र कुमार एड. के नेतृत्व में डीएम के माध्यम से राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री तथा मुख्यमंत्री बिहार सरकार को ज्ञापन दिया गया।

ज्ञापन दिए जाने वालों में विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी, अध्यक्ष मंत्री तथा बौद्ध उपासक प्रबुद्धजनों तथा सामाजिक, धार्मिक संगठनों एवं प्रबुद्धजनों ने सहयोग किया।

मूल निवासी संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष रामकुमार एवं प्रांतीय संगठन मंत्री भीम सिंह, डॉ. अंबेडकर जन कल्याण समिति के महामंत्री हरी राज, केसरी सिंह, डॉ. अंबेडकर उत्तर माध्यमिक विद्यालय समिति के प्रबंधक शिवराज सिंह, कोषाध्यक्ष आसाराम तथा संरक्षक एडीएम सीपी सिंह, डॉ. नेतराम सिंह, चंदू सिंह, चंद्रहास सिंह एवं बहुजन समाज पार्टी के मंडलाध्यक्ष ब्रह्मपाल सिंह तथा भारतीय बौद्ध महासभा के संगठन मंत्री तीरथ राम, प्रचार मंत्री धर्म सिंह, धीमान सिंह सैनी आदि ने सहयोग किया।

# ओवरलोड की समस्या से मिलेगी निजात

## तीसरा फीडर शुरू होने से लोड होगा कम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** भीषण गर्मी में विद्युत समस्या को देखते हुए विद्युत विभाग ने नगर में संचालित दो फीडरों को तीन फीडरों में विभाजित किया है। तीसरा फीडर शुक्रवार को टेस्टिंग करते हुए चालू कर दिया गया है। विद्युत उपभोक्ताओं को तीसरा फीडर चालू होने से ओवरलोड की समस्याओं से निजात मिलेगी।

जानकारी के अनुसार नहटौर विद्युत उपकेंद्र के अंतर्गत नगर व आसपास के गांव की विद्युत सप्लाई दो फीडरों से की जाती थी। गर्मी शुरू होने पर ओवरलोड अन्य समस्याएं बनी रहती थी। जिसको लेकर विद्युत उपभोक्ता परेशान रहते थे। इसी को देखते हुए विद्युत विभाग ने नहटौर नगर को 3 फीडरों में विभाजित करने की योजना बनाई थी, जिसके तहत मोहल्ला जोशियान पश्चिम, ऑक्सफोर्ड स्कूल, हल्दौर चौराहा, कोतवाली देहात रोड, नूरपुर रोड, बैरमनगर बैरमाबाद गढ़ी को तीसरे फीडर से जोड़ा गया है। शुक्रवार को करीब 2:00 बजे विद्युत विभाग ने टेस्टिंग के बाद इस तीसरे फीडर को शुरू कर दिया। उपखंड अधिकारी विवेक विश्वकर्मा व जेई नूतन प्रकाश ने बताया कि अब गर्मियों के दिनों में नगर में ओवरलोड जैसी समस्याओं से निजात मिलेगी। फीडर नंबर दो पर अधिक लोड होने के कारण समस्या रहती थी। इसी के तहत फीडर नंबर दो को विभाजित करते हुए तीसरा फीडर बनाया गया है, जो शुक्रवार को शुरू हो गया है।

# बजाज चीनी मिल गेट पर भाकियू की मासिक बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** भाकियू अराजनैतिक कार्यकर्ताओं की बजाज चीनी मिल के मेन गेट पर हुई बैठक में किसानों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गया तथा अपनी विभिन्न मांगों को लेकर संबंधित अधिकारियों के नाम ज्ञापन पुलिस चौकी इंचार्ज को सौंपा।

शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ब्लॉक हल्दौर की मासिक बैठक बिलाई शुगर मिल के प्रांगण में आयोजित की गई। बैठक में किसानों की विभिन्न समस्याओं तथा उनके समाधान पर चर्चा हुई। किसानों ने बिलाई चीनी मिल द्वारा गन्ना भुगतान विलम्ब से करने पर रोष प्रकट किया तथा निर्णय लिया गया कि यदि बिलाई चीनी मिल ने भुगतान में सुधार नहीं किया तो एक वृहद आन्दोलन किया जायेगा तथा ऑफ सीजन में मिल के किसी अधिकारी को मिल में नहीं बैठने दिया जायेगा।

## पुलिस चौकी इंचार्ज को सौंपा ज्ञापन

बैठक में लिए गये निर्णयों के अनुसार बिलाई चीनी मिल के यूनिट हैड, अधीक्षण अभियन्ता विद्युत, खण्ड विकास अधिकारी हल्दौर तथा जिला अधिकारी/ मुख्यमन्त्री के नाम संबंधित मांगों के अनुसार चार अलग-अलग मांग-पत्र बिलाई मिल पुलिस चौक पोस्ट इंचार्ज अनिल कुमार को दिये गये ।

ज्ञापनो में गंगा एक्सप्रेस-वे बिजनौर से निकलवाने, बिलाई मिल से गन्ना भुगतान कराने, नांगलजट विद्युत उपकेन्द्र पर नये ट्रांसफार्मर को चालू कराने, आवारा पशुओं को पकड़वाने, गांव बाटपुरा में किसानों का गन्ना क्रय केंद्र बदलवाने आदि दस मांगो के मांग-पत्र दिये गये। बैठक की अध्यक्षता जितेन्द्र सिंह तथा संचालन मनोज कुमार ने किया।

बैठक में हुकम सिंह, नतेन्द्र प्रधान, उदयवीर सिंह, शंकर सिंह, धर्मवीर सिंह, शुभम चौधरी, मुकेश कुमार, जसवन्त सिंह, बिजेन्द्र सिंह, पीताम्बर सिंह, मनीष गालियान, सुरेश प्रधान, जोगेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# रात में दरवाजा खटखटा रहे चोर

## ग्रामीणों में बढ़ रही है चोरों की दहशत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** गांव सौफतपुर में बृहस्पतिवार की रात्रि चोरों ने फिर एक घर का दरवाजा खटखटाया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आस-पास चोरों की तलाश की लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका।

गांव सौफतपुर निवासी विजेंद्र सिंह अपने पुत्रों के साथ एक विवाह समारोह में गए थे। घर पर महिलाएं थी। रात्रि में लगभग 12 बजे चोरों ने उनके घर का दरवाजा खटखटाया और आवाज लगाते हुए दरवाजा खोलने के लिए कहा। महिलाएं उठी और दरवाजे के नीचे लगी जाली मैं देखा तो दरवाजे पर तीन लोग खड़े थे। जिन्हें देखकर महिलाओं ने शोर मचा दिया तो चोर बाइक पर सवार होकर भाग गए। शोर सुनकर आस-पास के ग्रामीण एकत्र हो गए। उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने गांव व आस-पास चोरों की तलाश की लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका।

रविवार की रात्रि में भी चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए नगदी व लाखों के सोने चांदी के आभूषण चोरी कर लिए थे।

# खिलाड़ी कर रहे बेहतर प्रतिभा का प्रदर्शन

## खेलकूद प्रतियोगिता का दूसरा दिन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कृष्णा इंस्टीट्यूट गोलबाग में चल रहे तीन दिवसीय खेल कूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन विभिन्न खेलों का आयोजन हुआ। जिसमें खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिताओं की श्रृंखला में बॉलीबाल में फार्मेसी विभाग की टीम ने बीएएमएस विभाग की टीम को हराकर जीत हासिल की। पुरूष कबड्डी प्रतियोगिता में फार्मेसी विभाग की टीम ने पॉलीटेक्निक की टीम को हराकर जीत हासिल की। महिला कबड्डी प्रतियोगिता में बीएएमएस विभाग की टीम ने नर्सिंग विभाग की टीम को पराजित कर जीत हासिल की।

महाविद्यालय के क्रीड़ा शिक्षक अरमान अहमद व श्रीमति विचित्रा मलिक ने बताया कि विभिन्न विभागों के बीच क्रिकेट मैच का आयोजन तीसरे दिन किया जायेगा और विजयी टीमों को पुरूस्कार वितरण किया जायेगा । प्राचार्या डॉ. सीमा शर्मा ने प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कर रहे समस्त छात्र-छात्राओं से कहा कि खेल से सद्भावना व आपसी एकता बढ़ती है । खिलाड़ियों में सिर्फ खेल की भावना होती है। वे जाति, धर्म, आर्थिक बंधन से आजाद होते हैं । समाज के लोगों को खिलाड़ियों से सबक लेने की आवश्यकता है। हम भी एक खिलाड़ी बनकर रहें, तो समाज जाति, धर्म, भेदभाव आदि सभी बंधनों से आजाद हो जायेगा ।



# ओडिशा में दुष्कर्म की घटनाएं नहीं रोक पा रही डबल इंजन की सरकार: कांग्रेस

■ प्रदेश प्रभारी अजय कुमार लल्लू व चरण दास ने लगाए गंभीर आरोप

**नई दिल्ली, वार्ता**

**कांग्रेस** ने कहा है कि ओडिशा में महिलाओं के साथ दुष्कर्म की घटनाएं लगातार बढ़ रही है और राज्य में भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन सरकार इन अपराधों को रोकने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है, लेकिन कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी और महिलाओं की आवाज बनकर काम करती रहेगी।

कांग्रेस के ओडिशा के प्रभारी अजय कुमार लल्लू तथा प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष भक्त चरण दास ने शुक्रवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जिस ओडिशा में 24 साल तक बीजू जनता दल (बीजद) की सरकार रही है वहां 2009 में सत्ता में भागीदार रही भाजपा अब पूरे बहुमत के साथ वहां सरकार में है।

भाजपा-बीजद के बीच केंद्र तथा राज्य में बार बार राजनीतिक स्वार्थ के लिए काम करते हुए समय-समय पर अपनी रणनीति को बदला है और स्वार्थ से ऊपर उठकर कभी जनता के हित खासकर महिलाओं के लिए कोई काम नहीं किया। दोनों दलों ने सत्ता में रहते हुए महिलाओं तथा बच्चों की सुरक्षा पर कभी ध्यान नहीं दिया। उन्होंने कहा कि पिछले आठ महीने की भाजपा सरकार में खुद मुख्यमंत्री का मानना है कि 3,420 महिलाएं और 8,403 बच्चे लापता हैं। वहीं इन आठ महीनों में 54 सामूहिक दुष्कर्म की घटनाएं हुई हैं। ओडिशा में नाबालिग बच्चियों के बलात्कार और हत्या की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। इतना सब होने के बावजूद भाजपा की 'डबल इंजन' सरकार चुप है। उन्होंने दुष्कर्म की कुछ घटनाओं का विवरण देते हुए सवाल करते हुए कहा कि मलकानगिरी में एक आदिवासी रेजिडेंशियल स्कूल है, जहां एक दसवीं कक्षा की बच्ची प्रेगनेंट हो जाती है। जब वो बच्ची परीक्षा देने जाती है, तो उसका प्रसव हो जाता है। जाजपुर जिले में एक स्कूल की बच्ची अभी भी प्रेगनेंट है। मुख्यमंत्री के गृह जिले केउंझर में एक छठी कक्षा की एक बच्ची प्रेगनेंट है। केन्द्रापड़ा जिले में एक 12वीं कक्षा की छात्रा ने आत्महत्या की है और कोरापुट में नाबालिग बच्ची के साथ गैंगरेप हुआ है। सवाल है कि इतने दिनों तक वॉर्डन और हेडमास्टर कहां थे।

आवासीय स्कूलों के लिए विजिटर होते हैं, वो कहां थे। क्या इन सभी बच्चियों को मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री न्याय देंगे। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि ओडिशा में बच्चियों के साथ लगातार अपराध और दरिंदगी हो रही है। कांग्रेस पार्टी इन मामलों पर किसी भी हाल में चुप नहीं रहेगी। जब हमने इन अपराधों के खिलाफ आवाज उठाई, तो ओडिशा के मुख्यमंत्री कहते हैं कि बीजद सरकार में ऐसे अपराध ज्यादा हुए थे और हमारी सरकार में कम हुए हैं। मुख्यमंत्री बीजद के 24 साल के पाप के साथ अपने आठ महीने के पाप की तुलना कर रहे हैं और यह बेहद शर्मनाक है।ह उन्होंने राज्य में महिलाओं के सथ हो रहे अत्याचार पर ध्यान देने की सरकार से मांग करते हुए कहा कि ओडिशा में महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराध पर भारत सरकार ध्यान दें क्योंकि अपराध रोकने पर ध्यान दें और अगर ध्यान नहीं दिया गया तो उच्चतम न्यायालय को इसे संज्ञान में लेकर एक उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के जरिए सरकार को आदेश देना चाहिए कि वह अपनी जिम्मेदारी समझे ओर रवैया बदले।

ओडिशा में महिलाओं के खिलाफ अपराध की दर 2022 में 9.3 प्रतिशत थी, लेकिन अब आठ प्रतिशत की दर से बढ़े अपराधों को लेकर 31,000 मामले दर्ज हुए हैं। इन अपराधों से आदिवासी और दलित महिलाएं ज्यादा पीड़ित हैं। जब तक इन महिलाओं को न्याय नहीं मिलता ओडिशा कांग्रेस इस अन्याय के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करती रहेगी।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

काले इल्म व सिपली इल्म की काली तांत्रिक शक्तियों का चमत्कार सात घंटों में अपनी आंखों से देखें।
पंडित जी शर्मा
9634608433
जैसे:- नौकरी, व्यापार, कारोबार, पति-पत्नी में झगड़ा, लव मैरिज में अड़चन, शादी में रुकावट, प्यार में धोखा खाये प्रेमी व प्रेमिका एक बार अवश्य फोन करें। आपका बेटा-बेटी, पति-पत्नी किसी के वश में हो महावशीकरण करवाएं या तुड़वाएं, सौतन-दुश्मन को अपनी आंखों के सामने तड़पता देखें, घर में खून के छींटे या प्रेत आत्माओं का साया।
My Promise आपका प्यार टूटने नहीं दूंगा।
महावशीकरण व मुठकरनी के स्पेशलिस्ट
माताएं व बहनें घर बैठे गारंटीड समाधान करवाएं।
21 वर्षों से आपकी सेवा में
अजमेर शरीफ

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।
**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# पति व पत्नी सहित चार को सात वर्ष का कारावास

## किरतपुर थाना क्षेत्र का मामला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** न्यायालय एडीजे तृतीय ने हत्या के प्रयास के मामले में दम्पति सहित चार अभियुक्तों को सात वर्ष के कारावास एवं 53 हजार रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार वादी ने 18 अप्रैल 2015 को थाना किरतपुर में तहरीर दी थी कि ग्राम आलमपुर निवासी महेन्द्र पुत्र दयाराम, लक्ष्मी पत्नी योगेश, योगेश पुत्र महेन्द्र, मुन्नी पत्नी स्व. सुरेश एवं धनप्रकाश पुत्र छोटे लाल व उमेश पुत्र धनप्रकाश निवासीगण आदर्श नगर, थाना नई मण्डी, जनपद मुजफ्फरनगर द्वारा उसके घर में घुस कर गाली गलौच करते हुए लाठी-डण्डों व सरिया आदि से हमला किया गया। योगेश द्वारा वादी के पिता पर जान से मारने की नीयत से तमंचे से फायर किया गया। वादी के परिवार को जान से मारने की धमकी देकर अभियुक्त भाग गए। तहरीर के आधार पर किरतपुर पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 139/15 धारा 147, 148, 149, 307, 323, 324, 452, 504 व 506 आईपीसी में पंजीकृत किया था। 25 अप्रैल 2015 को अभियुक्त योगेश को वारदात में इस्तेमाल हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया था। इस संबंध में अलग से अभियोग पंजीकृत किया था।

विवेचना के बाद पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित कर दिया था। अभियुक्तों को सजा दिलाने के लिए न्यायालय में प्रभावी पैरवी करते हुए साक्ष्य उपलब्ध कराए गए। न्यायालय एडीजे तृतीय ने महेन्द्र पुत्र दयाराम, लक्ष्मी पत्नी योगेश, योगेश पुत्र महेन्द्र एवं मुन्नी पत्नी स्व. सुरेश को सात वर्ष के कारावास एवं 53 हजार रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

## हादसे में पति की मौत, पत्नी घायल

**शेरकोट।** शुक्रवार देर रात थाना क्षेत्र के ग्राम मुबारकपुर निवासी रोहिताश पुत्र विक्रम लगभग 48 वर्षीय अपनी पत्नी पुष्पा के साथ कही से अपने घर जा रहा था। जैसे ही वह मुबारकपुर कुण्डे के निकट घर के लिए सड़क पार करते समय धामपुर से काशिपुर जा रहे बाईक सवार ने टक्कर मार दी। जिससे साईकिल सवार रोहिताश की मौके पर ही मोत हो गयी। जबकि उसकी पत्नी सहित बाईक सवार गम्भीर रुप से घायल हो गये। सूचना पर पहुँची पुलिस ने घायलो को धामपुर अस्पताल भर्ती करा दिया, जबकि मृतक के शव को कब्जे मे ले लिया है। बताया जाता है मृतक बहुत ही गरीबी में अपना व परिवार का जीवन यापन कर रहा था और उसकी दो छोटी छोटी पुत्री है, जिनका रोते रोते बुरा हाल है।

# नूरपुर के ओमपाल सैनी को हत्या में उम्र कैद

## बीस हजार रुपए का अर्थदण्ड

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** न्यायालय एडीजे चतुर्थ ने राजा का ताजपुर के ओमपाल सैनी को हत्या के मामले में आजीवन कारावास एवं बीस हजार रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार वादी शेर सिंह पुत्र स्व. रामनाथ सिंह निवासी ग्राम सिसौना, थाना हीमपुर दीपा ने 11 फरवरी 2023 को थाना नूरपुर में तहरीर दी थी। जिसमें कहा गया था कि उसने अपनी बहन की शादी ओमपाल सैनी पुत्र लल्लू सैनी निवासी मौहल्ला नई बस्ती, राजा का ताजपुर के साथ की थी। वादी का बहनोई ओमपाल सैनी शराब पीकर वादी की बहन के साथ लड़ाई-झगड़ा करता था। 11 फरवरी को उसकी बहन की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु गई। पुलिस ने धारा 306 आईपीसी में रिपोर्ट दर्ज की थी।

विवेचना के दौरान धारा 306 हटाकर 302 की वृद्धि की गई। विवेचना के बाद पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित कर दिया था। न्यायालय एडीजे चतुर्थ ने आज इस मामले में अभियुक्त ओमपाल सैनी को आजीवन कारावास एवं बीस हजार रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

## एक नजर

### अज्ञात वाहन से गुलदार की मौत



**बुंदकी।** नगीना से नजीबाबाद बाईपास, थाना नगीना देहात क्षेत्र के हैज्जरपुर ग्राम सत्तारवाला के पास मढैरी की पुलिया के पास रात्रि लगभग डेढ़ बजे रोड पार कर रहे गुलदार की अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे बुंदकी मिल्क पुलिस चौकी पुलिस स्टाफ वन विभाग के अधिकारी रेंजर प्रदीप कुमार शर्मा, वन विभाग एसडीओ अंशुमान मित्तल व अन्य कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर गुलदार को देखकर बताया कि मृतक गुलदार फीमेल है। जिसकी उम्र लगभग दो वर्ष बताई। घटनास्थल का मौका मुआईना करने के बाद विभाग की ओर से गुलदार का पंचनामा भरकर गुलदार को पोस्टमार्टम के लिए हाफिज इब्राहिमपुर ले जाया गया।

### सहारनपुर का हम्माद गिरफ्तार

**बिजनौर।** थाना मण्डावली में वादिनी ने छह मार्च को तहरीर दी थी कि तीन माह पूर्व उसके मोबाइल पर एक व्यक्ति की कॉल आई। जिसने अपना नाम सोहित शर्मा, निवासी जनपद सहारनपुर बताते हुए कहा कि उसने मोबाइल नम्बर इंस्टाग्राम से लिया है। आरोपी ने शादी का झांसा देकर उसके साथ बलात्कार किया। पीड़िता ने आरोपी को अपने पास बुलाकर कोर्ट मैरिज करने के लिए कहा। पीड़िता ने जब उसका आधार कार्ड देखा, तो उसमें सोहित शर्मा के जगह हम्माद पुत्र बिलाल निवासी बंजारान, थाना कुतुबशेर, जनपद सहारनपुर लिखा हुआ था। पीड़िता ने जब उसे शादी करने से मना किया, तो उसके द्वारा दबाव बनाते हुए धमकी दी गई। इस दौरान एक अज्ञात व्यक्ति के द्वारा सोहित उर्फ हम्माद का सहयोग किया गया। मण्डावली पुलिस ने गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने हम्माद को गिरफ्तार कर लिया है।

### आज बांटा जाएगा जल

**बिजनौर।** फायर टैंडर के माध्यम से कल (आज) सुबह दस बजे त्रिवेणी संगम, प्रयाग राज से लाया गया जल बांटा जाएगा।

### कुर्की का नोटिस चस्पा



**रेहड़।** रेहड़ निवासी लखवेंदर सिंह पुत्र अवतार सिंह ने छह दिसंबर 24 को पुलिस को तहरीर देकर रेहड़ थाने में मुकदमा अपराध संख्या 134/24 के अंतर्गत हरजेन्द्र सिंह व जरनैल सिंह पुत्रगण साधू सिंह, मानवेंद्र सिंह उर्फ गोलू व लखवीर उर्फ लक्खा निवासी रेहड़ के विरुद्ध जानलेवा हमले की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस इस मामले में दो आरोपितों जरनैल सिंह पुत्र साधू सिंह व मानवेंद्र उर्फ गोलू पुत्र जरनैल सिंह निवासी रेहड़ की गिरफ्तारी कर चुकी है। जबकि शेष बचे दो वांछित आरोपित हरजेन्द्र सिंह पुत्र साधू सिंह व लखवीर सिंह उर्फ लक्खा पुत्र जरनैल सिंह निवासी रेहड़ लंबे समय से फरार चल रहे हैं। शुक्रवार शाम विवेचक उप निरीक्षक फिरोज खान ने जानलेवा हमले के मामले में वांछित चल रहे दोनों आरोपित हरजेन्द्र सिंह पुत्र साधू सिंह व लखवीर सिंह उर्फ लक्खा पुत्र जरनैल सिंह निवास ग्राम रेहड़ के घर न्यायालय के आदेश पर धारा 82 के अंतर्गत कुर्की नोटिस चस्पा कर दिए और ढ़ोल के साथ ग्राम में मुनादी कराई। विवेचक उपनिरीक्षक फिरोज खान ने बताया कि यदि दोनों फरार आरोपित पांच अप्रैल 25 तक पुलिस या न्यायालय के समक्ष पेश नहीं हुए तो उनके घर की कुर्की कर दी जाएगी।

### होली जुलूस के मार्ग का निरीक्षण

**किरतपुर।** होली रंग के जुलूस व रमजान के मद्देनजर उप जिलाधिकारी नजीबाबाद विजय शंकर व पुलिस क्षेत्राधिकारी नजीबाबाद देश दीपक ने होली की दुल्हेंडी पर निकलने वाले जुलूस के मार्ग का निरीक्षण किया तथा होली कमेटी के अध्यक्ष कपिल रस्तोगी एवं जुलूस के रास्ते में पड़ने वाली मस्जिदों की कमेटी के लोगों से बातचीत की। दोनों ही अधिकारियों ने जहां मुस्लिम समुदाय से आव्हान किया कि वह जुलूस के रास्ते में पड़ने वाली मस्जिदों पर तिरपाल या पन्नी से कवर कर ले। वहीं हिन्दू समुदाय से भी कहा कि वह जबरन किसी मुस्लिम व्यक्ति अथवा मस्जिद पर रंग ना डाले।

## एक नजर

### बाइकों की भिड़ंत में एक की मौत



**अफजलगढ़।** शुक्रवार की देर शाम थाना क्षेत्र के गांव विजयनगर निवासी जोनी उम्र 26 वर्षीय पुत्र चेतराम अपने साथी शुभम उम्र 25 वर्षीय पुत्र राजेश निवासी गांव कादराबाद से अपने घर से बाइक पर सवार होकर कादराबाद की ओर से जा रहा था। जैसे ही उसकी बाइक गांव कादराबाद के नजदीक इंटर कॉलेज पहुंची तो सामने से आ रहे बाइक सवार युवक योगेश उम्र 22 वर्षीय पुत्र नौबाहर सिंह निवासी गांव अनवरपुर चंडिका थाना अफजलगढ़ व बाइक के पीछे बैठे साथी अंकित उम्र 23 वर्षीय पुत्र विनोद निवासी कुंडेश्वरी जिला मुरादाबाद की टक्कर हो गई। टक्कर लगते ही बाइक सवार युवक सड़क पर नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि बाइक सवार युवक जोनी की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। जबकि तीन बाइक सवार युवक शुभम ,योगेश, अंकित गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को 108 एंबुलेंस व 112 पुलिस की मदद से सीएचसी अफजलगढ़ में भर्ती कराया गया। जहां घायल युवक शुभम तथा अंकित को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

### शकीला बेगम उर्फ बुन्दो का इंतकाल

**अफजलगढ़।** नगर के मौहल्ला नियाजी मौखा निवासी जाने-माने समाजसेवी हाजी अब्दुल कदीर ठेकेदार की अहलिया हज्जन शकीला बेगम उर्फ बुन्दो (75 वर्ष) का शुक्रवार की प्रात: दिल का दौरा पड़ने से इंतकाल हो गया। शुक्रवार (जुम्मा) को सुबह सात बजे उस समय अचानक उनको दिल का दौरा पड़ा। जब वह रोजा की हालत में कुरआन ए पाक की तिलावत कर रही थी। उस समय उनका इंतकाल हो गया। परिजनों द्वारा उन्हें जसपुर स्थित डॉ. सिंघल नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मरहूमा एक नेक दिल और दिनदार औरत थी। बाद नमाज ए जुम्मा मौहल्ला जैनुल आबेदीन अब्दुल रज्जाक स्कूल के पीछे कब्रिस्तान में तदफीन कर दिया गया। उनकी नमाजे जनाजा में नगर और आसपास के गणमान्य लोगों और रिश्तेदारों ने भारी संख्या में शिरकत की। जिसमें खास तौर से अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष शेख सुलेमान, शेख इरशाद हुसैन सेक्रेटरी, नगर पालिका चेयरपर्सन पति जावेद विकार, पूर्व पालिका अध्यक्ष नफीस कुरैशी, इस्माइल तुर्क, मौलाना मुख्तार अहमद, मुफ्ती रियाजउद्दीन, मुफ्ती जहीर अहमद, मुफ्ती सईद अहमद, शेख मौहम्मद जैद, हाफिज मौहम्मद इदरीस, मौहम्मद इल्यास प्रिंस ज्वेलर्स, हाजी इदरीस कपड़े वाले, यासर एडवोकेट, मौलाना खुर्शीद अहमद, हकीम मौलाना मौहम्मद ईस्माइल, मौलाना गुफरान, मौलाना ईस्माइल नदवी, मास्टर रियासत हुसैन, सभासद रिजवान हसन, मास्टर शमीम अहमद अंसारी, मुश्ताक अहमद, सलीम अहमद पेट्रोल पंप वाले, मौहम्मद फैज सहित भारी तादाद में लोगों ने नमाज ए जनाजा में शिरकत की।

### अखाड़ा खेलते समय किशोर की मौत



**रेहड़।** दुल्हैंडी से एक दिन पूर्व होली वाली रात रेहड़ में बैंड बाजे और अखाड़े के साथ दुर्गा माता का विशाल जुलूस निकाला जाता है। जुलूस से पूर्व रेहड़ में स्थित सनातन धर्मशाला के प्रांगण में युवाओं को अखाड़े का प्रशिक्षण दिया जाता है। प्रशिक्षण के दौरान गुरुवार रात लगभग नौ बजे रेहड़ निवासी आयुष शर्मा उर्फ आशू उम्र लगभग 15 वर्ष पुत्र प्रदीप कुमार शर्मा धर्मशाला में अखाड़ा खेल रहा था। अखाड़ा खेलते समय वह अचानक बेहोश होकर गिर गया। परिजनों ने आयुष को पहले निजी चिकित्सक को दिखाया। इसके बाद में उसे काशीपुर स्थित केबीआर अस्पताल में ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। आयुष शर्मा उर्फ आशू जसपुर स्थित जेनेसिस इंटरनेशनल स्कूल में कक्षा 9 का छात्र था। मृतक के पिता प्रदीप कुमार शर्मा का कहना है कि आयुष की मौत हृदय गति रूकने से हुई है। गमगीन माहौल में शुक्रवार दोपहर रेहड़ स्थित श्मशान घाट में आयुष शर्मा के शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। मृतक अपने पिता प्रदीप कुमार शर्मा, मां कुसुम शर्मा और अविवाहित बड़े भाई पीयूष शर्मा को रोता बिलखता छोड़ गया है।

# मस्जिदों में दुआ के लिए उठे लाखों हाथ

## शांति व अकीदत के साथ अदा की गई रमजान के पहले जुमे की नमाज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** मुकद्दस रमजान माह के पहले जुमे की नमाज शांति के साथ अदा की गई। सवेरे से ही मस्जिदों में साफ सफाई की गई थी, नमाजियों के लिए सफे बिछाई गई, मस्जिदों के रास्तों पर चूना डाला गया था। जहां मुस्लिमों ने मस्जिदों में नमाज अदा की। वहीं महिलाओं ने घरों में रहकर नमाज पढ़ी। मौसम ठंडा होने से बच्चे व बुजुर्ग भी रोजे रख रहे हैं। उलेमाओं द्वारा मस्जिदों में पहले अशरे की फजीलत बयां की गई। उलेमाओं ने नमाजियों से बुराई का रास्ता छोड़ नेक रास्ते पर चलने हिदायत दी। इस दौरान शहर की मस्जिदों पर सुरक्षा व्यवस्था चाकचौबंद रही।



शुक्रवार को रमजान माह के पहले जुमे की नमाज अदा करने के लिए मुस्लिमों ने सवेरे से तैयारी शुरू कर दी थी। बिजनौर चाहशीरी जामा मस्जिद में नमाज से पूर्व नमाजियों को खिताब करते हुए इमाम मौलाना वरीस अहमद ने बताया कि यह अल्लाह का इनाम है कि उन्होंने हम सबको आज रमजान उल मुबारक के पहले जुमे की नमाज पढ़ने की इनायत अदा फरमायी। उन्होंने कहा कि रमजान का पहला अशरा चल रहा है। इस अशरे में अल्लाह की रहमतें मूसलाधार बारिश की तरह बरसती हैं। उन्होंने कहा रोजा भूखे-प्यासे रहने का नाम नहीं है, रोजा आंख, कान, नाक व जबान का भी होता है। रोजे के समय बुराई करना, गलत निगाहों से देखना आदि इन सब चीजों से परहेज करें। रमजान इबादत व रहमतों का खजाना है, रमजान सब्र का महीना है, सब्र का इनाम जन्नत है। रोजा रमजान की अहम इबादत है।

गजरौला शिव जामा मस्जिद के इमाम मुफ्ती गयासुद्दीन कासमी ने फरमाया कि रमजान महीने में 29 या 30 रोजे रखे जाते हैं। इन्हें तीन अशरों में बांटा गया है। शुरुआत के दस दिन पहला अशरा कहलाता हैं, 11 वें दिन से 20 वें दिन तक दूसरा आशरा और 21 वें दिन से 29 या 30 दिन तक तीसरा अशरा होता है। उन्होंने कहा कि पहले अशरे के 10 दिनों में मुसलमान जितने नेक काम करता हैं, जैसे जरूरतमंदों की मदद करता हैं, उन्हें दान देता हैं, लोगों के साथ अच्छा व्यवहार करता है, अपने उन अनुयायियों पर अल्लाह अपनी रहमत बरसाते हैं।

बिजनौर की काजीपाड़ा मरकज वाली मस्जिद में मुफ्ती शमशुद्दीन, सिविल लाइंस की तकिया वाली मस्जिद, स्टेशन वाली मस्जिद में कारी अरशद, कचहरी वाली मस्जिद, जजी चौक वाली मस्जिद में मुफ्ती शाहिद ने जुमे की नमाज अदा कराई। शहर की अन्य जामा मस्जिदों में रमजान के पहले जुमे की नमाज अदा की गई। नमाज के बाद लोगों ने मुल्क में अपनो अमान व खुशहाली के लिए दुआएं मांगी। महिलाओं ने घरों में रहकर नमाज अदा की। इस दौरान मस्जिदों में नमाजियों की काफी संख्या देखी गई। शहर की जामा मस्जिदों पर पुलिस व्यवस्था चाक-चौबंद रही।

## पुलिस ने किया पैदल मार्च

**हीमपुर** दीपा। थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से स्थानीय पुलिस ने पैदल मार्च निकाल स्थानीय व्यापारियों वह ग्रामीणों में सुरक्षा का भाव स्थापित किया। साथ ही पुलिस ने रास्ते में खड़े संदिग्ध वाहन चालकों से भी पूछताछ कर उन्हें आईडेंटिफाई किया। साथ ही तीतर बितर खड़े वाहनों को भी ठीक कराया गया। स्थानीय पुलिस लगातार पैदल मार्च कर ग्रामीणों में सुरक्षा भाव स्थापित करने में लगी है।

# कोटरा के मुकेश को तीन वर्ष का कारावास

## न्यायालय ने अर्थदण्ड भी लगाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** न्यायालय एडीजे नगीना ने कोटरा के मुकेश को तीन वर्ष के कारावास एवं 4500 रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार नगीना देहात पुलिस टीम द्वारा एक अगस्त 2018 को अर्जुन पुत्र शेर सिंह निवासी ग्राम जटपुरा, थाना नजीबाबाद व मुकेश पुत्र रामलाल निवासी ग्राम कोटरा, नगीना, को चोरी की नौ बाइकों व अवैध शस्त्रों के साथ गिरफ्तार किया था। इस संबंध में थाना नगीना देहात में धारा 411, 413 व 114 में अर्जुन व मुकेश सहित एक अन्य फरार अभियुक्त के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई थी। साथ ही मुकेश के विरूद्ध आयुद्ध अधिनियम में भी रिपोर्ट दर्ज की गई थी। विवेचना के बाद पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित कर दिया था। पुलिस ने न्यायालय में प्रभावी पैरवी की थी।

न्यायालय एडीजे नगीना ने आज मुकेश पुत्र रामलाल निवासी ग्राम कोटरा, नगीना को तीन वर्ष के कारावास एवं 4500 रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

# बैंक से रुपए लेकर आ रहे बुजुर्ग को झांसा देकर लूटा

## सोशल मीडिया पर बुजुर्ग की वीडियो प्रसारित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडावर।** क्षेत्र के ग्राम दयालवाला में स्थित प्रथमा ग्रामीण बैंक से 11 हजार रुपए निकालकर घर जाते हुए बुजुर्ग को दो बाइक सवार युवकों ने नाटकीय रूप में लूट लिया।

प्राप्त समाचार के अनुसार जयपाल सिंह पुत्र पलटू सिंह ग्राम कुंवरपुर चतरभोज उर्फ कोहरपुर निवासी शुक्रवार को दयालवाला में स्थित प्रथमा ग्रामीण बैंक से रुपए निकालकर अपने घर को वापस जा रहे थे। तभी घर जाते समय एक युवक काले रंग की बाइक व काले कलर का कोट पेंट पहने हुए बुजुर्ग को अपनी बाइक पर जबरदस्ती बैठाकर कुछ दूर जाने के बाद उसका दूसरा साथी भी बुजुर्ग के पीछे बाइक पर बैठ गया और मोहिनुद्दीनपुर स्थित पशु चिकित्सालय के सामने बाइक से उतारकर बुजुर्ग जयपाल के पास 11 हजार रुपये छीन कर फरार हो गए। घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

ग्राम दयालवाला में चोरों के हौंसले दिन में ही बुलंद है। चोर पानी दे रहे किसान के टैक्टर से बैटरा चुरा ले गए। जिसकी वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रही है।

# शहर काजी मौलाना जाहिद ने कराई दुआ

## शबीना में शामिल होने वालों का राशिद हुसैन और रागिब हुसैन ने किया शुक्रिया अदा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** आदर्श नगर पंचायत झालू के पूर्व चेयरमैन व समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष राशिद हुसैन के आवास पर हर साल की तरह इस साल भी छह रोजा शबीना मुकम्मल हुआ। जिसमें शहर काजी मौलाना मौहम्मद जाहिद ने पुरी उम्मते मुस्लिमा और वतन के लिए चैन सकून की दुआ कराई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार की रात्रि लगभग साढ़े दस बजे राशिद हुसैन के निजी आवास मौहल्ला पीरजादगान में शहर काजी मौलाना मुहम्मद जाहिद ने उम्मते मुस्लिमा और अपने वतन के चैन सुकून व तरक्की के लिए दुआ कराई और साथ ही में अपने बयान में खिताब फरमाया कि जब तक हम अल्लाह की खिताब कुरान पाक पर नबी ए करीम सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के तरीके पर चलकर अमल नहीं करेंगे। तब तक हम किसी हाल में भी कामयाब नहीं हो सकते। अगर हम दुनिया और आखिरत की कामयाबी चाहते हैं, तो अल्लाह की किताब कुराने पाक पर पूरी तरह से अमल की पाबंदी करनी पड़ेगी। इसी के साथ-साथ राशिद हुसैन ने अपने निजी आवास पर पहुंचने वाले सभी कस्बे वासियों का शुक्रिया अदा किया और कहा कि हम सब नेक आमाल के मोहताज हैं। इसलिए किसी भी जरिए से हम सबको भलाई के काम करते रहना चाहिए। इसीलिए हम हर साल अपने बड़े बुजुर्गों, अपने कस्बे वासियों और अपने आप के आमाले जखीरा के लिए लगभग पिछले 22 सालों से हर साल शाबीना करवाते आ रहे हैं। इंशाल्लाह आगे भी कराते रहेंगे। इस मौके पर उन्होंने कुराने पाक सुनाने वाले हाफिज मौहम्मद यूसुफ उर्फ पप्पू को नकद इनाम और कपड़े और सुनने वाले तीनों हाफिजों को भी नकद इनाम और कपड़े दिए। इस मौके पर अकरम ठेकेदार, शादाब सभासद कमरुल सभासद, मास्टर साजिद, पत्रकार मौहम्मद आदिल, मौहम्मद राजिब, रागिब हुसैन उर्फ शहजादा, मौलाना वसीउल्हसन, इकरामु मिस्त्री, मौहम्मद अरशद, इदरीश पधान, डॉ. आवेश, मौहम्मद सिकंदर आलम और कस्बे के हजारों सम्मानित लोग मौजूद रहे।



**कार्यालय नगर पालिका परिषद शेरकोट ( बिजनौर )**

पत्रांक मीमो/ न.पा.प.शे./ 2024-25

दिनांक:- 06.03.2025

**सार्वजनिक सूचना**

एकद्द्वारा भवन स्वामियों/ क्रेतागणों तथा अन्य व्यक्तियों को सूचित किया जाता हैं कि भूमि/भवन सं. 248/141 मौहल्ला खुराड़ा शेरकोट (बिजनौर) द्वारा उक्त भूमि/भवन पर नाम दर्ज करने के समबन्ध में इस कार्यालय में प्राप्त आवेदन पत्र संलग्न साक्ष्यों/ पंजीकृत बैनामे के आधार पर श्रीमती जुबैदा पत्नी मौ. आसिफ निवासी मौहल्ला शिकारपुर, मानपुर, रामपुर के नाम दर्ज/ परिवर्तन की कार्यवाही कर विभाग में विचाराधीन है। सम्बन्धित एवं विक्रेतागणों को नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 ( बी) के अन्तर्गत नोटिस भेजी जा चुकि हैं। अगर किसी आपत्तिकर्ता को आपत्ति हो तो सम्पूर्ण अभिलेखों / साक्ष्यों सहित प्रकाशित होने के दिनांक से एक माह के अन्दर अपना पक्ष/आपत्ति इस कार्यालय को प्रेषित करे। अन्यथा सनियम कार्यवाही करते हुए प्रकरण का निस्तारण कर दिया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**

**संबंध विच्छेद सूचना**

मैंने अपने पुत्र पुलकित कुमार व पुत्र वधु निशा राजपूत के व्यवहार एवं उनकी हरकतों से तंग आ चुका हूं। मैंने काफी सोच-समझ कर इन दोनों से संबंध विच्छेद करने का निर्णय लिया है। मैं इनसे सभी तरह के संबंध विच्छेद कर इन दोनों को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनके किसी भी कार्य व लेन-देन का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा। **कोमल सिंह पुत्र हरकेश सिंह निवासी ग्राम रजपुरा, परगना व तहसील नगीना, जनपद बिजनौर**

**संबंध विच्छेद सूचना आम**

मेरा पुत्र आफताब मेरे कहने में नहीं है। मैंने उससे संबंध विच्छेद कर उसे अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। अब मैं व मेरा परिवार उसके द्वारा किये जाने वाले किसी भी लेन-देन व कृत्य के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे। **शाहिद पुत्र अब्दुल हमीद निवासी ग्राम मेघपुर, थाना अफजलगढ़, जिला बिजनौर**

**कार्यालय ग्राम पंचायत स्याऊ, विकास खण्ड जलीलपुर, बिजनौर**

पत्रांक मीमो / पंचायत मनरेगा 2024 -2025

**अल्पकालीन निविदा**

कार्यक्रम अधिकारी महोदय जलीलपुर के आदेशों के अनुपालन में ग्राम पंचायत स्याऊ में नरदेव के घर से मनफूल के घर तक मनरेगा/योजना की धनराशि से सीसी रोड एवं नाली निर्माण कराए जाने में प्रयुक्त होने वाली सामग्री, बालूरेत, ईंट, सीमेंट, कोरसैन्ड, सरिया, रोड़ी, डस्ट आदि की आपूर्ति वित्तीय वर्ष 2024-2025 में कार्यस्थल पर करने हेतु पंजीकृत ठेकेदारों/ फर्मों से निविदाएं दिनांक 15/03/2025 को समय पूर्वाह्न 1 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन सायं 3 बजे पंचायत कार्यालय पर खोली जाएंगी। निविदादाता का व्यापार कर / आयकर में पंजीकरण होना आवश्यक है। निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क देकर दिनांक 12/03/2025 तक प्राप्त किये जा सकतें हैं। सम्बंधित कार्य के लिए सामग्री आपूर्ति की निविदा बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा निविदा की शर्तों की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में पंचायत कार्यालय से की जा सकती है।

**ग्राम प्रधान** **ग्राम पंचायत सचिव**

**कार्यालय ग्राम पंचायत इब्राहिमपुर, विकास खण्ड जलीलपुर, बिजनौर**

पत्रांक मीमो / पंचायत मनरेगा 2024 -2025

**अल्पकालीन निविदा**

कार्यक्रम अधिकारी महोदय जलीलपुर के आदेशों के अनुपालन में ग्राम पंचायत इब्राहिमपुर में रफी के घर से वरीसुद्दीन के घर तक तथा इस्तेखार के घर से यामीन के घर तक मनरेगा/योजना की धनराशि से सीसी रोड एवं नाली निर्माण कराए जाने में प्रयुक्त होने वाली सामग्री, बालूरेत, ईंट, सीमेंट, कोरसैन्ड, सरिया, रोड़ी, डस्ट आदि की आपूर्ति वित्तीय वर्ष 2024-2025 में कार्यस्थल पर करने हेतु पंजीकृत ठेकेदारों / फर्मों से निविदाएं दिनांक 15/03/2025 को समय पूर्वाह्न 1 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन सायं 3 बजे पंचायत कार्यालय पर खोली जाएंगी। निविदादाता का व्यापार कर / आयकर में पंजीकरण होना आवश्यक है। निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क देकर दिनांक 12/03/2025 तक प्राप्त किये जा सकते हैं। सम्बंधित कार्य के लिए सामग्री आपूर्ति की निविदा बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा। निविदा की शर्तों की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में पंचायत कार्यालय से की जा सकती है।

**ग्राम प्रधान** **ग्राम पंचायत सचिव**

**कार्यालय ग्राम पंचायत चौंधेडी, विकास खण्ड जलीलपुर, बिजनौर**

पत्रांक मीमो / पंचायत मनरेगा 2024 -2025

**अल्पकालीन निविदा**

कार्यक्रम अधिकारी महोदय जलीलपुर के आदेशों के अनुपालन में ग्राम पंचायत चौंधेडी में महेश के खेत से फूल सिंह के मकान तक तथा मंसूरपुर में जयसिंह के मकान से ब्रह्मपाल के मकान तक मनरेगा/योजना की धनराशि से सीसी रोड एवं नाली निर्माण कराए जाने में प्रयुक्त होने वाली सामग्री, बालूरेत, ईंट, सीमेंट, कोरसैन्ड, सरिया, रोड़ी, डस्ट आदि की आपूर्ति वित्तीय वर्ष 2024- 2025 में कार्यस्थल पर करने हेतु पंजीकृत ठेकेदारों / फर्मों से निविदाएं दिनांक 15/03/2025 को समय पूर्वाह्न 1 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन सायं 3 बजे पंचायत कार्यालय पर खोली जाएंगी। निविदादाता का व्यापार कर / आयकर में पंजीकरण होना आवश्यक है। निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क देकर दिनांक 12/03/2025 तक प्राप्त किये जा सकते हैं। सम्बंधित कार्य के लिए सामग्री आपूर्ति की निविदा बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा। निविदा की शर्तों की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में पंचायत कार्यालय से की जा सकती है।

**ग्राम प्रधान** **ग्राम पंचायत सचिव**

**कार्यालय ग्राम पंचायत बाबरपुर, विकास खण्ड जलीलपुर, बिजनौर**

पत्रांक मीमो / पंचायत मनरेगा 2024 -2025

**अल्पकालीन निविदा**

कार्यक्रम अधिकारी महोदय जलीलपुर के आदेशों के अनुपालन में ग्राम पंचायत बाबरपुर में शेखर के घर से मनोज के घर तक मनरेगा/योजना की धनराशि से सीसी रोड एवं नाली निर्माण कराए जाने में प्रयुक्त होने वाली सामग्री, बालूरेत, ईंट, सीमेंट, कोरसैन्ड, सरिया, रोड़ी, डस्ट आदि की आपूर्ति वित्तीय वर्ष 2024-2025 में कार्यस्थल पर करने हेतु पंजीकृत ठेकेदारों / फर्मों से निविदाएं दिनांक 15/03/2025 को समय पूर्वाह्न 1 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन सायं 3 बजे पंचायत कार्यालय पर खोली जाएंगी। निविदादाता का व्यापार कर / आयकर में पंजीकरण होना आवश्यक है। निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क देकर दिनांक 12/03/2025 तक प्राप्त किये जा सकते हैं। सम्बंधित कार्य के लिए सामग्री आपूर्ति की निविदा बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा। निविदा की शर्तों की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में पंचायत कार्यालय से की जा सकती है।

**ग्राम प्रधान** **ग्राम पंचायत सचिव**

# त्यौहार सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं: डीएम

## शांति व्यवस्था में खलल डालने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई: एसपी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने कहा कि जिला प्रशासन ने सौहार्दपूर्ण और शांतिपूर्ण वातावरण में होली एवं ईदुल फितर त्यौहार को सम्पन्न कराने के लिए पूर्व की तरह सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं।

जिलाधिकारी श्रीमती कौर आज कलेक्ट्रेट सभागार में होली, रमजान तथा ईद उल फितर आदि त्यौहारों पर बिजली, पानी और साफ सफाई, कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए निर्देश दे रहीं थी।




उन्होंने सभी धर्मगुरूओं एवं संभ्रांत लोगों का आहवान किया कि यदि उनके संज्ञान में कानून व्यवस्था की स्थिति को प्रभावित करने अथवा सांप्रदायिक भावना को भड़काने आदि संबंधी कोई सूचना प्राप्त होती है तो स्वयं हस्तक्षेप न करते हुए तत्काल प्रशासन को सूचित करें ताकि तत्काल सक्षम अधिकारियों को मौके पर भेजकर समस्या का समाधान किया जा सके। उन्होंने प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए कहा कि जिला प्रशासन होली, रमजान, ईद उल फितर सहित सभी त्यौहारों को पूर्ण सौहार्द, परम्परागत और शांतिपूर्वक रूप से सम्पन्न कराने के लिए कटिबद्ध है। उन्होंने जन सामान्य का आवाहन किया कि किसी भी अवस्था में ऐसा कोई कार्य न करें जो अपरम्परागत हो या जिससे साम्प्रदायिक वातावरण अथवा शांति एवं कानून व्यवस्था प्रभावित हो। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि सभी नगर पालिका एवं नगर पंचायतों को विशेष सफाई, प्रकाश एवं पानी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गए हैं।

उन्होंने अपेक्षा करते हुए कहा कि ये पावन त्यौहार पूर्ण संयम, समन्वय एवं आम नागरिकों की भावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए मनाया जाएंगे और ऐसा कोई भी कार्य नहीं किया जाएगा, जिससे दूसरे सम्प्रदायों की भावनाओं को ठेस पहुंचे। उन्होंने सचेत करते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति धार्मिक रूप से कोई अपशब्द, भड़काऊ भाषण अथवा धार्मिक उन्माद फैलाने जैसे किसी भी कार्य का दुस्साहस न करे और न ही सोशल मीडिया आदि पर किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक टिप्पणी या पोस्ट न करे, जिससे शांति एंव कानून व्यवस्था की स्थिति पर कोई आंच आए। उन्होनें स्पष्ट करते हुए कहा कि जिले में शांति एंव कानून व्यवस्था की स्थिति से खिलवाड़ करने वाले शरारती एवं असामाजिक तत्वों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने जिले के विभिन्न धर्मो के धर्मगुरुओं के साथ आगामी त्यौहार रमजान, होली एवं ईद उल फितर को सौहार्दपूर्ण एवं शांतिपूर्वक एवं भाईचारे के साथ मनाने के लिए विस्तार से थानावार चर्चा की तथा होली त्यौहार में जिले के विभिन्न स्थानों पर होने वाले जुलूस के बारे में जानकारी की गयी तथा रमजान, ईद उल फितर के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की और निर्देश दिए कि सभी लोग अपने धार्मिक रीति-रिवाज से एक-दूसरे का सम्मान करते हुए अपने त्यौहार सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं। उन्होंने कहा कि जनपद की शांति एवं कानून व्यवस्था में खलल डालने वालों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन विनय कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक शहरी संजीव वाजपई, ग्रामीण राम अर्ज, मुख्य चिकित्साधिकारी डा. कौशलेंद्र सिंह, समस्त उपजिलाधिकारी, सभी संबंधित अधिकारी सहित समस्त थाना प्रभारी व विभिन्न धर्मो के धर्मगुरु एवं संभ्रांत व्यक्ति आदि मौजूद रहे।

# इंसानियत का सबक याद दिलाने आता है रमजान: शहर इमाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** इस्लाम का मुकद्दस महीना रमजानुल मुबारक शुरू हो चुका है, जिसके अन्दर दुनिया भर में मुसलमान अल्लाह को राजी करने के लिए मस्जिदों में जाकर नमाजों की पाबंदी और कुरआन पढ़ने का एहतमाम करते हैं। साथ ही तरावीह भी अदा करते हैं।



शहर इमाम मुफ्ती मुहम्मद जकी एजाज खान कासमी देवबंदी (खतीब जामा मस्जिद व शहर काजी शेरकोट) ने अपने बयान में कहा कि माहे रमजान की अहम इबादत रोजा है जो अल्लाह की मोहब्बत में भूख प्यास बर्दाश्त करना सिखलाता है। नबी सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने फरमाया कि यह महीना सब्र और आपसी हमदर्दी का महीना है, जिसके जरिए मुसलमानों में दूसरे इंसानों की भूख प्यास की तकलीफ और उनके दुख दर्द को समझने और साझा करने की आदत पैदा की जाती है।

रमजानुल मुबारक के पहले जुमे के मौके पर खिताब करते हुए उन्होंने कहा कि शुरू के 10 दिन रहमत का अशरा कहलाते हैं, जिसमें हर तरफ अल्लाह की रहमतें और बरकतें बारिश की बूंदों से ज्यादा दिन रात बरसती हैं। जन्नत के दरवाजे खोल दिए जाते हैं और जहन्नम को बंद कर दिया जाता है। माहे रमजान में नेकियों का सवाब बढ़ा दिया जाता है और शैतान को कैद करके अच्छाई और भलाई के रास्ते पर चलने के लिए मुसलमान की मदद की जाती है। अगर इस महीने के अंदर कोई भी मुसलमान अल्लाह को राजी करने से महरूम रह गया तो उससे बड़ा बदनसीब दूसरा कोई हो ही नहीं सकता। साथ ही नौजवानों को नसीहत करते हुए उन्होंने फरमाया कि कम से कम यह एक महीना मोबाइल और इंटरनेट की बुराइयों से मुकम्मल तौर पर बचकर गुजारें। रात को जागें, अल्लाह के सामने रो रो कर जिंदगी भर के गुनाहों की माफी मांगे, क्योंकि रमजान में अल्लाह अपने बंदों की दुआएं बहुत जल्दी कबूल फरमाते हैं। लिहाजा हमें खूब दिल लगाकर अपने तमाम ईमानी भाइयों के लिए अल्लाह से दुआएं करनी चाहिए। साथ ही बिरादराने वतन को भी नहीं भूलना चाहिए। अपनी बस्ती और मुल्क में खुशहाली, इसी तरह पूरी दुनिया में अमन व अमान मांगने के लिए ही हमें रमजान नसीब हुआ है ताकि हमारे जरिए तमाम इंसानों का भला हो सके।

नमाज के बाद इमाम साहब ने भी मुल्क की तरक्की और सलामती तथा दुश्मनों से हिफाजत के लिए खासकर दुआ कराई।

# स्वर्ण रथ यात्रा महोत्सव के दूसरे दिन श्रीजी का सामूहिक अभिषेक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** श्री पार्श्वनाथ जैन मंदिर में चल रहे तीन दिवसीय 140 वे वार्षिक स्वर्ण रथ यात्रा महा महोत्सव के दूसरे दिन मंदिर में श्रीजी का सामूहिक अभिषेक एवं पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। अनेक जैन धर्मावलंबी परिवारों ने सहभागिता की।



इस दौरान कार्यक्रम स्थल मूल नायक 1008 श्री चंद्रप्रभ भगवान पार्श्वनाथ भगवान तथा 24 वे तीर्थंकर भगवान महावीर आदि तीर्थंकरों के पारंपरिक एवं पावन जयकारों से गूंज उठा।

तीन दिवसीय महोत्सव के अंतर्गत आयोजित मंगल प्रवचन कार्यक्रम में पंडित प्रदीप कुमार शास्त्री ने उपस्थित परिवारों को अपने आध्यात्मिक विचारों से लाभान्वित कराते हुए जैन धर्म से संबंधित अनेक तथ्यात्मक बिंदुओं की जानकारी दी। 8 मार्च को तीन दिवसीय महा महोत्सव के अंतर्गत प्रात: 7:00 बजे श्री जी का सामूहिक अभिषेक एवं पूजन होगा तथा 11:00 बजे रथ यात्रा के लिए बोलियो का आयोजन किया जाएगा तथा 11:30 बजे नगर में विशाल स्वर्ण रथ यात्रा निकाली जाएगी। इस रथ यात्रा के अंतर्गत नेताजी सुभाष चंद्र बोस मार्ग स्थित शुभम मंडप में पांडुक शिला पर श्रीजी का अभिषेक होगा एवं आरती आदि कार्यक्रम संपादित कराए जाएंगे।

# आरएसएम में सर्वाइकल कैंसर पर कार्यशाला

## एनिमिया चैकअप कैंप का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** आरएसएम महाविद्यालय में इंडियन वूमन कांफ्रेंस से सम्बद्ध गांधी नारी कल्याण समिति के तत्वाधान में छात्राओं में एनिमिया चैक-अप कैंप एवं सर्वाईकल कैंसर पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम के पहले सत्र में लुवना, कहकशा, संजना, कशिश भारती, अर्शी, करिश्मा, द्वारा महाविद्यालय की संस्थापिका फूल कुंवरि साहिबा की प्रतिनिधि भक्ति राठौर एवं सभी अतिथियों, शिक्षकगणों को तिलक एवं बैज लगाकर अभिनंदन किया गया। प्राचार्या रश्मि शर्मा रावल ने बताया कि एनिमिया एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या है, इससे लाल रक्त कोशिकाओं की संख्या में कमी होती है। यह आयरन तथा विटामिन की कमी के कारण होता है। इसके प्रमुख लक्षण कमजोरी, पीलापन, चक्कर आना, ठंडे हाथ-पैर, साँस की तकलीफ, दिल की धड़कन तेज होना इत्यादि हैं। डॉ. प्रीति विश्नोई एवं डॉ. लक्ष्य विश्नोई के निर्देशन में चैक-अप कैंप लगाया गया। डॉ. स्वेता गोयल द्वारा सर्वाईकल कैंसर के संबंध में जागरूकता पर अपना वक्तव्य दिया गया। कार्यक्रम में नीरा गोयल, विनोद शर्मा, ऐश्वर्या चौधरी, बवीता गुप्ता, सुनीता नंदा, कंचन शर्मा, अनीता चौहान, करिश्मा सक्सेना आदि उपस्थित रहीं। यह कार्यक्रम एनएसएस (छात्रा इकाई), रेंजर्स एवं एन.सी.सी. (छात्राओं) की सहभागिता से संपन्न हुआ। संचालन डॉ. सुमेधा चौहान, कार्यक्रम अधिकारी, एनएसएस (छात्रा इकाई) ने किया।

## एक नजर

### मोहम्मद हमजा ने रखा पहला रोजा

**धामपुर।** साइकिल कारोबारी नदीम अहमद के 7 वर्षीय पुत्र मोहम्मद हमजा के पहला रोजा रखने पर रिश्तेदारों व परिवार वालों ने उसकी हौसला अफजाई की। मोहल्ला दिलशाद कॉलोनी निवासी नदीम के 7 वर्षीय पुत्र हमजा ने पढ़ाई के साथ-साथ कम उम्र में ही धार्मिक इबादत भी करता है। हमजा ने जीवन का पहला रोजा रख कर एक मिसाल पेश की है। हमजा के परिजनों ने कहा कि बच्चों में इबादत व तालीम देखकर दिल को सुकून मिलता है। बच्चों के परिजनों ने हमजा के उज्जवल भविष्य और स्वास्थ्य के लिए दुआएं की।



### आरबीडी में रेंजर्स शिविर का समापन



**बिजनौर।** रानी भाग्यवती देवी महिला महाविद्यालय में प्राचार्या के निर्देशन में पांच दिवसीय निपुण शिविर का समापन समारोह संपन्न हुआ। रेंजर्स की दो टोलीयां रानी लक्ष्मीबाई टोली में रशिका, मानवी, नजराना, सुहाना, मुस्कान, निदा, सुषमा, नूतन रही एवं किरण बेदी टोली मे असफिया, काजल, रोहिणी, शिवानी, ज्योति, अनु, नेहा, मुस्कान, प्राची, काजल द्वारा अपने-अपने टेंट बनाए गए, जिसका निरीक्षण प्राचार्या प्रो. पारुल त्यागी के द्वारा किया गया। तत्पश्चात निर्णायक मंडल द्वारा किरण बेदी टोली को प्रथम तथा रानी लक्ष्मीबाई टोली को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। आज के दिन दो बेस्ट रेंजर्स कु. अस्फिया एवं राशिका वर्मा को चुनते हुए उन्हे सम्मानित किया गया। छात्राओं के द्वारा बहुत ही रचनात्मक रूप से कार्य किए गए। उनके द्वारा एक पुल का भी निर्माण बांस और रस्सीयों के माध्यम से किया गया। प्राचार्या के द्वारा उन्हें शुभाशीष देते हुए उन्हें आगे भी ऐसे ही ऊर्जावान रहते हुए कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। आज के समापन समारोह में महाविद्यालय की समस्त प्रवक्ताएं, रेंजर्स प्रभारी डॉ. दयावती, प्रशिक्षक श्रीमती पुष्पा चौहान आदि उपस्थित रही।

### भाई पर जानलेवा हमला, गंभीर घायल

**धामपुर।** मोहल्ला बंदूक चियान निवासी अफजाल पुत्र हिफ़ूजूररहमान ने पुलिस को दी तहरीर में अपने सगे भाई पर जानलेवा हमला करने का आरोप लगाया है। पीड़ित का कहना है कि, दोनों भाई की आसपास लोहे की दुकान है। उसका भाई उससे रंजिश रखता है। सुबह दुकान खोलते समय भाई ने लोहे के सरिया से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने मामले में जांच कर कार्रवाई शुरू कर दी है।



### अभद्र टिप्पणी से ग्रामीणों में रोष



**धामपुर।** गैर संप्रदाय युवक के द्वारा हिंदू धर्म के भगवान श्री राम एवं माता सीता पर अभद्र टिप्पणी की गई। युवक के द्वारा की गई हरकत से गांव के लोगों में रोष है। दर्जनों ग्रामीणों ने कोतवाली पहुंचकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। आरोप है कि ग्राम कुण्डीपुरा के प्रधान निसार अहमद के पुत्र आरिश अहमद ने सोशल मीडिया पर आतंक का दूसरा नाम आरिश के नाम से एक आईडी बना रखी है। बीते दिनों आरिश ने अपने सोशल मीडिया अंकाउट से श्रीराम और माता सीता को लेकर अभद्र टिप्पणी करते हुए वीडियो वायरल कर दी। गांव निवासी विशेष राजपूत, नमन जैन आदि का कहना है कि आरोपी ने भगवान श्रीराम और माता सीता पर अभद्र टिप्पणी करके समस्त हिंदू समाज की धार्मिक भावनाओं पर प्रहार करने का प्रयास किया है। समाज के लोगों ने अरोपी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर पुलिस से शिकायत की है। आरोपी के द्वारा वायरल की गई पोस्ट क्षेत्र मे चर्चा का विषय बनी है। किसी ने इस मामले की शिकायत ट्वीट कर एसपी को दी। एसपी बिजनौर ने धामपुर पुलिस को कार्रवाई के निर्देश दिए है।

# मार्ग चौड़ीकरण में लापरवाही पर गुस्सा

## भाकियू कार्यकर्ताओं ने सौंपा मांग पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी कार्यकर्ताओं ने रोहित चौधरी के नेतृत्व में धनौरा चांदपुर मार्ग के चौड़ीकरण में सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों व ठेकेदारों द्वारा सड़क निर्माण में घोर लापरवाही बरतने के विरोध में लोकनिर्माण विभाग चांदपुर के नाम सम्बोधित एक मांग पत्र विभाग के जेई को दिया।



भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी कार्यकर्ताओं ने मांग पत्र में कहा कि इस सड़क के चौड़ीकरण को लेकर सम्बन्धित विभागाधिकारियों की घोर लापरवाही के चलते सम्बन्धित ठेकेदार भी सड़क के दोनों ओर साईडों में गहरे गहरे गड्ढे करा रहे हैं और उनके भराव के नाम पर मात्र खानापूर्ति की जा रही है। लगातार इन गड्ढों में आमजन गिर कर चोटिल हो रहे है, कई हादसे जानलेवा भी हो चुके है। मगर विभाग इस कार्य को कछुआ चाल से ही कराने में मस्त है जो कि अब कतई बर्दाशत नहीं किया जायेगा। मांग पत्र में आरोप लगाते कहा कि ठेकेदार द्वारा उक्त खुदाई कर मिट्टी को बेचा जा रहा है और सड़क के चौड़ीकरण को लेकर सड़क के दोनों साईडों में किये जा रहे कई कई फिट गहरे गड्ढों को नहीं भरा जा रहा है। भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) मांग करती है कि सम्बन्धित विभाग इस ओर धयान दे और जनहित में इस कार्य में तेजी लाने के साथ साथ सम्बन्धित ठेकेदार के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करे अन्यथा भारतीय किसान यूनियन अनिश्चित कालीन धरना देने पर विवश होगी।

यूनियन के युवा जिलाध्यक्ष रोहित चौधरी मलेशिया निवासी के नेतृत्व में मांग पत्र देने वालों में छतर सिंह, कुलदीप सिंह जिला उपाधयक्ष, सुषील कुमार जिला महामंत्री, रोहित चौधरी, महिला सक्रिय कार्यकर्ता नितिशा देशवाल, धूम सिंह प्रधान, मधूसुदन देशवाल, राहुल कुमार, अवतार सिह, राहुल कुमार, रामगा. पाल सिंह, लव कुमार आदि कार्यकर्ता शामिल रहे।

# पेपर देकर लौट रहे दो छात्रों पर जानलेवा हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** हाईस्कूल की बोर्ड परीक्षा का पेपर देकर दोस्त के साथ बाईक से घर जा रहे दो छात्रों को नहटौर झालू मार्ग पर गांव मेहरपुर के सामने एक दर्जन बाईक सवार युवकों ने रोककर हमला करते हुए मारपीट की। एक घर में घुसकर दोनों छात्रों ने अपनी जान बचाई।

जानकारी के अनुसार गांव हमीदपुर निवासी हिमांशु अपने दोस्त ऋतिक के साथ शुक्रवार को जनता इंटर कॉलेज आंकू से हाईस्कूल की बोर्ड परीक्षा प्रथम पाली का पेपर देकर बाईक से घर जा रहा था। आरोप है कि नहटौर झालू मार्ग पर गांव मेहरपुर के सामने गांव हमीदपुर निवासी मनीष कुमार ने अपने एक दर्जन बाईक सवार साथियों के साथ आकर रोक लिया। गाली-गलौच करते हुए लाठी डंडे आदि से मारपीट शुरू कर दी। दोनों छात्रों ने किसी तरह हमलावरों के चंगुल से बचकर बाईक मौके पर छोड़कर अपनी जान बचाने के लिए एक घर में घुस गए। आरोपियों ने घर पर पहुंचकर दोनों छात्रों की तलाश की। आसपास के लोगों को आता देख आरोपी भुगत लेने की धमकी देते हुए फरार हो गए। दोनों छात्रों पर हमला होने की सूचना पर ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए। पीड़ित छात्र की मां नीता देवी की ओर से पुलिस को तहरीर दी है।

कोतवाल धीरज सिंह का कहना है कि मामला संज्ञान में नहीं है। जानकारी करके कार्रवाई की जाएगी।

# हनुमान चालीसा पाठ व भजन उच्चारण कार्यक्रम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** श्रीमद् हनुमत सेवा समिति के तत्वावधान एवं बाबा नीब करौरी कृपा कुंज के संस्थापक बाबा रामदास जी महाराज के सानिध्य में आयोजित सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ एवं भजन उच्चारण कार्यक्रम में पहुंचे श्रद्धालुओं ने सात बार हनुमान चालीसा का पाठ किया।

भजनों एवं जयकारों के माध्यम से पवन पुत्र वीर बजरंगबली हनुमान जी महाराज के चरणों में श्रद्धा भावना प्रदर्शित की। टीचर्स कॉलोनी में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक पूजन से किया गया।

आयोजक परिवार की संरक्षक माता पुष्पा देवी राजपूत के संरक्षण में आयोजित इस पूजन कार्यक्रम के मुख्य यजमान पुनीत कुमार सिंह राजपूत एवं श्रीमती अंशु रानी राजपूत, रुद्राक्ष राजपूत, शिवन्या राजपूत आदि रहे। इसके अतिरिक्त पूजन कार्यक्रम में विजेंद्र सिंह, संध्या देवी, रणजीत सिंह, निशा राजपूत , कृष्णा देवी, पूनम देवी, कपिल कुमार, रूबी प्रताप सिंह, सूर्य प्रताप सिंह, आचार्य पदम सिंह, नीलम शर्मा, अमित अग्रवाल, नेहा शर्मा, ऊषा देवी एवं धामपुर के अनेक गणमान्य नागरिकों एवं श्रद्धालुओं की सहभागिता रही। इस दौरान भजन प्रस्तुत करने तथा जयकारों की सामूहिक गूंज में योगदान देने वाले बालाजी महाराज के दरबार के प्रमुख सेवकों एवं सेविकाओं में मुख्य रूप से सुभाष चंद्र कौशिक रामानंद शर्मा, पंकज भटनागर, डा. अनुज कुमार वर्मा, यतेंद्र कुमार शर्मा एडवोकेट, कपिल शर्मा, तरुण शर्मा शास्त्री, चेतन सैनी आदि रहे।

कार्यक्रम में तरुण शर्मा शास्त्री तथा बाबा रामदास जी महाराज ने परिवार को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

# सुरेश कुमार सैनी बने होली रंग गुलाल जुलूस समिति के अध्यक्ष

**राजा का ताजपुर।** श्री कृष्ण मंदिर में सम्पन्न हुई होली रंग गुलाल जुलुस समिति की बैठक में होली परम्परागत रूप में धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में सुरेश कुमार सैनी को होली समिति का अध्यक्ष चुना गया। संरक्षक राकेश कुमार शर्मा की अध्यक्षता व कमलजीत सिंह नूर के संचालन में सम्पन्न हुई। इस बैठक में होली बंगाली का समय 13 मार्च की रात्रि 11 बजे तय किया गया। परम्परागत गुलाल जुलुस 14 मार्च को प्रात: 9 बजे होलिका स्थान बाजार चौक से तथा यही से 11बजे से दोपहर 1बजे तक गीले रंग का जुलुस निकाला जायेगा। एकादशी पर हवन जोत निकाली जायेगी। बस्ती का भाईचारा बनाये रखने में एक-दूसरे का सहयोग करें। होली का त्यौहार सभी धर्मों के लोग भाईचारे के साथ मनाई। हिंदू भाइयों से भी अपील है कि रमजान के पाक महीने में मुसलमानों की भावनाओं का भी ख्याल रखे। सभी धर्मों के लोग एक-दूसरे के त्यौहारों पर सहयोग करें। हरे-भरे पेड़ काटकर या किसी का निजी सामान न रखा जाये। रंग के दौरान किसी की दुकानों व मकानों पर रंग न डालें। आपसी भाईचारा कायम रखें। बैठक में सुरेश कुमार सैनी को अध्यक्ष, अनिल चंद्रा को सचिव, मुनीश दीवाकर को खजांची तथा सत्येंद्र कुमार आर्य, मदन सिंह सैनी, डॉ. अरुण अग्रवाल, विजेंद्र शर्मा, अनुराग त्यागी, धर्मावतार वर्मा, कमलजीत सिंह नूर आदि सभी हिन्दू संगठनों के पदाधिकारी समिति सदस्य चुने गये।

# भाकियू का थाना प्रांगण में धरना

## मोटर साइकिल बरामद करने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** चोरी हुई मोटरसाइकिल को बरामद कराने को लेकर भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ने थाना प्रांगण में धरना दिया। थाना प्रभारी के 5 दिन के अन्दर मोटरसाइकिल बरामद करने का आश्वासन दिया। आश्वासन मिलने के बाद धरना समाप्त किया गया।



प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम भोजपुर में स्थित किसान नेता मुकुल राजपूत की दुकान के सामने से मोटर साइकिल चोरी हो गई थी, जिसकी तहरीर थाना प्रभारी को उसी दिन दे दी थी। अभी तक मोटर साइकिल बरामद न होने के कारण किसानों में रोष व्याप्त हो गया और शुक्रवार को ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद राजपूत के नेतृत्व में थाना प्रांगण में धरना दिया और मोटर साइकिल बरामद करने की मांग की। किसानों का गुस्सा सातवें असमान पर देख थाना प्रभारी राकेश कुमार ने मोटर साइकिल बरामदगी को लेकर 5 दिन का समय और मांगा। थाना प्रभारी के आश्वासन के बाद किसानों ने धरना समाप्त किया। धरना स्थल पर किसानों के हाथों में युवा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी दिगंबर सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद राजपूत व जिलाध्यक्ष नितिन सिरोही की फोटो लगी तख्ती ले रखी थी। धरना स्थल पर नजीबाबाद ब्लॉक अध्यक्ष कुलवीर चौधरी, मोहम्मदपुर देवमल ब्लॉक अध्यक्ष अंकित नरवाल, जिला उपाध्यक्ष विजय सिंह, भोपाल राठी व ब्लॉक किरतपुर की समस्त टीम उपस्थित रही।

# नाबालिग स्टंट कर छीन रहे जिन्दगियां

## अभिभावकों को ज़िम्मेदार ठहराने के कानून पर नहीं कोई अमल, किसी को रौंदकर हो जाते हैं फरार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** सड़क पर चलने वाले लोगों की ज़िन्दगियां नाबालिगों के हाथो में हो गई है। धनाढ्य घरों के नाबालिग बाइक से स्टंट दिखाकर किसी ने किसी को रौंदकर फरार हो जाते है। पुलिस एवं परिवहन विभाग की और से बाइक दौड़ते फिर रहे नाबालिगों और उनके अभिभावकों के खिलाफ कोई कार्रवाइ नही कर रहे हैं।

सड़क पर अक्सर नाबालिग तेज़ गति में बाइक चलाते दिखायी दे जाते है। धनवान परिवारों के नाबालिग बच्चों के हाथो में बाइक की गति इतनी अधिक होती है कि हवा की तरह आते हैं और झोंखों की तरह गुम हो जाते हैं। अत्याधिक तेज़ गति के साथ बाइक चलाकर गुज़रने वाले धनाढ्य परिवारों के यह नाबालिगों से सड़क पर चलने वाले लोग खुद ही सुरक्षित रहने के लिए रास्ता छोड़ देते हैं अन्यथा उन्हे गम्भीर रूप से घायल होने का दंड भुगतना पड़ता है। केन्द्र सरकार की और से नाबालिग के बाइक चलाने पर अभिभावक को ज़िम्मेदार ठहराने का कानून बना दिया गया है,लेकिन इसके तहत कोई कार्रवाई नही की गइ। जिससे नाबालिगों के हाथो से स्टेयरिंग नही लिया जा रहा हैं सड़कों पर स्टंट दिखाते बाइक चला रहे नाबालिग हाथों से कोई न कोई राहगीर शिकार होकर ज़िन्दगी और मौत से जूझ रहा है,परन्तु पुलिस और परिवहन विभाग तेज़ी में बाइक चलाकर ज़िन्दगियों से खेल रहे नाबालिग और उनके अभिभावकों पर कोई अंकुश नही लगा रहे हैं।

### परिवहन विभाग नहीं कर रहा कोई कार्रवाई

**सम्भल।** स्टंट कर लोगों की ज़िन्दगियों के लिए खतरा बन रहे नाबालिगों पर परिवहन विभाग का भी कोई शिकंजा नहीं है। परिवहन विभाग की उदासीनता ओर उपेक्षा से ही नाबालिग स्टंट कर कोई ने कोई दुर्घटना को अंजाम देकर फरार हो रहे हैं।



सम्भल-रमजान के पहले जुमा पर शाही जामा मस्जिद में नमाज अदा करते नमाज़ी।

## पहले जुमे को मस्जिदों में उमड़े नमाज़ी

# रोज़ा रोज़ेदारों की छतरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** रमाज़नुल मुबारक के पहले जुमे पर नमाज़ियों का मस्जिदो में हुजूम उमड़ पड़ा। दूर दराज क्षेत्रों से भारी संख्या में पहुंचे रोज़ेदारो ने ने नमाज़ अदा की। नमाज़ के बाद दुनिया में अमन व शान्ति के लिए बारगाहे तआला में दुआ के लिए हाथ उठाये।

रमज़ानुल मुबारक के पहले जुमे पर यूं तो शहर और आसपास के क्षेत्र की हर छोटी बड़ी मस्जिदो में नमाज़ अदा करायी गई,लेकिन शहर की शाही जामा मस्जिद में भारी संख्या में नगर एवं आस-पास क्षेत्रों से लोगों ने नमाज अदा की। नमाज अदा होने से पूर्व इमाम मौलाना आफताब हुसैन वारसी ने खिताब फरमाया। उन्होने रमज़ान में रोज़ की फज़ीलत ब्यां की और मुसलमानों से रोज़े का अहतराम करने का आहवान किया। इमाम साहब ने कहा कि मंज़िल पर पहुंचना तब आसान हो जाता है जब राह सीधी हो। मज़हबे इस्लाम में रोज़ा रहमत और राहत का रहबर है। रहमत से मुराद खुदा की महरबानी से है और राहत का मतलब दिल के सुकून से। खुदा की रहमत होती है तभी दिल को सुकून मिलता है। दिल के सुकून का ताअल्लुक चूंकि नेकी और नेक अमल से है। इसलिए ज़रूरी है कि इंसान नेकी के रास्ते पर चले। रोज़ा बुराईयों पर लगाम लगाता है और सीधी राह चलाता है। उन्होने कहा कि रोज़ा नेकी का छाता है जिस तरह छतरी बारिश और धूप से बचाता है। ठीक उसी तरह रोज़ेदार की हिफाज़त की गारंटी है।

# जुमे की नमाज़ के दौरान रखी गई विशेष सतर्कता

## मस्जिदों के बाहर तैनात किए गए पुलिस कर्मी

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** विगत वर्ष हुई हिंसा के बाद से पुलिस चौकी हर जुमे के दौरान बढ़ जाती है,लेकिन रमज़ान माह के पहले जुमे पर सुरक्षा और भी कड़ी रही। सुबह से ही सर्तकता बरती गई।

शुक्रवार को जुमे की नमाज के दौरान मस्जिदों से होने वाली तकरीरों तथा नमाजियों पर सतर्क दृष्टि रखी गयी। मस्जिदों के बाहर पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया साथ ही क्षेत्र में बाहरी लोगों के आवागमन पर भी नजर रखी गयी। इसके अलावा सार्वजनिक व संवेदनशील स्थानों तथा मुख्य चौराहों के अलावा अन्य स्थानों पर भी पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया था।

# ढाई बजे तक होली उसके बाद होगी जुमा की नमाज़

## होली और जुमा को लेकर जिला स्तरीय पीस कमेटी की बैठक में हुआ था निर्णय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** होली और जुमा एक साथ पड़ने पर पुलिस-प्रशासन फूंक-फूंक कर कदम रख रहा है। होली और जुमा की नमाज शांति पूर्वक सदभाव के साथ सम्पन्न हो सके इसके लिए पुलिस ने व्यवस्था बनायी है। जिसमें ढाई बजे तक होली व उसके बाद जुमा की नमाज अदा की जायेगी।

पुलिस अधीक्षक के के विशनोई ने बताया कि होली और जुमा की नमाज एक साथ पड़ने पर दोनों को ही सदभाव के साथ सम्पन्न कराने के लिए पुलिस और प्रशासन पूरी तरह तैयार है। उन्होने बताया कि जनपद स्तरीय पीस कमेटी की बैठक हुई थी जिसमें यह बात प्रकाश में आयी कि ढाई बजे तक होली का रंग खोला जायेगा उसके बाद जुमे की नमाज अदा करायी जायेगी। एसपी ने किसी तरह की अफवाहों पर ध्यान नहीं देने और पर्व को भी साम्प्रदायिक सदभाव के साथ ही मनाने का आहवान किया। उन्होने कहा कि सोशल मीडिया पर पूरी नजर रखी जायेगी। किसी तरह की अपवाह फैलाने वालों से सख्ती से निपटा जायेगा और कड़ी कार्यवाही भी अमल में लायी जायेगी। उन्होने बताया कि जुमे की नमाज के दौरान भी विशेष सर्तकता बरती गई।

# धर्म स्थल पर जाने की मांग पर अड़े परिषद के कार्यकर्ता

## प्रशासन के रोकने पर एसडीएम कार्यालय पर किया भजन कीर्तन

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** धर्म स्थल पर जाने की मांग पर अड़े अखिल भारतीय हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं को सुरक्षा व संवेदनशीलता के चलते रोक दिया गया। परिषद के कार्यकर्ताओं ने उपजिलाधिकारी कार्यालय पर हवन कर भजन कीर्तन कर ज्ञापन सौंपा।

शुक्रवार को पुलिस-प्रशासन शाही जामा मस्जिद समेत शहर की छोटी बड़ी मस्जिदों में सम्पन्न होने वाली जुमा की नमाज़ के दौरान शांति व्यवस्था में जुटा हुआ था। इसी बीच अखिल भारतीय हिंदू परिषद के कार्यकर्ता एसडीएम कार्यालय पर पहुंचे और वह धर्म स्थल पर पूजा करने का अधिकार दिये जाने की मांग करने लगे जबकि वहां हो रही नमाज का विरोध किया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि अदालत ने हमें पूजा करने की अनुमति नहीं दी है, तो उन्हें भी नमाज पढ़ने की अनुमति नहीं दी है। शुक्रवार को संभल की शाही जामा मस्जिद में नमाज अदा हुई है। उन्होंने एसडीएम को एक ज्ञापन देकर धर्म स्थल में जाकर पूजा करने की अनुमति मांगी, लेकिन प्रशासन ने मामला अदालत में विचाराधीन होने का हवाला देकर उन्हे जाने से रोक दिया। ज्ञापन देकर बाहर आए परिषद के लोग उपजिलाधिकारी कार्यालय के द्वार पर हवन करने लगे। उन्होने भजन कीर्तन किया और अगले शुक्रवार को धर्म स्थल पर पहुंचकर पूजा अर्चना करने की चेतावनी दी। सतीश अग्रवाल ने बताया कि वह दिल्ली से अपने साथियों के साथ यहां यज्ञ करने आए। हैं,लेकिन एसडीएम कार्यालय पर रोक दिया गया और फोर्स लगा दी गई। इसीलिए यही यज्ञ किया गया। उन्होने आगामी शुक्रवार को फिर आने और सीध धर्म स्थल पर जाने की भी चेतावनी दी। गोपाल दत्त शर्मा ने पूजा करने की अनुमति देने की मांग की। विजय कुमार गौतम ने कहा कि धर्म स्थल पर जाकर हवन करना था। लेकिन हमने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया है। एसडीएम वंदना मिश्रा ने बताया कि हिंदू महासभा के लोग दिल्ली से आए थे। इनका यह कहना था कि वो विवादित स्थल पर जाएंगे। वहां हवन, पूजन करेंगे लेकिन मामला न्यायालय में विचाराधीन है वहां अपना पक्ष रखने को कहा गया।



सम्भल- सैफ खां सराय में उर्स वारसिया पर कुल रस्म में दुआ कराते आफताब हुसैन वारसी।

# विद्यालय में कम उपस्थिति पर जिलाधिकारी नाराज़

## कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय के निरीक्षण में बच्चें की कम उपस्थिति पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जतायी और बच्चों के व्याकरण में गलती मिलने पर अच्छे से सिखाने के निर्देश दिए।

शुक्रवार को जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया ने बहजोई स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय पहुंचकर व्यवस्था की जांच की। निरीक्षण करते हुए जिलाधिकारी ने बच्चों के श्रुति लेख सही कहराने के निर्देश दिए जबकि मेरी त्रृटि मेरी सीख कॉपी सभी बच्चों को तैयार कराने को निर्देशित किया। इस दौरान विद्यालय में बच्चों की कम दपस्थिति पर जिलाधिकारी ने नाराज़गी प्रकट की और बच्चों के व्याकरण में गलती मिलने पर व्याकरण को अच्छे से सिखाने के निर्देश दिए। कक्षा एक एवं छह की बालिकाओं को मुख्यमंत्री कन्यिा सुमंगला योजना से शत-प्रतिशत संतृप्तिकरण कराने के निर्देश देकर विद्यालय के यौचालयों के पाइप सही कराने और सी सी टी वी कैमरे भी लगाने को निर्छेशित किया। इसके अलावा दीवारों पर प्लास्टर सही कराने और डैम प्रूफ छतें कराने व दीवारों पर पटटी कराते हुए वैदरशीट मैक्स पैंट कराने के भी निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी द्वारों पर सी सी टी वी कैमरों के साथ व्आइस रिकॉर्डर सहित लगाने और वाटर ड्रैनेज स्स्टिम के अलावा सड़क का पानी विद्यालय में भराव न हो इसके लिए मुख्य द्वारा को ऊंचा कराने को निर्देशित किया गया। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भटट,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा, व अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# महाविद्यालय को राजर्षि टंडन विश्वविद्यालय से अध्ययन केंद्र की मिली मान्यता

## यूजीसी से मान्य कोर्सों में आयु व क्लास में उपस्थिति की भी नहीं बाध्यता

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** गंगा श्योदान सिंह कन्या महाविद्यालय गुन्नौर को उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज से अध्ययन केंद्र की मान्यता मिली है। जिसके लिए जनवरी 2025 से प्रवेश सत्र प्रारंभ होने की अनुमति भी प्राप्त हो गई है।

उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज द्वारा गंगा श्योदान सिंह कन्या महाविद्यालय गुन्नौर को अध्ययन केंद्र की मान्यता प्रदान कर दी गई है। इसके लिए अध्ययन केंद्र कोड एस 2154 बनाया गया है। इस अध्ययन केंद्र पर बीए, बीएससी, एमएसडब्ल्यू, जर्नलिज्म, मेडिकल व कृषि आदि के विभिन्न डिग्री, डिप्लोमा, प्रमाण पत्र कोर्स किए जा सकेंगे। यूजीसी के मान्य नियमानुसार इन संचालित कोर्सों में आयु व क्लास में उपस्थित की भी बाध्यता नहीं होगी। गुन्नौर तहसील क्षेत्र के लोग जो नौकरी पेश,संविदा, अर्द्ध सैनिक बल, पुलिस सेवा व अन्य स्वरोजगार में लगे हैं। वह अब कोर्स कर डिग्री प्राप्त कर सकेंगे। महाविद्यालय के प्रबंधक अनुराग यादव ने बताया कि उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज से प्रभारी अध्ययन केंद्र विनोद कुमार गुप्त द्वारा अध्ययन केंद्र की स्थापना को सस्तुति पत्र प्राप्त हो चुका है।अब गुन्नौर क्षेत्र के छात्र जो रेगुलर कोर्स कर रहे हैं। वह भी अध्ययन केंद्र पर यह डिग्री डिप्लोमा प्राप्त कर सकेंगे।

# तमंचे सहित गिरफ्तार किया गया वांछित आरोपी

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** थाना हजरत नगर गढ़ी पुलिस ने अवैध शस्त्र के साथ वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त तमंचा भी बरामद किया है।

थाना क्षेत्र के ग्राम मुकर्रबपुर निवासी दीपक कुमार पुत्र श्रृषिपाल की तहरीर पपर अरूण उर्फ असद चौधरी पुत्र भूपेन्द्रं सिंह के खिलाफ गाली-गलौंच व जान से मारने की नियत से फायर करने का मुकदमा दर्ज किया गया था। थानाध्यक्ष मनोज कुमार वर्मा ने वरिष्ठ उपनिरीक्षक सुनील कुमार व उपनिरीक्षक शिव शंकर पंवार ने हमराहियों के साथ इआरोपी अरूण को जमालपुर कब्रिस्तान के पास से गिरफ्तार किया तथा उसकी निशानदेही पर घटना में इस्तेमाल 315 बोर का अवैध तमंचा भी बरामद किया है।

# ग्रामीण क्षेत्र के सभी 50 बिंदुओं का शत-प्रतिशत किया जाएं संतृप्तिकरण

## गांव चौपाल में ग्रामीणों को योजनाओं से किया गया जागरूक

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** ग्राम चौपाल गाँव की समस्या, गाँव में समाधान का आयोजन कर विभिन्न विभागों की योजनाओं स्वास्थ्य विभाग,आईसीडीएस विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग एवं अन्य विभागों द्वारा कैम्प एवं शासन की योजनाओं से संबंधित स्टाल लगाए गये।

असमोली ब्लॉक के सेवापुर पदारथपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय में आयोजित चौपाल का जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया ने विद्यालय का निरीक्षण किया और आकांक्षात्मक ब्लॉक की समीक्षा भी की। स्वस्थ्य के अन्तर्गत एएनसी, तथा आईसीडीएस के अन्तर्गत ग्राम में सैम बच्चों को पोषण पुनर्वास केन्द्र चंदौसी भिजवाने के लिए निर्देशित किया। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह के अन्तर्गत आवेदन करने को लेकर भी जागरूक किया तथा जिसको आवश्यकता है उन ग्रामीणों को कौशल विकास के अन्तर्गत प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए संबंधित को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने मेरा विद्यालय स्वच्छ विद्यालय की गतिविधि विद्यालय में रहे इसको लेकर भी निर्देशित किया। विद्यालय में बच्चे ड्रेस में आने को निर्देशित किया। ग्रामीणों को ग्राम की सफाई में योगदान के लिए अपील की तथा ग्रामीणों से कहा कि प्रत्येक ग्रामीण के घर के आगे सोख्ता हो। ग्रामीणों को वॉलियंटियर बनने के लिए प्रेरित किया। एफपीओ की ग्रामीणों को जानकारी दी तथा लोकल फॉर वोकल को भी बताया। चौपाल में जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की सभी योजनाएं सभी पात्र व्यक्ति तक पहुँचें। ग्रामीण क्षेत्र से जुड़े सभी 50 बिन्दुओं का शत प्रतिशत संतृप्ति करण किया जाए। ग्रामीणों को पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के लाभों की भी जानकारी दी। उन्होंने किलोवाट क्षमता के अनुसार कनेक्शन पर मिलने वाली सब्सिडी तथा कनेक्शन खर्चे के विषय में भी ग्रामीणों को बताया और सूर्य घर योजना के अन्तर्गत वह अपने विद्युत बिल में होने वाले खर्चे में राहत पा सकते हैं। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भटट, जिला विकास अधिकारी राम आशीष, जिला समाज कल्याण अधिकारी तिनेज कुमार, अपर जिला पंचायत राज अधिकारी सीपी सिंह एवं खंड विकास अधिकारी असमोली रिजवान हुसैन आदि मौजूद रहे।

# आप्रेशन मुस्कान में बच्ची को परिजनों को सौंपा

**सम्भल।** आपरेशन मुस्कान में शुक्रबार को थाना हयातनगर पर दो व्यक्ति विकास पुत्र अशोक, अमित पुत्र धर्मपाल सिंह निवासीगण चुंगी हयातनगर थाना हयातनगर पर एक करीब 4 साल की बच्ची को लेकर आये। दोनो व्यक्तियों ने बताया गया कि यह बच्ची बोल नही पा रही है और लावारिस अवस्था में असलमपुर लहरा कमंगर रोड पर बाग के पास घुमती मिली। उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

# कुल रस्म अदायगी के साथ मना उर्से वारसी

## देश दुनिया में अमनो-अमान की मांगी दुआ व सांय को हुआ रोज़ा इफ्तार कार्यक्रम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** पूर्व शहर इमाम शाही जामा मस्जिद के सालाना उर्स अकीदत के साथ मनाया गया,जबकि कुल रस्म अदायगी कराकर दुआ करायी गयी।

शुक्रवार को चन्दौसी मार्ग ग्राम सैफ खां सराय स्थित दरगाह दरगाह अंजुमने वारिसया पर पूर्व शहर इमाम शाही जामा मस्जिद हजरत मौलाना खुर्शीद हुसैन वारसी रह. का सालाना उर्स मुबारक अकीदत के साथ मनाया गया। उर्स कार्यक्रम का शुभारम्भ सुबह 09 बजे मुकददस किताब की तिलावत से किया गया। जबकि महफिल में नातो मनकबत पढ़ी गयी ओर सलाम पढ़ा गया। उर्स में शाही इमाम मौलाना आफताब मियां वारसी ने कुल शरीफ की रस्म अदा कराई। तत्पश्चात दरगाह पर चादर पोशी हुई ओर सभी को तबरूक बांटा गया। अंत मे दरगाह प्रबंधक मेहताब हुसैन वारसी ने सभी का आभार प्रकट किया। इस मौके पर हाफिज इंतेजार, जहीर हाफिज, शरीफ ठेकेदार, सखावत हुसैन वारसी, इजहारूल हक वारसी, हाजी रियाजुल, मिस्बाह जफर वारसी एडवोकेट, सईद अली वारसी, शाहिद हुसैन एड. आदि मोजूद रहे।

**सम्बंध-विच्छेद**

मेरा पुत्र मौ. हाशिम गलत संगत में पड़ गया है और मेरा व मेरे परिवार वालों का कहना नहीं मानता है। बात-बात पर आमादा फसाद होता है। इसलिए मैने व मेरे परिवार वालों ने मौ. हाशिम से 06 माह पूर्व अपने सभी सम्बंध विच्छेद कर लिये हैं और अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब मेरा व मेरे परिवार का मौ. हाशिम से कोई सम्बंध नहीं रहा है। मौ. हाशिम अपने अच्छे व बुरे का स्वयं जिम्मेदार होगा।

**वसीम अहमद पुत्र मौ. सलीम**
नि. मौ. डूंगर सराय निकट पुलिस चौकी पंजू सराय तह. व जिला सम्भल।



सम्भल- महिला दिवस के उपलक्ष्य में महिलाओं को प्रमाण पत्र देते जिलाधिकारी।

**कार्यालय नगर पंचायत सिरसी-जनपद सम्भल**

पत्रांक-1476/न.पं.-सिरसी/2024-25 दिनांक:- 06.03.2025

**साप्ताहिक पैंठ बाज़ार की ठेका नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत सिरसी (सम्भल) में वर्ष 2025-26 (01.04.2025 से 31.032026 तक) हेतु ठेका साप्ताहिक बाज़ार की नीलामी खुली बोली के माध्यम से दिनांक-18.03.2025 दिन मंगलवार को समय सुबह 11:00 बजे कार्यालय नगर पंचायत के सभागार कक्ष में की जायेगी। नीलामी ठेका लेने वाले व्यक्ति को ठेका साप्ताहिक पैंठ बाज़ार हेतु जमानत धनराशि अंकन-200000/- रूपये प्रकाशन की तिथि से दिनांक 17.03.2025 समय शाम 05:00 बजे तक जमा करनी होगी। नीलामी में भाग लेने हेतु ठेका साप्ताहिक बाज़ार हेतु 2000 रूप. पंजीकरण शुल्क जमा कर पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। किन्तु पंजीकरण धनराशि अंकन 2000.00 रूपये वापस नहीं होगी। जिलाधिकारी महोदय, द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण-पत्र व हैसियत प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड, बोलीदाता के 02 फोटो, किसी मुकदमें में पंजीकृत नहीं हैं व ब्लैक लिस्टिड नहीं होने का शपथ पत्र, पेनकार्ड,व बैंक पास बुक या कैंसल चैक की छायाप्रति जमा करना अनिवार्य होगा।

कार्यालय नगर पंचायत सिरसी में विस्तृत जानकारी कार्यालय दिवस में प्राप्त की जा सकती हैं।

अधिशासी अधिकारी
**नगर पंचायत सिरसी,सम्भल**

अध्यक्ष
**नगर पंचायत सिरसी,सम्भल**

# बेटा और बेटियों में अंतर विरोधी अभियान में सहयोग करेंगी महिलाएं

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में शक्ति संवाद, ''एक दिन नारी के नाम'', ''पढ़ेगी बेटी, बढ़ेगी बेटी'' एवं ''महिला बाजार'' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जबकि डीएम ने महिलाओं को प्रशस्ति पत्र और मगों का वितरण किया गया।

महिला कल्याण विभाग के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में राजमाता अहिल्याबाई होल्कर के जीवनगाथा पर आधारित एवं महिला सशक्तिकरण से सम्बन्धित प्रेरणादायक फिल्म का प्रसारण किया गया। जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया ने राजमाता अहिल्याबाई होल्कर एवं महिला सशक्तिकरण पर विस्तृत रूप से चर्चा करते हुए प्रश्न पूछे जिसका प्रतिउत्तर कार्यक्रम में उपस्थित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली बालिकाओं/महिलाओं ने दिया। कार्यक्रम में ऐंसी महिलाएं भी उपस्थित रहीं जिन्होंने स्वंय को अपने द्वारा किए गए कार्यो आदि से समाज में अपने आपको स्थापित किया है। जिलाधिकारी ने गर्भसंस्कार विषय पर महिलाओं को बताया कि शिशु की प्रथम पाठशाला गर्भशाला होती है, जिसमें शिशु अपनी मां के साथ एकांत में सम्पर्क में रहता है। गर्भसंस्कार के ऊपर लिखित पुस्तक दिव्य गर्भसंस्कार के सम्बन्ध में बताते हुए कहा कि प्रत्येक महिला को यह पुस्तक अवश्य ही पढ़नी चाहिए, जिससे गर्भ से ही शिशु को संस्कार प्रदान किए जा सके, जिससे जन्म लेने वाला शिशु संस्कारी एवं प्रतिभावान हो। जिला प्रोबेशन अधिकारी चन्द्रभूषण ने समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने वाली महिलाओं की जानकारी देते हुए कहा कि भारतीय नारी स्वंय में परिपूर्ण तथा सक्षम है और वह प्राचीन काल से ही समाज का नेतृत्व करती आयी हैं। कार्यक्रम में विभिन्न ग्राम प्रधानों के साथ संवाद किया गया और पुरूषों द्वारा सफल महिलाओं की कहानियां साझा की गयी साथ ही उपस्थित महिलाओं का आभार भी व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने प्रण लेते हुए कहा कि वे समाज में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना का प्रचार-प्रसार करते हुए योजना के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु आमजनमानस में बेटियों और बेटों में होने वाले भेदभाव का अन्त करने में सहयोग करेंगी, जिससे बेटियों को भी बेटों के समान अवसर मिल सके और वह भी अपनी प्रतिभा से अपने परिवार, समाज एवं देश का नाम रोशन कर सकें। कार्यक्रम में अभिलाषा प्रजापति, डा. रितु सक्सैना, डा. ममता राजपूत ने अपने संघर्ष एवं सफलता को लोगों के बीच साझा किया। जिलाधिकारी ने महिलाओं को प्रशस्ति-पत्र एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं योजनान्तर्गत कॉफी मग प्रदान किया।

# पुलिस ने अवैध शराब की फैक्ट्री पर छापा मारकर किया कारोबार का भांडाफोड़

**■ भारी संख्या में बनी अधबनी शराब बरामद दो गिरफ्तार, बाकी फरार**

**कांठ ( शाह टाइम्स )** बंद पड़े हिमालय मधुमक्खी फॉर्म में पुलिस ने छापा मार कर किए जा रहे अवैध शराब के कारोबार का खुलासा कर दिया जहां से अनेक उपकरणों सहित भारी मात्रा में शराब और अल्कोहल बरामद किया गया पुलिस ने दो लोगों को भी गिरफ्तार किया जबकि पांच फरार बताए जा रहे हैं। एसपी ग्रामीण कुंबर आकाश और सीओ अपेक्षा निम्बाडिया ने प्रेस वार्ता कर सिलसिलेवार घटना की जानकारी दी बताया गया कि मुजफ्फरपुर टांडा रोड स्थित बंद पड़े हिमालयन मधुमक्खी पालन फार्म में अवैध शराब का कारोबार चल रहा था सूचना मिलते ही आबकारी और पुलिस मौके पर पहुंच गए और उन्होंने वहां काम कर रहे एक व्यक्ति को हिरासत में ले लिया, मौके से पुलिस ने तीन ड्रम अल्कोहल लगभग 600 लीटर साठ जारीकेंन 25- 25 लीटर की 8 जरीकेंन 50 लीटर की एक ड्रम 200 लीटर शराब से भरा हुआ कुल 875 लीटर शराब, पांच पेटी शराब एवं 500 लीटर की टंकी में लगभग 100 लीटर शराब और 1000 लीटर की टंकी में 300 लीटर अवैध शराब सहित प्लास्टिक के पाइप गैस सिलेंडर पैकिंग मशीन शराब की बोतलों पर लगाने वाले ढक्कन आरओ फिल्टर करीब 1740 खाली बोतल प्लास्टिक की बाल्टी मग आदि बरामद कर लिया। पकड़े गए मोहित ने पुलिस को बताया कि उसके साथ उसका एक साथी सुभाष चंद्र भी है जो इस कारोबार में शामिल है सूचना पर पहुंची पुलिस ने सुभाष को भी खूटखेड़ा गांव से गिरफ्तार करते हुए 40 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद कर ली, पुलिस के मुताबिक इस कारोबार में मोहित कुमार पुत्र मंगू सिंह निवासी बरखेड़ा थाना स्योहारा, अर्पित कुमार पुत्र विजेंद्र कुमार निवासी हसनपुर बिल्लोज पोस्ट गोहाबर नूरपुर, अनुराग चौहान पुत्र सुभाष चंद्र निवासी ग्राम खूंटखेड़ा थाना कांठ जनपद मुरादाबाद, सुभाष चंद्र पुत्र गंगा प्रसाद सिंह निवासी ग्राम खूटखेड़ा थाना कांठ, मनोज कुमार चौहान पुत्र भगवान सिंह निवासी ग्राम जगपुरा हाल पता दुर्गा विहार फेस टू थाना धामपुर, हेमंत उर्फ छोटू पुत्र अरविंद निवासी गोहाबर थाना नूरपुर जिला बिजनौर और अजय सैनी पुत्र नरेश सैनी निवासी ग्राम रोशन नगर थाना नूरपुर के नाम प्रकाश में आए जिनमें मोहित निवासी बरखेड़ा थाना स्योहारा बिजनौर और सुभाष चंद्र पुत्र गंगा प्रसाद निवासी ग्राम खूटखेड़ा थाना कांठ को हिरासत में ले लिया। आज दोपहर बाद एसपी ग्रामीण कुंबर आकाश एवं सीओ अपेक्षा निंबड़िया ने थाना परिसर में प्रेस वार्ता की और पूरी घटना का खुलासा किया। अधिकारियों ने बताया कि इस शराब का इस्तेमाल होली पर किया जाना था और इससे कोई बड़ी दुर्घटना भी हो सकती थी लेकिन पुलिस की सक्रियता ने एक बहुत बड़े अवैध कारोबार का खुलासा कर लोगों को अनहोनी से बचा लिया है गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक विजेंद्र सिंह अपराध निरीक्षक रामनरेश यादव उपनिरीक्षक लईक अहमद विनीत कुमार चंद्रशेखर राकेश कुमार त्रिवेंद्र सिंह मनीष कुमार हेड कांस्टेबल मुनेंद्र सिंह अश्वनी कुमार विपिन कुमार इंद्रपाल सिंह रवि मलिक सुमंत गिरी मोनू कुमार सुनील कुमार आबकारी निरीक्षक जयप्रकाश सिंह अजय सिंह सूर्यकांत, प्रधान आरक्षी योगेश कुमार विनोद कुमार कांस्टेबल अरुण कुमार एवं एसओजी टीम शामिल रहे।



## एक नजर

### लघु उद्योग व्यापार मंडल ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सिटी मजिस्ट्रेट का किया सम्मान

**मुरादाबाद ( शाह टाइम्स ब्यूरो )।** लघु उद्योग व्यापार मंडल पंजीकृत उत्तर प्रदेश द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में ज्योति सिंह अपर जिलाधिकारी मुरादाबाद एवं किंशुक श्रीवास्तव नगर मजिस्ट्रेट



मुरादाबाद का नारी शक्ति सम्मान पत्र एवं पटका पहना कर महानगर अध्यक्ष प्रतिका अग्रवाल एवं मंजरी गोयल एवं शिवांगी नागपाल तथा ज्योति वार्ष्णेय द्वारा स्वागत किया गया साथ में प्रदेश अध्यक्ष अरुण गोयल उपाध्यक्ष विनोद वार्ष्णेय तथा पंकज नागपाल प्रतीक गोयल ने सहयोग किया, स्वागत के लिए सभी का आभार व्यक्त करते हुए अधिकारियों ने अपना सहयोग देने का हर संभव आश्वासन दिया।

### रमजान के पहले जुम्मे को लोगों ने अदा की नमाज

**कांठ ( शाह टाइम्स )** रमजान के महीने में आए पहले शुक्रवार को नमाजियों ने मस्जिदों में जाकर नमाज अदा की और समाज की खुशहाली के लिए दुआ की। इस बार मार्च का महीना रमजान को लेकर आया है जिसमें आए आज पहले शुक्रवार को लोगों ने नवाज अदा की नमाज के लिए



इंतजामियां कमेटियों ने माकूल इंतजाम किए जुम्मे की नमाज को लेकर मस्जिदों में काफी भीड़ देखने को मिली पुलिस ने भी नमाज के वक्त मस्जिदों पर अपनी सुरक्षा निगाहें बनाए रखी। कुल मिलाकर देश और समाज की खुशहाली की दुआ के साथ जुम्मे की नमाज सकुशल संपन्न हो गई।

### विधायक के प्रयास लाए रंग, हसनगढ़ी को मुख्य मार्ग से जोड़े जाने का मार्ग प्रशस्त

**कांठ ( शाह टाइम्स )** विधायक कमाल अखघ्तर के प्रयासों से विधानसभा काँठ के गाँव छोटी हसनगढ़ी को मुख्य मार्ग से जोड़े जाने का मार्ग प्रशस्त हो गया है । बतादे कि आजादी के 78 साल बाद भी दोनों गावों को अभी तक मुख्य मार्ग से नहीं जोड़ा गया था , वहाँ रह रहे लोगों को अने. कों परेशानी का सामना करना पड़ता था, लोगों को मुख्य मार्ग तक जाने के लिए बहुत समय लगता था , यह सब परेशानी को देखते हुए विधायक काँठ कमाल अखघ्तर लगातार मुख्य मार्ग से जोड़ने की माँग कर रहे थे, इस बाबत वह संबंधित विभाग के मंत्री से भी कई बार मिल चुके थे , विधायक के अथक प्रयास के बाद इस माँग को सरकार द्वारा स्वीकृति मिल गई है और जल्दी दोनों गावों हसनगढ़ी और छोटी हसनगढ़ी को मुख्य मार्ग से जोड़ा जायेगा , जिससे वहाँ की जनता को बहुत राहत मिलेगी। कमाल अखघ्तर ने कहा कि जनता का प्रतिनिधि होने के नाते यह मेरी जिम्मेदारी है अभी विधान सभा में अनेकों कार्य करने हैं बहुत से रोड बनाये जाने बाकी हैं , जिसके लिए संबंधित विभागों में बात चल रही हैं , जल्दी ही अनेकों सड़कों एवं पुल का निर्माण होता हुआ दिखाई देने वाला है।

# टीएमयू छात्राओं को सुनाई ब्रेव वूमेन्स के संघर्षों से सफलता तक की कहानी

**■ तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के फार्मेसी कॉलेज में भारत कोकिला सरोजनी नायडू, रानी लक्ष्मीबाई, डॉ. डेजी थॉमस, जैस्मिन मूसा सरीखी महिलाओं का भावपूर्ण स्मरण**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के डेंटल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर की डायरेक्टर गवर्नेंस श्रीमती नीलिमा जैन ने कहा, महिलाओं का देश के उत्थान में अतुलनीय योगदान है, लेकिन नारी के लिए सम्मान आग्रह की विषय वस्तु नही है। हम सभी अपना सर्वश्रेष्ठ दें, सर्वश्रेष्ठ करें। उन्होंने एथलीट प्रीति मंधाना, प्रथम कमांडो ट्रेनर सीमा राव सरीखी महिलाओं के संघर्षों से सफलता की कहानी छात्राओं से साझा की। श्रीमती जैन टीएमयू के फार्मेसी कॉलेज में महिला दिवस पर आयोजित सेमिनार में बतौर मुख्य अतिथि बोल रही थीं। इससे पूर्व श्रीमती जैन ने बतौर मुख्य अतिथि, नर्सिंग कॉलेज की एचओडी प्रो. विजीमोल ने बतौर मुख्य वक्ता, फार्मेसी कॉलेज के प्राचार्य प्रो अनुराग वर्मा, डॉ. आशीष सिंघई आदि ने मां सरस्वती के समक्ष द्वीप प्रज्जवलित करके सेमिनार का शुभारम्भ किया। मुख्य वक्ता प्रो. विजी मोल ने कहा, स्त्रियां ईश्वर की अद्वितीय कृति हैं, जो कोमलता का प्रतिरूप होकर भी अत्यंत सशक्त और शक्तिशाली है। उन्होंने यौन हिंसा, वैचारिक और शारीरिक हिंसा के प्रति जागरूक रहने और इनके



खिलाफ आवाज बुलंद करने पर जोर दिया। प्रो. मोल बोलीं, डॉक्सिंग महिलाओं को धमकाने की प्रक्रिया है, जिसमें वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी जाती है। उन्होंने केरल की जैस्मिन मूसा की सफलता और संघर्षों की कहानी भी बताई। फार्मेसी के प्राचार्य प्रो अनुराग वर्मा ने कहा, स्त्रियां शक्ति स्वरूपा हैं। जननायिकाएं हैं। भारत कोकिला सरोजनी नायडू, रानी लक्ष्मीबाई, मीराबाई, डॉ. डेजी थॉमस आदि का भारतीय स्वतंत्रता, राष्ट्र उत्थान और विकसित राष्ट्र की संकल्पना में अद्वितीय योगदान रहा है। भारत की संस्कृति, समाज, विज्ञान, सुरक्षा, स्वास्थ्य, उद्यमशीलता सरीखे क्षेत्रों में महिलाओं की अविस्मरणीय भूमिका है। उन्होंने महिला सशक्तिकरण के लिए लैंगिक समानता, शिक्षा मे विस्तार, आर्थिक संपुष्टिकरण और कानूनी सहयोग की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम में बी फार्मा के छात्र देवांश ने मां दुर्गा भक्ति स्त्रोत्र महिषासुर मर्दिनी पर शास्त्रीय नृत्य की प्रस्तुति देकर अतिथियों को ऊर्जान्वित कर दिया। फार्म डी की छात्रा सल्तनत ने मैं सोच भी बदल देती हूं, नजरिया भी बदल देती हूं. कविता सुनाई। बीफार्मा छात्रा रिचा ने महिला शक्ति और सशक्तिकरण पर अपने विचार रखे।

सेमिनार में डॉ. अनुराधा पंवार, प्रो. फूलचंद, प्रो. मयूर पोरवाल, डॉ. राजेश शर्मा, मिस कोमल, मिस दीक्षा आदि के संग-संग फार्मेसी के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। संचालन फार्म डी के स्टुडेंट्स- कुणाल और अंजलि ने किया।

### रेलवे प्रशिक्षण संस्थान में 1200 बेड के छात्रावास का हुआ उद्घाटन

**चन्दौसी।** क्षेत्रीय रेलवे प्रशिक्षण (जेडआरटीआई) का शताब्दी वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि के तौर पर आए उत्तर रेलवे महाप्रबंधक अशोक कुमार वर्मा ने 1200 बेड के छात्रावास समेत नव स्थापित ट्रेन इंजन आदि का उद्घाटन किया। उत्तर रेलवे महाप्रबंधक अशोक कुमार वर्मा सुबह 11:30 बजे स्पेशल ट्रेन से चन्दौसी रेलवे स्टेशन पहुंचे। स्पेशल यान से उतरकर प्लेटफार्म पर उनके स्वागत में खड़े रेल अधिकारियों से परिचय किया। इसके बाद वह क्षेत्रीय रेलवे प्रशिक्षण संस्थान पहुंचे। जहां स्काउट गाइड ने सलामी दी। छोटे बच्चों ने तिलक लगाकर और बुके भेंटकर स्वागत किया।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर हुई भाषण प्रतियोगिता

**चन्दौसी।** शुक्रवार को आर. एस. इंटर कॉलेज में 'सेल्यूट तिरंगा' के तत्वाधान में 'राष्ट्रीय महिला दिवस' की पूर्व संध्या के उपलक्ष में एक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सैल्यूट तिरंगा के जिला अध्यक्ष आकाश कुमार ने कहा कि राष्ट्रनिर्माण में महिलाओं का योगदान सबसे महत्वपूर्ण है, क्योंकि किसी भी व्यक्ति की प्रथम शिक्षक मां होती है जो एक महिला है, जो उनमें अच्छे संस्कार डालती हैं जिनको पाकर उनमें राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत होती है और जिससे वह प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से राष्ट्रनिर्माण में अपना सहयोग देते हैं, उन्हीं अच्छे संस्कारों की वजह से एक अच्छे और सभ्य समाज की कल्पना संभव हो पाती है, महिलाओं का आज के दौर में देश के प्रत्येक क्षेत्र में योगदान है। इसलिए हम सभी को उनका आदर सम्मान करना चाहिए और उनकी रक्षा करना हमारा परम कर्तव्य है। तत्पश्चात कॉलेज के प्रधानाचार्य दिनेश पाल सिंह तोमर ने महिला के सम्मान में एक मुक्तक पढ़ा: 'अबला से सावला हुई देखो नारी आज, नारी के सहयोग से समृद्ध बना समाज। कला साहित्य हर क्षेत्र में नारी ने देश का मान बढ़ाया है, देखो धरती से आकाश तक नया कीर्तिमान बनाया है।' भाषण प्रतियोगिता में कक्षा 09 की प्राची गुप्ता ने प्रथम, कक्षा 11 की शिखा ने द्वितीय और कक्षा 09 की अनुष्का ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राची गुप्ता ने पढ़ा: 'क्या हूं मैं, कौन हूं मैं, बस यही सवाल करती हूं मैं, मैं नारी हूं, लाचार हूं, बेचारी हूं, बस यही जवाब सुनती हूं मैं'। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष आकाश कुमार, कॉलेज के प्रबंधक नरेंद्र बंसल, प्रधानाचार्य दिनेश पाल सिंह, प्रवक्ता इंद्रजीत सिंह यादव, अध्यापिका श्वेता चौहान, विवेक कुमार अखिलेश श्रीवास्तव, सुरेन्द्र कुमार, भुवनेश बघेल, अरविंद पाल, वी.के. त्रिपाठी, शगुन ठाकुर आदि मौजूद रहे।

### एबीसी किड्स मांटेसरी में महिला दिवस मनाया

**चन्दौसी।** नगर के स्टेशन रोड स्थित एबीसी किड्स मांटेसरी स्कूल में आकांक्षा सोसाइटी द्वारा अंर्तराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया जिसमें महिलाओं को सम्मानित किया गया। महिला सशक्तिकरण कोर्डिनेटर संगीता भार्गव ने बताया कि दुनियाभर में हर साल 08 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। यह दिन महिलाओं के अधिकार, समानता और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के साथ किसी भी क्षेत्र में महिलाओं के साथ होने वाले भेदभाव को रोकने के उद्देश्य से मनाया जाता है। उन्होंने ये भी बताया कि पहले से आज की महिलाओं ने समाज में काफी हद तक अपनी जगह बना ली मगर तीस साल पीछे की बात की जाए तो महिलाओं को खुद के अधिकारों और अस्तित्व के लिए समाज से लड़ना पड़ता था। आज आकांक्षा सोसाइटी की तरफ से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर उन महिलाओं को बुलाया जो आज भी समाज से लड़कर आगे बढ़ रही है। जिला प्रोबेशन अधिकारी चन्द्रभूषण एवं वशिष्ठ संरक्षण अधिकारी एकांशु वशिष्ठ द्वारा शाल और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में नेहा, शालू, निशा, प्रिया, सोनम, काजल, सिल्की, नीरज, शिल्पा, पारुल, स्वेता, सिल्की, लक्षिता, हुमा, सोनाली, स्वेता, दीक्षा, दीपा, दिया, अर्शी, रक्षा, आयुषी, दिया, मीनू, इशिता, याशी, रूपाली, संतोष आदि मौजूद रहीं।

**न्यायालय श्रीमान अपर सिविल जज ( जू०डि० ) न्यू कोर्ट नं०3 महोदय, जनपद-मुरादाबाद।**
**मुकदमा संख्या :** 803 सन् 2023
**तारीख पेशी:** 11.03.2025
**संजय कुमार बनाम सुमन खन्ना आदि।**
**बनाम**

1. सुमन खन्ना पत्नी विनोद कुमार खन्ना निवासी नोदी एक्सपोर्ट देहली रोड होटल पंचाल के पास मुरादाबाद।
2. सुधा खन्ना पत्नी प्रमोद कुमार खन्ना निवासी नोदी एक्सपोर्ट होटल पंचाल के पास मुरादाबाद।
3. ऋतु खन्ना पत्नी सुबोध कुमार खन्ना निवासी नोदी एक्सपोर्ट देहली रोड होटल पंचाल के पास मुरादाबाद।

चूंकि उपरिनामांकित **वादी** के इस न्यायालय में यह आवेदन किया जाता है कि स्थायी निषेधाज्ञा अतएव आपको एतद्द्वारा दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संर्दिशत करने के लिये 2025 के माह 03 के दिवस 11 को 10 बजे पूर्वान्ह अथवा बंधक रूपये अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2025 के माह 03 के दिवस 07 को निकाली गयी है।

**अहलमद**
**अपर सिविल जज ( जू०डि० )**
**न्यू कोर्ट नं०-3, मुरादाबाद।**

**न्यायालय श्रीमान अपर सिविल जज ( जू०डि० ) न्यू कोर्ट नं०3 महोदय, जनपद-मुरादाबाद।**
**मुकदमा संख्या :** 793 सन् 2023
**तारीख पेशी:** 11.03.2025
**विन्दु देवी बनाम सुमन खन्ना आदि।**
**बनाम**

1. सुमन खन्ना पत्नी विनोद कुमार खन्ना निवासी नोदी एक्सपोर्ट देहली रोड होटल पंचाल के पास मुरादाबाद।
2. सुधा खन्ना पत्नी प्रमोद कुमार खन्ना निवासी नोदी एक्सपोर्ट होटल पंचाल के पास मुरादाबाद।
3. ऋतु खन्ना पत्नी सुबोध कुमार खन्ना निवासी नोदी एक्सपोर्ट देहली रोड होटल पंचाल के पास मुरादाबाद।

चूंकि उपरिनामांकित **वादनी** के इस न्यायालय में यह आवेदन किया जाता है कि स्थायी निषेधाज्ञा अतएव आपको एतद्द्वारा दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संर्दिशत करने के लिये 2025 के माह 03 के दिवस 11 को 10 बजे पूर्वान्ह अथवा बंधक रूपये अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2025 के माह 03 के दिवस 07 को निकाली गयी है।

**अहलमद**
**अपर सिविल जज ( जू०डि० )**
**न्यू कोर्ट नं०-3, मुरादाबाद।**

# आईटीसी ने किया टिमिट के एमबीए के विद्यार्थी का शानदार पैकेज पर चयन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** टिमिट में फाईनल ईयर के एमबीए विद्यार्थियों के लिये देश की बहुप्रतिष्ठित एफएमसीजी कम्पनी आईटीसी ने रिक्रूटमेंट ड्राइव का आयोजन किया। कम्पनी की ओर से सीनियर एचआर मैनेजर व टीम ने कम्पनी व जॉब के बारे में सम्पूर्ण जानकारी वर्चुअल प्रेजेन्टेशन के माध्यम से दी और विद्यार्थियों की जॉब सम्बन्धित जिज्ञासाओं का समाधान दिया। सभी विद्यार्थियों के सेल्स ऐप्टीट्यूड व पर्सनल इन्टरव्यू लिये गये। सभी कठिन चयन प्रक्रियाओं के बाद टिमिट के एमबीए के छात्र पुलकित कुमार को अंतिम रूप से चयनित कर ज्वाइनिंग प्रदान की गायी पुलकित कुमार ने इस उपलब्धि का श्रेय टिगिट के सवोत्तम स्लेक्स, प्रैक्टिकल ज्ञानपरख शिक्षा व सवोत्तम फेकल्टिज के साथ प्लेसमेंट सेल की किया उत्तम प्रणाली को प्रदान किया और कहा कि टिमिट से एमबीए करने के साथ उनके सपनों की मंजिल मिल गई है इस अवसर पर टिमिट के डीन प्रो. विपिन जैन ने छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि हमारे छात्रों की सफलता हमारी सबसे बड़ी उपलब्धि है। टिमिट में हम छात्रों को केवल शैक्षणिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि व्यावहारिक अनुभव और उद्योग की आवश्यकताओं के अनुसार कौशल भी प्रदान करते हैं एमबीए जैसे पाठ्यक्रमों में आपने जो मेहनत की है, उसका परिणाम आज आपके सफल करियर के रूप में सामने है। टिमिट परिवार की ओर से आपको ढेरों शुभकामनाएं और भविष्य के लिए हार्दिक बधाई। इस अवसर पर टिमिट कार्पोरेट रिसोर्स सेन्टर के असि० डायरेक्टर आकाश भटनागर और टीएमयू कार्पोरेट रिसोर्स सेन्टर के जॉइंट डायरेक्टर श्री सिद्धार्थ सिंह ने चयन प्रक्रिया में शामिल आईटीसी कंपनी के अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने चयनित छात्र को बधाई देते हुए कहा कि टिमिट हमेशा अपने छात्रों को उद्योग की मांगों के अनुसार प्रशिक्षित करने में अग्रणी रहा है। उन्होंने छात्रों को प्रेरित किया कि वे अपने कार्यस्थल पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करें और अपने संस्थान का नाम रोशन करें।



पुलकित कुमार

**न्यायालय श्रीमान अपर सिविल जज ( जू०डि० ) न्यू कोर्ट नं०3 महोदय, जनपद-मुरादाबाद।**
**मुकदमा संख्या :** 794 सन् 2023
**तारीख पेशी:** 11.03.2025
**रजनी शर्मा बनाम सुमन खन्ना आदि।**
**बनाम**

1. सुमन खन्ना पत्नी विनोद कुमार खन्ना निवासी नोदी एक्सपोर्ट देहली रोड होटल पंचाल के पास मुरादाबाद।
2. सुधा खन्ना पत्नी प्रमोद कुमार खन्ना निवासी नोदी एक्सपोर्ट होटल पंचाल के पास मुरादाबाद।
3. ऋतु खन्ना पत्नी सुबोध कुमार खन्ना निवासी नोदी एक्सपोर्ट देहली रोड होटल पंचाल के पास मुरादाबाद।

चूंकि उपरिनामांकित **वादनी** के इस न्यायालय में यह आवेदन किया जाता है कि स्थायी निषेधाज्ञा अतएव आपको एतद्द्वारा दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संर्दिशत करने के लिये 2025 के माह 03 के दिवस 11 को 10 बजे पूर्वान्ह अथवा बंधक रूपये अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2025 के माह 03 के दिवस 07 को निकाली गयी है।

**अहलमद**
**अपर सिविल जज ( जू०डि० )**
**न्यू कोर्ट नं०-3, मुरादाबाद।**

**न्यायालय श्रीमान अपर सिविल जज ( जू०डि० ) न्यू कोर्ट नं०3 महोदय, जनपद-मुरादाबाद।**
**मुकदमा संख्या :** 804 सन् 2023
**तारीख पेशी:** 11.03.2025
**राजेश कुमार बनाम सुमन खन्ना आदि।**
**बनाम**

1. सुमन खन्ना पत्नी विनोद कुमार खन्ना निवासी नोदी एक्सपोर्ट देहली रोड होटल पंचाल के पास मुरादाबाद।
2. सुधा खन्ना पत्नी प्रमोद कुमार खन्ना निवासी नोदी एक्सपोर्ट होटल पंचाल के पास मुरादाबाद।
3. ऋतु खन्ना पत्नी सुबोध कुमार खन्ना निवासी नोदी एक्सपोर्ट देहली रोड होटल पंचाल के पास मुरादाबाद।

चूंकि उपरिनामांकित **वादी** के इस न्यायालय में यह आवेदन किया जाता है कि स्थायी निषेधाज्ञा अतएव आपको एतद्द्वारा दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संर्दिशत करने के लिये 2025 के माह 03 के दिवस 11 को 10 बजे पूर्वान्ह अथवा बंधक रूपये अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2025 के माह 03 के दिवस 07 को निकाली गयी है।

**अहलमद**
**अपर सिविल जज ( जू०डि० )**
**न्यू कोर्ट नं०-3, मुरादाबाद।**

# प्राथमिक विद्यालय सलेमपुर द्वितीय में कार्यक्रम के दौरान बच्चों को किया सम्मानित

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** प्राथमिक विद्यालय सलेमपुर द्वितीय में प्रभारी प्रधानाध्यापिका प्रियंका चौधरी की अध्यक्षता में आउट ऑफ स्कूल बच्चों को प्रोत्साहित करने हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि ए आर पी गौतम सिंह, नफीस अहमद और एसएमसी अध्यक्ष मोहम्मद सलमान रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर सरस्वती वंदना के साथ किया शिक्षिका पारूल चौधरी एवं आसमा के सहयोग से आउट ऑफ स्कूल छात्रों की भाषा एवं गणित विषय की समझ को विक. सित करने के उद्देश्य से वर्कशीट कराई गई जिसका सपोर्टिव सुपरवि. जन अतिथि ए आर पी गौतम सिंह के द्वारा किया गया, छात्रों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, देश भक्ति प्रस्तुति दी गई।

अतिथि गौतम सिंह के द्वारा विद्यालय द्वारा ड्रॉप आउट छात्रों हेतु किए जा रहे प्रयास की सराहना की गई। अंत में अतिथि गौतम सिंह एवं प्रभारी प्रधानाध्यापिका प्रियंका चौधरी के द्वारा छात्रों को पुरस्कृत किया गया कार्यक्रम में शिक्षिका पारुल चौधरी एवं आसमा के कार्य की सराहना की गई। प्रभारी प्रधानाध्यापिका प्रियंका चौधरी के द्वारा मुख्य अतिथि गौतम सिंह,



नफीस अहमद (अभिभावक)एवं एसएमसी अध्यक्ष मोहम्मद सलमान का आभार ब्यक्त किया गया। इस अवसर पर आंगनवाड़ी ज्योति सरन, सुषमा, मधुबाला,एवं आयशा परवीन आदि उपस्थित रहे।

## कार्यालय ग्राम पंचायत सेहल
### विकास खण्ड-भगतपुर टाण्डा ( मुरादाबाद )।

पत्रांक: मीमो /मनरेगा/ग्राम पंचायत/निविदा/2024-25 दिनांक: 07.03.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत सेहल विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा (मुरादाबाद) की आयोजित बैठक दिनांक 02.10.2023 में पारित कार्य योजना के सापेक्ष मनरेगा योजनान्तर्गत में निम्न कार्य इस ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। इच्छुक पंजीकृत आपूर्तिकर्ता/ठेकेदार दिनांक: 22.03.2025 को 12. 30 बजे तक अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/व्यापार कर के विभाग में पंजीकरण प्रमाण पत्र की छायाप्रति के तथा हैसियत प्रमाण पत्रों सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ/एफडीआर आदि संलग्न करते हुए अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते है। निविदाएं स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को निहित होगा। निविदाएं ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 22.03. 2025 की अपरान्ह 3.30 बजे खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य तथा स्थल का नाम | कार्य की ल० मी० में | अनुमानित लागत | निविदा मूल्य | जमानत धनराशि | कार्य पूर्ण कराने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नहर से भूरा के मकान तक नाली/इण्टरलॉकिंग कार्य। | 130 मी0 | 833722/- | 1000 | 2% | 3 माह |

**प्रतिबंध/शर्तें:**-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**सचिव/ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत सेहल**
**विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा, मुरादाबाद**

# रमजान के पहले जुम्मे की नमाज अदा करने को मस्जिदों में उमड़े नमाजी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** माहे रमजान के पहले जुमे की नमाज अदा की गई। नगर की तमाम मस्जिदो में जुमे की नमाज अदा करने के लिए नमाजियों की भीड़ उमड़ पड़ी माहे रमजान पहला जुमा आया, जिससे अकीदतम. दों में अधिक उत्साह नजर आया। जुमे की नमाज के लिए मस्जिदों में विशेष प्रबंध किए गए। मस्जिद के इमामो ने खुतबे में रोजों की अहमियत के बारे में बताया ओर रोजे और नमाज की फजीलत पर तकरीर की।जुमे की नमाज को लेकर सुबह से ही लोग तैयारी में जुट गए थे। अजान सुनते ही लोग नमाज अदा करने के लिए मस्जिदों की ओर चल पड़े। मस्जिद नमाजियों से खचाखच भरी नजर आई रमजान के पहले जुमे को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखा गया। मस्जिद में नमाज से पहले तकरीर में कहा कि रोजा रखने से हमारी सहनशक्ति और आत्मशक्ति बढ़ती है। हम इच्छाओं पर काबू भी रखते हैं। अपने भीतर की बुराइयों को भी हमें त्यागना चाहिए और खुदा के बताए रास्ते पर चलना चाहिए। ने कुतबे में रमजान की फजीलत बयान की। कहा कि यह पहला अशरा है और रहमत का अशरा है। जब रमजान शुरू होता है तो अल्लाह की तरफ से निदा दी जाती है ऐ शख्स अल्लाह के पास आ जा। कहा कि मुसलमान इस्लाम के बताए हुए रास्ते पर चलें। उनकी तमाम मुसीबतें दूर हो जाएंगी। रमजान के रोजे रखना हर आकिल और बालिग पर फर्ज हैं। अगर एक रोजा भी बिना किसी परेशानी के छोड़ा जाए तो तमाम जिंदगी रोजे रखने से उसका बदला पूरा नहीं किया जा सकता। सिर्फ भूखा-प्यासा रहना ही रोजे का मकसद नहीं है। फज्र-ए- सादिक से गुरुब-ए- आफताब तक इबादत की नीयत से अल्लाह के लिए खाना, पीना से बाज आना रोजा है। झूठ, बुराई, चुगलखोरी समेत अन्य गुनाह, बुराइयों से अपने को बचाना, यह रोजे की रूह हैं वही जामा मस्जिद मरकज कुरैशियान में नमाज 2 बजे अदा कि गई नमाज मौलाना सुऐब हुसैन नदवी न कहा रमजान का महीना शुरू होते ही अल्लाह पाक नेकियों का भी 70 दर्जे बढ़ा देता है इस महीने में हमें चाहिए कि नमाज रोजे कि पाबंदी करनी चाहिए और गुनाहों का भी यही दर्जा है यदि गुनाह करने वाले को भी 70 दर्जे गुनाह मिलेगा हमे आपस में प्यार मोहब्बत से रहने चाहिए नफरतों को भुलाकर आपसी रिश्तों को मजबूत करें अल्लाह दुआ करे रहमत बरकत का यह महीना है। वही बाद ए नमाज मुल्क हिंदुस्तान के चेन अमन के लिया दुआ की।

## भारतीय किसान यूनियन ( अराजनीतिक ) के नेतृत्व में दो सूत्रीय ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा

**ठाकुरद्वारा।** भारतीय किसान अराजनैतिक के अध्यक्ष के नेतृत्व ब्लॉक सभागार में बैठक आयोजित कर दो सूत्रीय ज्ञापन उपजिलाधिकारी सम्बोधित तहसीलदार को सौंपौ नगर में भारतीय किसान यूनियन( अराजनैतिक) के अध्यक्ष बलराम सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ता एकत्र होकर ब्लॉक सभागार मे बैठक का आयोजन किया गया जिसमें दो सूत्रय ज्ञापन उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह को सम्बोधित करते हुए तहसीलदार भूपाल सिंह को सौंपा जिससे मांग की है। ठाकुरद्वारा से सुरजननगर तक कि सड़क के गड्ढे की मरम्मत कराई जाए। मडैय्या पानुवाला में प्राथमिक विद्यालय से श्मशान तक खड़ंजा निर्माण कार्य कराए जाने की मांग की वही संतोष देवी के मकान से चामुण्डा देवी के स्थान तक खड़ंजा निर्माण के कराये जाने की मांग की है।

ज्ञापन देने में अंजुम जहाँ, चाँदनी खातून, दिलशाद ,जहागीर सैफी, जाकिर, दर्शन लाल, सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# रासेयो के अन्तिम दिन दिलाई दहेज प्रथा व नशा मुक्त रहने की शपथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** गांधी स्मारक डिग्री कॉलेज में एनएसएस द्वितीय यूनिट के सात दिवसीय शिविर का समापन समारोह सम्पन्न हुआ। समापन समारोह में दहेज मुक्त भारत प्रतिज्ञा कार्यक्रम का आयोजन हुआ,। दहेज मुक्त प्रतिज्ञा की शपथ अनुज सिंह के द्वारा दिलाई गयी, समापन समारोह में नशामुक्त भारत की प्रतिज्ञा की शपथ डॉ० विजय बहादुर यादव के द्वारा दिलाई गयी। कार्यक्रम के अन्त में महात्मा ज्योतिबाफुले रूहेलखण्ड विश्व. विद्यालय, बरेली के द्वारा पुस्तक पाठन कार्यक्रम में एनएसएस स्वयं सेवकों व कॉलेज के छात्रध्छात्राओं ने डॉ० अमर प्रताप कनौजिया के नेतृत्व में महाविद्यालय परिसर में स्थित चौधरी खूब सिंह पुस्तकालय में पुस्तक पाठन किया। समापन




समारोह के मुख्य अतिथि कॉलेज के प्राचार्य डॉ० भूपेन्द्र सिंह ने छात्र/छात्राओं को दहेज व नशा मुक्त भारत के प्रति जागरूक किया तथा समापन कार्यक्रम का संचालन डॉ० देवन्द्र प्रकाश एनएसएस द्वितीय यूनिट के प्रभारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में एनएसएस प्रथम व तृतीय यूनिट के प्रभारी कुलदीप व्यास व डॉ० सत्यप्रकाश शर्मा का भी सहयोग रहा। कार्यक्रम में डॉ० ब्रजेश कुमार सिंह, डॉ० ओमप्रक. ाश, डॉ० सुदामा चौहान, रवि जायसवाल, डॉ० अरविन्द कुमार, डॉ० संजय कुमार, डॉ० अरूण कुमार यादव एवं महाविद्यालय के छात्रध्छात्राएँ दीपशिखा, मंतशा लवली रानी, शिवानी चौधरी, मेघा रानी, लवी यादव, आकाँक्षा आदि भी उपस्थित रही है।

# कुढ़फतेहगढ़ पीएचसी को सीएचसी बनाने की ग्रामीणों ने उठाई मांग

## घायलों का मेडिकल कराने के लिए जाना पड़ता है नरौली, कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र में ग्रामीणों को नहीं मिल पाती स्वास्थ्य सेवाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा सेवाओं की स्थिति आज भी चिंताजनक बनी हुई है। शहरी क्षेत्रों की तुलना में ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता और गुणवत्ता में कई चुनौतियां हैं जबकि सरकार और विभिन्न संगठनों ने इस समस्या को दूर करने के लिए कई प्रयास किए हैं, फिर भी स्वास्थ्य सेवाओं की कमी और दूर-दराज के इलाकों में चिकित्सकों की उपलब्धता बड़ी समस्या बनी हुई है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की सबसे बड़ी समस्या यह है कि यहां अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों की कमी है। जहां कुछ स्वास्थ्य केंद्र मौजूद हैं, वहां भी चिकित्सकों और विशेषज्ञों की कमी है। इसके अलावा, स्वास्थ्य सेवाओं के लिए पर्याप्त उपकरण और दवाइयां भी नहीं मिल पातीं। कई बार मरीजों को इलाज के लिए दूर-दराज के शहरों में जाने की आवश्यकता होती है, जो न केवल समय और पैसे की बर्बादी होती है, बल्कि कई बार गंभीर स्थिति में समय पर इलाज भी नहीं मिल पाता है।तहसील चंदौसी के अंतर्गत थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र में संयुक्त चिकित्सालय नहीं होने के कारण क्षेत्रवासियों को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ता है। क्षेत्र में सीएचसी न होने से बीमार होने पर ग्रामीणों को कुढफतेहगढ़ से 22 किलोमीटर दूर नरौली उपचार के लिए जाना पड़ता है। बता दें कि कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र में स्थित पीएचसी कुढ, रीठ, बेरनी का संचालन संयुक्त चिकित्सालय नरौली से होता है। कुढफतेहगढ़ से संयुक्त चिकित्सालय नरौली की दूरी 22 किमी. तथा सम्भल जिले के सीमांत गाँव बहोरनपुर, धनुपुरा से नरौली की दूरी 30 किलोमीटर होने से एंबुलेंस भी आधा घंटे से एक घंटे में पहुंचती है जिससे रोगी को समय पर उपचार नहीं मिल पाता है। इसलिए कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुढफतेहगढ़, बेरनी व रीठ को मिलाकर कुढफतेहगढ़ की पीएचसी को सीएचसी बनाकर संयुक्त चिकित्सालय की सुविधाएं उपलब्ध कराकर एक एमबीबीएस चिकित्सक की तैनाती कर दी जाऐं और एक एंबुलेंस को कुढफतेहगढ़ में ही हर समय तैयार रखा जाए तो देहात क्षेत्र के लोगों को काफी सहूलियत मिलेगी।यहां बताते चलें कि कुढफतेहगढ़ पीएचसी तीनों पीएचसी रीठ, बेरनी व कुढ का केंद्र बिंदु है। कुढफतेहगढ़ पीएचसी से थाने की दूरी मात्र 100 मीटर है तथा कुढफतेहगढ़ में रोड के दोनों और दुक. ानें हैं तथा रोड पर पूरा मार्केट रहता है। कुढफतेहगढ़ में थाना, बैंक, डाकघर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, इंटर कॉलेज व साप्ताहिक बाजार होने से क्षेत्र के लोगों का कुढफतेहगढ़ में प्रतिदिन आवागमन बना रहता है। इसलिए कुढफतेहगढ़ की पीएचसी को सीएचसी में तब्दील कर दिया जाए तो क्षेत्रवासियों को समय पर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सकेगा। साथ ही कुढफतेहगढ़ में थाना होने से आए दिन मारपीट व झगड़े के मामले आते रहते है। तीनों पीएचसी में आने वाले गांव रीठ, जहांगीरपुर, मुमरेजपुर, बहोरनपुर, टोडरपुर, गुरसरी, धर्मपुर रत्ता, मल्हपुर भवानी, ढडौला, गुरगांव, बेरनी, रतनपुर, राजथल, मैंथरा, जगद. ीशपुरी, बवनपुरी, कोकावास, नवादा, मोहम्मद नगर कस्बा, गनेशपुर, नगला पूर्वा, आलमपुर कुदैया, बेहटा खास, खुशहालपुर, लखनेटा, लच्छमपुर, सराय ज्वालापुरी, सोतीपुरा, बौंडा फिरोजपुर, मिठनपुर मौजा, काजीवाला, खनुपुरा, कुढफतेहगढ़, दियौरा खास, पैगारफातपुर, मैनपुरी, बिचौटा काजी, मिलक, धूमनगर, गंदूपुरा, फैजुल्लापुर, नानकबाडी, छाबड़ा, भगतपुर, पहेली, शहबाजपुर, चंडरौआ, धनुपुरा, हुला. सनगर, खबरिया, गुलडिया, दंबूनगला, बलकरनपुर, मुडिया खेड़ा, दारनी, अटबा, धर्मपुर कुइआ, लालपुर, चौंचुरी, पल्था मिठनपुर, कंथरी, खटैटा, फतेहपुर डाल, भगतपुर, मिर्जा, बाबेपुर आदि है।

## आग की लपटों से खेत में लगी आग, दस बीघा गन्ना जलकर हुआ राख

**डिलारी।** थाना क्षेत्र के गांव महेशपुर निवासी किसान जितेंद्र अपने खाली पड़े गन्ने के खेत में पाती में आग लग रहा था,तभी आग की तेज चिंगारी गन्ने के पड़ोसी खेत में जा पहुंची, देखते ही देखते आग ने समूचा खेत अपनी चपेट में ले लिया जिससे किसान राम अवतार का नौ बीघा गन्ना जलकर राख बन गया, आग की तेज लपटे उठती देख ग्रामीणो ने घटना स्थल पर पहुंचकर पंपिंग इंजन चलकर बड़ी मुश्किल से आग पर काबू किया, जिससे कई लोगों के आग बुझाने में हाथ और पांव झुलस गए ,मामले को लेकर पंचायत बैठी ,गण माननीय व्यक्तियों ने दोनों भाइयों में बिना कानूनी कार्यवाही के समझौता करा दिया।

## नाबालिग से दुष्कर्म के दो और आरोपियों को भेजा जेल

**भगतपुर।** थाना क्षेत्र मे 14 वर्षिय ना बालिग लड़की की चाची की शिकायत के अनुसार उसकी भतीजी 2 जनवरी को घर से बाहर कपड़े सिलवाने के लिये बाजार गयी थी। आरोप है कि इसी दौरान चार युवकों ने उसे जबरन कार में खींच कर बैठा लिया। और नशीला पदार्थ सुंघा कर उसको अपनें साथ ले गए।लड़की को जब होश आया तो उसनें खुद को बंद कमरे में पाया। बताया जाता है फिर उसके बाद आरोपी बारी बारी उसके साथ गैंगरेप करते रहे। मौका पाकर लड़की भाग कर जब अपनें घर पहुंचीं तो युवती ने परिजनो को आप बीती बताई और थाने जाकर पुलिस में शिकायत की जिसके आधार पर पुलिस ने कार्यबाही करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया था बाकी अन्य आरोपियों की पुलिस तलाश कर रही थी जिसके चलते शुक्रवार दोपहर को पुलिस ने दो और आरोपियों को अपनीं हिरासत में लेकर जेल भेज दिया है। थाना अध्यक्ष भगतपुर संजय कुमार पंचाल ने बताया कि, जल्द ही चोथे आरोपी को भी गिरफ्तार किया जाएगा।

**न्यायालय श्रीमान अपर सिविल जज ( जू०डि० ) न्यू कोर्ट नं०3 महोदय, जनपद-मुरादाबाद।**
**मुकदमा संख्या :** 797 सन् 2023
**तारीख पेशी:** 11.03.2025
**रामबहादुर बनाम सुमन खन्ना आदि**
**बनाम**
1. सुमन खन्ना पत्नी विनोद कुमार खन्ना निवासी नोदी एक्सपोर्ट देहली रोड होटल पंचाल के पास मुरादाबाद।
2. सुधा खन्ना पत्नी प्रमोद कुमार खन्ना निवासी नोदी एक्सपोर्ट होटल पंचाल के पास मुरादाबाद।
3. ऋतु खन्ना पत्नी सुबोध कुमार खन्ना निवासी नोदी एक्सपोर्ट देहली रोड होटल पंचाल के पास मुरादाबाद।

चूंकि उपरिनामांकित **वादी** के इस न्यायालय में यह आवेदन किया जाता है कि स्थायी निषेधाज्ञा अतएव आपको एतद्द्वारा दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संर्दिशत करने के लिये 2025 के माह 03 के दिवस 11 को 10 बजे पूर्वान्ह अथवा बंधक रूपये अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2025 के माह 03 के दिवस 07 को निकाली गयी है।

**अहलमद**
**अपर सिविल जज ( जू०डि० ) न्यू कोर्ट नं०-3, मुरादाबाद।**

**न्यायालय श्रीमान अपर सिविल जज ( जू०डि० ) न्यू कोर्ट नं०3 महोदय, जनपद-मुरादाबाद।**
**मुकदमा संख्या :** 800 सन् 2023
**तारीख पेशी:** 11.03.2025
**राजकुमार त्यागी बनाम सुमन खन्ना आदि**
**बनाम**
1. सुमन खन्ना पत्नी विनोद कुमार खन्ना निवासी नोदी एक्सपोर्ट देहली रोड होटल पंचाल के पास मुरादाबाद।
2. सुधा खन्ना पत्नी प्रमोद कुमार खन्ना निवासी नोदी एक्सपोर्ट होटल पंचाल के पास मुरादाबाद।
3. ऋतु खन्ना पत्नी सुबोध कुमार खन्ना निवासी नोदी एक्सपोर्ट देहली रोड होटल पंचाल के पास मुरादाबाद।

चूंकि उपरिनामांकित **वादी** के इस न्यायालय में यह आवेदन किया जाता है कि स्थायी निषेधाज्ञा अतएव आपको एतद्द्वारा दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संर्दिशत करने के लिये 2025 के माह 03 के दिवस 11 को 10 बजे पूर्वान्ह अथवा बंधक रूपये अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2025 के माह 03 के दिवस 07 को निकाली गयी है।

**अहलमद**
**अपर सिविल जज ( जू०डि० ) न्यू कोर्ट नं०-3, मुरादाबाद।**

# बिलारी उपजिलाधिकारी विनय सिंह बने शिक्षक

## बालिकाओं को कई विषयों की विषय वस्तु को बताया गया बालिकाओं से पूछताछ की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में कस्तूरबा आवासीय विद्यालय कुंदरकी का संयुक्त टीम द्वारा निरीक्षण किया गया संयुक्त टीम में उप जिलाधिकारी बिलारी विनय सिंह ,अनामिका परियोजना अधिकारी डूडा एवं त्रिलो. की नाथ खण्ड शिक्षा अधिकारी कुंद. रकी द्वारा किया गया जिसमें उप जिलाधिकारी विनय सिंह स्वयं निरीक्षण के दौरान शिक्षक बने और बालिकाओं को कई विषयों की विषय वस्तु को बताया गया बालिकाओं से पूछताछ की गई उन्होंने सभी व्यवस्थाएं अच्छी बताई गई उप जिलाधिकारी द्वारा डिजिटल लाइब्रेरी का भी अवलोकन किया गया जिसकी काफी प्रशंसा की गई कस्तूरबा आवासीय विद्यालय में सभी शौचालय की साफ सफाई पाई गई साथ ही साथ रसोई घर एवं कंप्यूटर रूम एवं शयन कक्ष का गहन निरीक्षण किया गया सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त पायी गई इस दौरान कस्तूरबा आवासीय विद्यालय की इंचार्ज वार्डन रूही नाज एवं अन्य समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।



## खोया-पाया सूचना

आम जनता को सूचित करता हूं कि अनिल कुमार धवन के नाम की संपत्ति स्थित लकड़ी फाजलपुर माया नगर सहकारी आवास समिति मुरादाबाद की चैन से संबंधित मूल विक्रय पत्र संख्या 2834 दिनाक 23/03/2005 जो दीपिका अग्रवाल के नाम है तथा विक्रय पत्र संख्या 13464 दिनांक 30/10/07 जो पारुल जैन के नाम है। ये दोनों मूल विक्रय पत्र कहीं गुम हो गए है। भविष्य में इन कागजात का दुरुपयोग ना हो क्यूंकि यह संपत्ति यस बैंक मैं बंधक हो रही है। इसलिए सभी को सूचित किया जा रहा है कि किसी व्यक्ति, बैंक, वित्तीय संस्था आदि को यदि आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की दिनांक से 07 दिन के अंदर मेरे समक्ष प्रस्तुत करें।

**आशुतोष त्यागी एडवोकेट**
**चेंबर नंबर 19 मुरादाबाद**
**मोबाइल नंबर 9456030419**

# मंडी समिति में अवैध कब्जे को लेकर व्यापारियों की हड़ताल

**मुरादाबाद।** जिला प्रशासन द्वारा मंडी समिति में अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ नोटिस जारी किए जाने के बाद मंडी के फल और सब्जी व्यापारियों में नारा. जगी फैल गई। विरोधस्वरूप व्यापारियों ने एक दिन की हड़ताल कर दी। रमजान और होली जैसे महत्वपूर्ण त्योहारों के समय मंडी बंद होने से प्रशासन में हड़कंप मच गया।स्थिति को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन ने मंडी सचिव महादेवी को मौके पर भेजा, जहां उन्होंने व्यापारियों से बातचीत की और उनकी मांगों पर सकारात्मक रुख दिखाया। मंडी सचिव ने आश्वा. सन दिया कि फिलहाल किसी भी दुकान को नहीं तोड़ा जाएगा और प्रशासन व्यापारियों के साथ मिलकर बैठक कर समाधान निकालेगा।मंडी सचिव ने यह भी स्पष्ट किया कि मंडी की जर्जर दुकानों को ठीक किया जाएगा और नई दुकानों का भी निर्माण होगा। जिन व्यापारियों को नोटिस जारी किया गया है, उन्हें जल्द ही नई दुकानों में शिफ्ट कराया जाएगा। साथ ही व्यापारियों को यह भी समझाया गया कि सड़क पर अवैध कब्जा करना उचित नहीं है, क्योंकि इससे यातायात व्यवस्था बाधित होती है और मंडी की व्यवस्था बिगड़ती है।




**उत्तर रेलवे**

निविदा सूचना

ई-प्रोक्योरमेंट प्रणाली के माध्यम से निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मण्डल सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद- 244001 द्वारा निविदाकर्ताओं से निम्नलिखित मद के लिए इलेक्ट्रोनिक निविदा प्रणाली के अर्न्तगत भण्डार की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | निविदा सं. | माल का विवरण | मात्रा | बयाना राशि रु. | अनुमानित मूल्य रु. | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 97255085 | सहायक उपकरण के साथ हाइड्रोलिक री-रेलिंग उपकरण की आपूर्ति, स्थापना और कमीशनिंग और संलग्न विनिर्देश के अनुसार। | 02 Set | 1,85,640.00 | 92,81,880.00 | 07-APR-25 11:00 AM |

नोटः- पूर्ण विवरण एवं निविदा शर्तें वैब साइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। सभी इच्छुक निविदाकर्ताओं को ई-टेंडर में भाग लेने तथा पंजीकरण कराने के लिए भारत सरकार आई टी अधिनियम 2000 के तहत प्राधिकृत प्रमाणित एजेंसी से क्लास III डिजिटल प्रमाण पत्र (यदि पहले से प्राप्त नहीं किया है) प्राप्त मान्य होगा। मेन्यूल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।

पत्र सं.:- 50-S/LP/2025 दिनांक: 07.03.2025 736/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



Sitara A SEWA INITIATIVE

**सेवा गृह ऋण लिमिटेड**

कॉर्पोरेट कार्यालय का पता: बिल्डिंग नं. 8, टॉवर सी, 8वीं मंजिल, डीएलएफ साइबर सिटी, गुरुग्राम 122002

**मांग सूचना**

**वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 3(1) के तहत प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3(1) के साथ पठित**

नीचे हस्ताक्षरकर्ता वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (उक्त अधिनियम) के अंतर्गत **सेवा गृह ऋण लिमिटेड** का प्राधिकृत अधिकारी है। प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के तहत मांग नोटिस जारी किए हैं, जिसमें निम्नलिखित उधारकर्ता(ओं) ("उक्त उधारकर्ता(ओं)") से आह्वान किया गया है कि वे उन्हें जारी किए गए संबंधित मांग नोटिस में उल्लिखित राशियों को चुकाए, जो नीचे भी दी गई हैं। उपरोक्त के संबंध में, एक बार फिर, उक्त उधारकर्ता(ओं) को इस नोटिस के प्रकाशन से 60 दिनों के भीतर **सेवा गृह ऋण लिमिटेड** को भुगतान करने के लिए नोटिस दिया जाता है, नीचे दर्शाई गई राशि, साथ ही उक्त मांग सूचना(ओं) में वर्णित अतिरिक्त ब्याज, नीचे उल्लिखित तिथि(ओं) से लेकर भुगतान और/या वसूली की तिथि तक, उक्त उधारकर्ता(ओं) द्वारा निष्पादित अन्य दस्तावेजों / लेखों, यदि कोई हो, के साथ पठित ऋण समझौत के तहत देय है। ऋण की उचित चुकौती के लिए सुरक्षा के रूप में, निम्नलिखित परिसंपत्तियों को क्रमशः उक्त उधारकर्ता(ओं) द्वारा **सेवा गृह ऋण लिमिटेड** के पास बंधक रखा गया है।

| क्र. सं. | ऋण खाता नं./ कर्जदार/गांरटर का नाम | मांग सूचना की तिथि एवं राशि | सुरक्षित आस्तियों का विवरण अचल सम्पत्ति |
|---|---|---|---|
| 1. | ऋण खाता संख्या : H3CP000005007207<br>1. श्रीमति नाज़िश हाशमी, पति श्री जाहीर हाशमी<br>2. श्री ज़ाहिद हाशमी, पिता श्री अशफाक हाशमी<br>3. श्री फारूक हाशमी, पिता श्री जाहीर हाशमी<br>4. श्री शाहरुख हाशमी, पिता श्री जाहीर हाशमी<br>5. श्री सलमान खान, पिता श्री अहसान अली | 09.12.2025<br>₹ 9,09,231/- (रुपये नौ लाख नौ हजार दो सौ इकतीस केवल) दिनांक 30.11.2024 तक | प्राइवेट प्लॉट नं 43, अराजी नं 99 ए और 99 बी, गाँव भेन्सिया, **तहसील जिला मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश, चौहद्दी:- पूर्व**- प्लॉट नं 42 श्री जाकिर, **पश्चिम**- प्राइवेट प्लॉट नं 44, **उत्तर**- टाइल्स और अन्य प्लॉट, **दक्षिण**- 10 फुट रोड |

यदि उक्त उधारकर्ता **सेवा गृह ऋण लिमिटेड** को पूर्वोक्त भुगतान करने में विफल रहते हैं, तो **सेवा गृह ऋण लिमिटेड** अधिनियम की धारा 13(4) और लागू नियमों के तहत उपरोक्त सुरक्षित परिसंपत्तियों के खिलाफ लागत और परिणामों के संबंध में पूरी तरह से उक्त उधारकर्ताओं के जोखिम पर कार्यवाही करेगा, उक्त उधारकर्ताओं को अधिनियम के तहत **सेवा गृह ऋण लिमिटेड** की पूर्व लिखित सहमति के बिना बिक्री, पट्टे या अन्यथा के माध्यम से उपरोक्त परिसंपत्तियों को स्थानांतरित करने से प्रतिबंधित किया गया है। कोई भी व्यक्ति जो उक्त अधिनियम या उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों का उल्लंघन करेगा या उल्लंघन के लिए उकसाएगा, अधिनियम के अधीन कारावास और/या दंड के लिए उत्तरदायी होगा।

स्थान: उत्तर प्रदेश, दिनांक: 07.03.2025 प्राधिकृत अधिकारी, सेवा गृह ऋण लिमिटेड


# एनएसएस की दोनों इकाईयों ने शुक्रवार को वन दिवस के रूप में मनाया

**ठाकुरद्वारा।** शुक्रवार कों क्षेत्र के गाँव रतुपुरा स्थित सुखदेई स्मारक महाविद्यालय की रासेयो की दोनों इकाइयों के विशेष शिविर में स्वयंसेवक - सेविकाओं द्वारा वायुमंडल में तेजी से हो रहे परिवर्तन पर चिंता व्यक्त की। जिस पर वक्ताओं ने कहा आज विश्व पर्यावरण में आये वदलाव पर चिंता कर रहा है रोज नई नई विमारी सामने आ रही है जिससे मनुष्य त्रस्त हैं। सभी ने कहा कि मनुष्य द्वारा अपनी आवश्यकता की पूर्ति के लिए तेजी से वनों का दोहन किया जा रहा है जिस कारण कार्बन डाइऑक्साइड और अन्य बहुत सी खतरनाक जहरीली गैस वातावरण को दूषित कर रही है जिस कारण पृथ्वी पर तापमान बढ़ रहा है आक्सीजन की कमी हो रही है जिसके लिए पर्यावरण की सुरक्षा की आवश्यकता है। जिसके लिए वनों की रक्षा जरुरी है। सभी ने कहा कि आज के दिन को वन महोत्सव के रूप में मनाया जाए , तथा गाँव वालों को वृक्षों की उपयोगिता के लिए घर घर जाकर समझाना होगा। जिसके लिए सभी स्वयं सेवक सेविकाओं ने घर घर जाकर गाँव वाललो को



वृक्षों की उपयोगीता के वारे मे बताया तथा कम्पोजिट विद्यालय सरकडा परमपुर माफी मे वृक्षारोपन का कार्य किया। कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारी डा० राजपाल सिंह , डा० रघुनाथ सिंह , शिक्षक अकरम हुसैन सहित कम्पोजिट विद्यालय का समस्त स्टाफ व मन्दीप, स्पर्ष, मयंक, केशव, रमन आदि ने अपना सहयोग किया।

## एक नजर

### पुलिस व गो-तस्करों के बीच हुई मुठभेड़, दो गोतस्कर घायल

**ठाकुरद्वारा।** उत्तराखंड के काशीपुर में पुलिस और गौ तस्करों के बीच शुक्रवार को हुई मुठभेड़ में दो गौ-तस्कर घायल हो गए। घटना के बाद पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया, जबकि उनके दो अन्य साथी मौके से फरार हो गए वही उत्तरखंड पुलिस उनकी तलाश में जुट गई है उत्तराखंड कोतवाली काशीपुर पुलिस को गौ-तस्करों की गतिविधियों की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचकर पुलिस टीम ने उन्हें रोकने का प्रयास किया, तो गौ-तस्करों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए गौ-तस्करों को घायल कर दिया। घायलों की पहचान ठाकुरद्वारा निवासी इब्रा. हिम और आरिफ के रूप में हुई है, दोनों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। वही एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने अस्पताल पहुंचकर मामले की जानकारी ली। पुलिस के अनुसार दोनों घायल गौ-तस्करों पर पहले भी कई मुकदमे दर्ज हैं। इकबाल उर्फ भूरा निवासी नई बस्ती, ठाकुरद्वारा और अफजाल निवासी पुष्प बिहार कॉलोनी, काशीपुर के रहने वाले है। दो अन्य तस्करों की तलाश में उत्तराखंड पुलिस जुट गई है।

### चन्दौसी के होम्योपैथिक डा. अनुराग सक्सैना को दिल्ली में मिला सम्मान

**चन्दौसी।** नगर के सुप्रसिद्ध होम्योपैथिक डॉ अनुराग सक्सेना को दिल्ली के ताज होटर्ल में आयोजित होम्योपैथी पुरोधा सम्मान समारोह से सम्मानित किया गया। समारोह में देश के अनेक गणमान्य नागरिक सम्मिलित हुए। इस अवसर पर होम्योपैथी के क्षेत्र में अनुकरणीय कार्य करने वाले सम्पूर्ण भारत से चिकित्सक मौजूद रहे। बता दें कि कार्यक्रम का आयोजन वर्नेट कंपनी एवं जी मीडिया द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रसिद्ध कवि एवं संगीतकार मनोज मुंत. शिर, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, लल्लन सिंह, मनोज तिवारी, राजेश वर्मा आदि अनेक गणमान्य लोगो ने भाग लिया। कार्यक्रम में चन्दौसी के होम्योपैथिक डा0 अनुराग सक्सैना को सम्मान मिलने पर रोटरी क्लब चन्दौसी पूर्वांचल के सभी सदस्यों एवं समाधान समूह के सदस्यों द्वारा बधाई दी गई।

### २७ जुलाई फर्जी फायरिंग प्रकरण में जयवीर को नहीं पकड़ पाई पुलिस

**चन्दौसी।** 27 जुलाई की फर्जी फायरिंग प्रकरण में कोतवाली पुलिस कितनी तेजी से कार्य कर रही है। इसका जीता जागता उदाहरण चन्दौसी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत हुआ है। फिलहाल फर्जी फायरिंग प्रकरण में 240 दिन बीत जाने के बाद भी कोवताली पुलिस के हाथ खाली हैं। मामला पुलिस एवं फर्जी फायरिंग प्रकरण में भले ही निर्दोष तीन लोगों को 40 दिन तक कारावास भोगा। वहीं दिलीप मौर्य पर तमंचा लगाकर जेल भेजा गया पर घटना हाईलाइट होने पर पुलिस ने 40 दिनों बाद 169 की कार्यवाही कर तीनों निर्दोष जेल से बाहर आये। वहीं विधवा त्रिवेणी ने आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही के लिए लिखा जो न्यायालय में चल रहा है। वहीं 240 दिनों के बाद षडयंत्रकारी जयवीर कोरी को पुलिस तलाश नहीं कर पाई है। बता दें कि जयवीर को गिरफ्तार करने की जिम्मेदारी इंस्पेक्टर अमर्त्यसैन को दी गई है।

### नामिका अधिवक्ता ( राजस्व) तहसील ठाकुरद्वारा के पद पर आवेदन आमंत्रित

**मुरादाबाद।**अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्री गुलाब चन्द्र ने बताया कि उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता 2006 एवं उ0प्र0 राजस्व नियमावली 2016 के नियम 72-(1) के प्राविधानों के अन्तर्गत के चयन के माध्यम से नामिका अधिवक्ता (राजस्व) तहसील ठाकुरद्वारा के पद पर नियुक्ति किए जाने हेतु आवेदन पत्र जिला बार एवं लाइबेरी मुरादाबाद/जिला/तहसील बार के अध्यक्ष की टिप्पणी के साथ दिनांक 05.03.2025 की सायं 5 बजे तक केवल पंजीकृत डाक से जिला भूमि व्यवस्था सहायक पटल पर उपलब्ध कराये जाने हेतु विज्ञप्ति जारी की गयी थी परन्तु आवेदन पत्र प्राप्त न होने के कारण जिलाधिकारी के अनुमोदन आदेश दिनांक 05.03.2025 के अन्तर्गत आवेदन पत्र आमन्त्रित किए जाने हेतु दिनांक 05 अप्रैल 2025 तक अतिरिक्त समय प्रदान किया गया है।

नामिका अधिवक्ता (राजस्व) तहसील ठाकुरद्वारा के पद पर नियुक्ति किए जाने हेतु जनपद मुरादाबाद के बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश में पंजीकृत अधिवक्ताओं से आवेदन आमंत्रित किए जा रहे है। सभी अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है कि साफ सुथरे ए-4 साईज के पेपर पर सही प्रकार अंकित आवे. दन पत्र जिला बार एवं लाईब्रेरी मुरादाबाद/जिला/तहसील बार के अध्यक्ष की टिप्पणी के साथ दिनांक 05 अप्रैल 2025 की सायं 5 बजे तक केवल पंजीकृत डाक से जिला भूमि व्यवस्था सहायक पटल पर उपलब्ध कराना वांछनीय है।

### भारतीय स्टेट बैंक ने तेजी से कार्य करते हुए सर्वाधिक 191 लाभार्थियों को ऋण स्वीकृत किया

**मुरादाबाद।** संयुक्त आयुक्त उद्योग , मुरादाबाद श्री योगेश कुमार द्वारा अवगत कराया गया कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना अंतर्गत बैंकों में कुल 3523 आवेदन पत्र प्रेषित किए जा चुके हैं जिसके सापेक्ष बैंकों द्वारा अभी मात्र 610 आवेदनों पर ही स्वीकृत कराई गई है तथा 269 लाभार्थियों को ऋण वितरण किया गया है। उन्होंने बताया कि बैंकों द्वारा युवा सप्ताह अभियान चलाया जा रहा है तथा ऋण स्वीकृत एवं वितरण में बढ़ोतरी की जा रही है जिसमें प्रथमा बैंक द्वारा 119 लाभार्थियों को लोन देकर सर्वाधिक वितरण कराया गया है। भारतीय स्टेट बैंक द्वारा भी कार्य में तेजी लाते हुए 191 लाभार्थियों को ऋण स्वीकृत करते हुए सर्वाधिक स्वीकृति प्रदान की गई है तथा लाभार्थियों से कोटेशन आदि प्राप्त कर वितरण की कार्रवाई भी की जा रही है। पंजाब नेशनल बैंक को 637 आवेदन पत्र प्रेषित किए गए जिसके सापेक्ष 112 को लोन स्वीकृत किया जा चुका है तथा 45 लाभार्थियों को वितरण की कार्रवाई की गई है। केनरा बैंक को 327 आवेदन पत्र प्रेषित किए गए जिसके सापेक्ष केवल 45 को ही लोन स्वीकृत हुआ है। बैंक ऑफ बड़ोदा को 106 आवेदन पत्र प्रेषित किएवितरण बढ़ाने हेतु कार्यालय द्वारा लाभार्थियों को फोन कर कोटेशन एवं अन्य आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण करते हुए बैंकों में जाकर औपचारिकताएं पूर्ण कराए जाने हेतु प्रेरित किया जा रहा है।

### शांति भंग के एक आरोपी गिरफ्तार

**ठाकुरद्वारा।** पैसे लेने देने लेकर मारपीट की शिकायत पर पुलिस ने एक व्यक्ति को शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार किया है।

शुक्रवार को पुलिस ने नई कालौनी रतूपुरा निवासी अनिकेत पुत्र ब्रजनन्दन सिंह को पुलिस ने ठाकुरद्वारा निवासी अमन पुत्र ओमप्रकाश सिंह से पैसे लेन देन को लेकर मारपीट करने पर शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार कर किया है। पुलिस ने आरोपी का चालान कर एसडीएम कोर्ट में पेश किया। जहां पर एसडीएम ने आरोपी अनिकेत को जमानत पर छोड़ दिया है।

● दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल की मेजबानी को तैयार

# विराट, गिल और वरुण में टीम को जिताने का मादा

### रविवार को भारत-न्यूजीलैंड खिताबी मुकाबले में आमने-सामने होंगे और इनमें से किसी एक को चैंपियन का खिताब मिलेगा







● न्यूजीलैंड टीम का भरोसा विलियमसन, रचिन और सैंटनर पर टिका हुआ, भारत टूर्नामेंट में अजेय, न्यूजीलैंड ने एक मैच गंवाया

**दुबई, वार्ता।** रविवार, 9 मार्च को भारत और न्यूजीलैंड खिताबी मुकाबले में आमने-सामने होंगे और इनमें से किसी एक को चैंपियन का खिताब मिलेगा। दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के फाइनल की मेजबानी के लिए तैयार है। टूर्नामेंट में टीम इंडिया की ताकत विराट, गिल और वरुण बने हुए हैं। वहीं, कीवी टीम का भरोसा विलियम्सन, रचिन और सैंटनर पर टिका हुआ है। भारतीय टीम टूर्नामेंट में अजेय है। जबकि न्यूजीलैंड ने एक मैच गंवाया है, टीम को भारत ने 44 रन से हराया था। भारतीय टीम ने टूर्नामेंट में अब तक 5 मुकाबले खेले और सभी जीते। टीम बैटिंग, बालिंग और फील्डिंग तीनों डिपार्टमेंट में अच्छा प्रदर्शन कर रही है। भारत ने कीवियों को ग्रुप-ए में हुए मुकाबले में 44 रन से हराया था। कोहली-गिल के शतक, अय्यर शानदार फार्म में भारतीय टीम की बैटिंग लय में है। विराट कोहली और शुभमन गिल टूर्नामेंट में एक-एक शतक बना चुके हैं। श्रेयस अय्यर, अक्षर पटेल और केएल राहुल मिडिल आर्डर में अपना रोल बखूबी निभा रहे हैं। हार्दिक पांड्या भी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फार्म साबित कर चुके हैं। टॉप-5 बैटर्स में विराट कोहली 217 रन के साथ चौथे स्थान पर हैं। अय्यर और गिल भी 150 से ज्यादा रन बना चुके हैं। शमी-चक्रवर्ती 5-5 विकेट ले चुके, स्पिनर्स के नाम 21 विकेट भारतीय टीम के बालर्स इस टूर्नामेंट में अब तक 37 विकेट ले चुके हैं। इनमें 16 विकेट तेज गेंदबाजों ने लिए, जबकि 21 विकेट स्पिनर्स के खाते में आए हैं। मोहम्मद शमी और वरुण चक्रवर्ती एक मैच में 5-5 विकेट ले चुके हैं। टॉप-5 गेंदबाजों की बात करें तो इसमें भारत के दो गेंदबाज शामिल हैं। शमी 8 और वरुण 7 विकेट हासिल कर चुके हैं। भारत को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम की पिच रास आ रही है। टीम ने अपने सभी मुकाबले इसी मैदान पर खेले हैं। सभी खिलाड़ी मैदान की परिस्थितियों से परिचित हैं। ऐसे में फाइनल में भारत को दुबई की धीमी पिच का फायदा मिल सकता है। टीम इंडिया ने भले ही अपने सभी मुक.ाबले जीते हैं, लेकिन टीम को अभी भी कई फील्ड में सुधार करना बाकी है। क्योंकि, ऑस्ट्रेलिया ने पहले सेमीफाइनल में भारतीय टीम को कड़ी टक्कर दी थी। भारतीय टीम ने उस मैच को 49वें ओवर में जीता था। रोहित टूर्नामेंट में फिफ्टी नहीं लगा सके भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ओपनर की भूमिका निभा रहे हैं, लेकिन वे इस टूर्नामेंट में कोई बड़ी पारी नहीं खेल सके हैं। वे किसी भी मुकाबले में पहले पावरप्ले में पूरे ओवर बैटिंग नहीं कर सके। इस टूर्नामेंट में उनका हाईएस्ट स्कोर 41 रन है। वे 4 मैचों में 26.00 की औसत से 104 रन ही बना सके हैं। ऐसे में रोहित शर्मा को खिताबी मुक.ाबले में बड़ी पारी खेलनी होगी। न्यूजीलैंड के स्पिनर्स परेशान कर सकते हैं इंडियन बैटर्स को न्यूजीलैंड के स्पिनर्स परेशान कर सकते हैं। कप्तान मिचेल सैंटनर की लीडरशिप वाली स्पिन चौकड़ी ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ दूसरे सेमीफाइनल में 7 विकेट झटके थे। टीम के स्पिनर्स टूर्नामेंट में अब तक 17 विकेट ले चुके हैं। भारतीय टीम की गेंदबाजी में मोहम्मद शमी का साथ देने के लिए कोई बड़ा नाम नहीं हैं। बुमराह की गैरमौजूदगी में हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह और हार्दिक पांड्या को टीम में रखा गया है, लेकिन, हर्षित-पांड्या 4-4 विकेट ही ले सके हैं। शमी 8 विकेट के साथ टॉप विकेट टेकर्स में दूसरे स्थान पर हैं। न्यूजीलैंड की टीम ने टूर्नामेंट में 5 मुकाबले खेले, टीम को 4 में जीत मिली, जबकि एक हार भारत के खिलाफ ही झेलनी पड़ी। टीम सभी डिपार्टमेंट में अच्छा प्रदर्शन कर रही है। टीम दो बार 300 रन से ज्यादा का स्कोर भी बना चुकी है। साउथ अफ्रीका के खिलाफ न्यूजीलैंड ने टूर्नामेंट का हाईएस्ट टोटल 362 रन बनाया था। रचिन दो शतक लगा चुके( 4 बैटर्स ने कुल 5 शतक लगाए न्यूजीलैंड की बैटिंग कमाल के फार्म में है। रचिन रवींद्र 2 शतक बना चुके हैं, जबकि केन विलियम्सन, टाम लैथम और विल यंग के नाम एक-एक शतक है। रचिन रवींद्र (226 रन) टॉप स्कोरर में नंबर-2 पर हैं। मैट हेनरी टॉप विकेट टेकर, भारत के खिलाफ 5 विकेट लिए न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी टूर्नामेंट में 10 विकेट ले चुके हैं। वे टॉप विकेट टेकर्स की लिस्ट में पहले नंबर पर हैं। मैट हेनरी भारतीय टीम को परेशान कर सकते हैं। उन्होंने भारत के खिलाफ लीग स्टेज मुकाबले में 5 विकेट झटके थे। न्यूजीलैंड की टीम के पास भारत के खिलाफ दुबई की पिच पर खेलने का अनुभव है। पिछले मुकाबले में टीम 44 रन से हार गई थी। ऐसे में टीम फाइनल में बेहतर रणनीति के साथ उतरेगी। फाइनल में दुबई की पिच न्यूजीलैंड के लिए बड़ा चौलेंज साबित होगी। यहां भारतीय स्पिनर्स कीवी बल्लेबाजों को परेशान कर सकते हैं। टीम को वरुण-कुलदीप का तोड़ भी निकालना होगा। कीवी कीवियों के पास भारत के मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती का तोड़ नहीं है। वरुण ने कीवियों के खिलाफ पिछले मुक.ाबले में 5 विकेट झटके थे, जबकि चाइनामैन कुलदीप यादव को 2 विकेट मिले थे। उनके बैटर्स भारत के स्पिनर्स को खेल नहीं सके थे। स्पिनर्स ने उस मुकाबले में 9 विकेट झटके थे। इंडिया के खिलाफ मिडिल आर्डर बिखरा भारतीय स्पिनर्स के सामने न्यूजीलैंड का मिडिल आर्डर संघर्ष करता दिखा था। पिछले मुकाबले में स्पिनर्स ने 9 विकेट झटके थे। उनके मिडिल आर्डर का कोई भी बल्लेबाज 20 रन से ज्यादा नहीं बना सका था।

## एमआई ने यूपी वॉरियर्स को छह विकेट से हराया

■ एमेलिया ने पांच विकेट और हेली ने दो विकेट लेकर 68 रन बनाए

**लखनऊ, वार्ता।** एमेलिया कर (पांच विकेट) और हेली मैथ्यूज (दो विकेट/68 रन) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत मुंबई इंडियंस ने गुरुवार को वूमेंस प्रीमियर लीग के 16वें मुकाबले में गुरुवार को यूपी वॉरियर्ज को नौ गेंदे शेष रहते छह विकेट से हरा दिया।

मुंबई इंडियंस की छह मैचों की यह चौथी जीत हैं। यूपी वॉरियर्ज के 150 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी मुम्बई इंडियंस की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 24 के स्कोर पर एमेलिया केर (10) का विकेट गवां दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी नेट सायवर ब्रंट ने हैली मैथ्यूज के साथ पारी को संभाला।

दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट के लिए 92 रनों की साझेदारी हुई। 13वें ओवर में ग्रेस हैरिस ने नेट सायवर ब्रंट को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। नेट सायवर ब्रंट ने 23 गेंदों में सात चौके लगाते हुए (37) रनों की पारी खेली। 14वें ओवर में क्रांति गौड़ ने हैली मैथ्यूज को आउटकर पवेलियन भेज दिया। हैली मैथ्यूज ने 46 गेंदों में आठ चौके और दो छक्के लगाते हुए आतिशी अंदाज में (68) रनों की पारी खेली। कप्तान हरमनप्रीत कौर (चार) रन बनाकर चौथे विकेट के रूप में आउट हुई।

## शुभमन गिल आईसीसी 'प्लेयर ऑफ द मंथ' की दौड़ में

### स्मिथ और फिलिप्स भी दावेदारी की लाइन में

**दुबई, वार्ता।** भारत के युवा स्टार बल्लेबाज शुभमन गिल फरवरी 'आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ' की दौड़ में सबसे आगे चल रहे है। इस दौड़ में ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ और न्यूजीलैंड के ग्लेन फिलिप्स भी शामिल है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने शुक्रवार को फरवरी माह के लिए आईसीसी पुरुष और महिला खिलाड़ी के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर पुरस्कारों के दावेदारों के नामों की घोषणा की। गिल ने चैंपियंस ट्रॉफी टूर्नामेंट से पहले इंग्लैंड पर भारत की निर्णायक श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन करके सुर्खियाँ बटोरीं और बंगलादेश पर भारत की शुरुआती जीत से पहले एकदिवसीय बल्लेबाज रैंकिंग में शीर्ष स्थान के प्रमुख दावेदार माने जा रहे। गिल ने फरवरी में अपने पांच एकदिवसीय मैचों में 94-19 के स्ट्राइक-रेट पर 101-50 की औसत से 406 रन बनाए। इसके बाद चैंपियंस ट्रॉफी में बंगलादेश के खिलाफ गिल ने नाबाद 101 रन बनाए और पाकिस्तान के खिलाफ उन्होंने 46 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली।

गिल के अलावा ऑस्ट्रेलिया के स्टार बल्लेबाज स्टीव स्मिथ और न्यूजीलैंड के स्टार ऑल राउंडर ग्लेन फिलिप्स इस पुरस्कार के दावेदार हैं। महिला वर्ग में स्पिनर अलाना किंग ने मेलबर्न में महिला एशेज सीरीज़ के समापन मैच में शानदार प्रदर्शन के बाद प्लेयर ऑफ़ द मंथ पुरस्कार की दावेदार बनी है। साथ ही एनाबेल सदरलैंड ने पारी की जीत में शानदार स्कोर खड़ा कर अपना टीम को अपना योगदान दिया। अंतिम नामांकित 20 वर्षीय थाई गेंदबाज़ थिपचा पुथावोंग हैं, जो नेपाल महिला त्रिकोणीय श्रृंखला में अपनी टीम के विजयी अभियान में विकेट लेने वालों में से एक थीं। महिला वर्ग में फरवरी के लिए आईसीसी महिला प्लेयर ऑफ द मंथ की दावेदार ऑस्ट्रेलिया की प्रमुख लेग स्पिनर अलाना किंग ने महिला एशेज सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया।

खेल विशेष

## इंग्लैंड टेस्ट सीरीज के लिए मौका मिला तो तैयार हूं:पुजारा



**कोलकाता, वार्ता।** दिग्गज भारतीय क्रिकेटर चेतेश्वर पुजारा ने कहा कि इंग्लैंड टेस्ट सीरीज के लिए भूख और भी बढ़ गई है, अगर मौका मिला तो मैं इसे लपकने के लिए पूरी तरह से तैयार हूं। पुजारा ने गुरुवार को मीडिया कॉन्क्लेव में भारतीय टीम में वापसी के सवाल पर कहा कि मैं घरेलू क्रिकेट खेल रहा हूं। अगर मौका मिला तो मैं इसे दोनों हाथों से लपकने के लिए तैयार हूं। मेरे सीरीज में खेलने की भूख और भी बढ़ गई है। जब आप बड़े हो जाते हैं, तो आपको और भी कड़ी मेहनत करने की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि हमारे पास गेंदबाजी है। हमें बोर्ड पर रन बनाने की आवश्यकता है और हमारे पास ऐसा करने वाले खिलाड़ी हैं। हमें गेंदबाजी और वहां की परिस्थितियों का सम्मान करना होगा। भारतीय टेस्ट टीम के नंबर तीन स्थान के मजबूत स्तंभ रहे चेतेश्वर पुजारा फिलहाल भारतीय टीम से बाहर चल रहे हैं। वह टीम में वापसी का मौका मिलने और जोरदार वापसी के लिए पूरी तरह तैयार हैं। भारत को इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैच की टेस्ट सीरीज खेलनी है। इंडियन प्रीमियर लीग के बाद शुरु होने वाली यह टेस्ट सीरीज विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 का हिस्सा होगी। पुजारा सौराष्ट्र की रणजी ट्रॉफी टीम का हिस्सा हैं। इस सत्र उन्होंने छत्तीसगढ़ के खिलाफ 234 रन और असम के खिलाफ 99 रन की पारियां खेली। रणजी ट्रॉफी में उनका प्रदर्शन मिश्रित रहा है। उनके पास विदेश की पिचों का अनुभव और सफलता उन्हें टीम में वापसी का प्रबल दावेदार मानती है।

## ग्रीन का शतक, न्यूजीलैंड की महिला टीम ने श्रीलंका को 78 रनों से हराया

■ मैडी ग्रीन ने 100 रनों की पारी खेली, रोवे ने चार विकेट लिए

**नेल्सन, वार्ता।** मैडी ग्रीन (100) की शतकीय और हन्ना रोवे (चार विकेट) के शानदार प्रदर्शन के दम पर न्यूजीलैंड की महिला टीम ने शुक्रवार को दूसरे एक दिवसीय मुकाबले में श्रीलंका को 78 रनों से हरा दिया है। 246 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 31 के स्कोर पर अपने दो विकेट गवां दिए।

कप्तान चमारी अटापटू (11) और विशमी गुणरत्ने (आठ) रन बनाकर आउट हुई। इसके बाद हर्षिता समरविक्रमा और कविशा दिलहारी की जोड़ी ने पारी संभालने का प्रयास किया। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 68 रनों की साझेदारी हुई। ईडन कार्सन ने कविशा दिलहारी (25) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद न्यूजीलैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे श्रीलंका का कोई भी बल्लेबाज अधिक देर तक नहीं टिक सका।

मनुडी नानायक्कारा (शून्य), हर्षिता समरविक्रमा ने 77 गेंदों में चार चौकों की मदद से (59) रनों की पारी खेली। नीलक्षिका सिल्वा (20), अनुष्का संजीवनी (13), अचिनी कुलसुरिया (एक), इनोशी प्रियदर्शनी (शून्य), चेतना विमुक्ति (तीन) रन बनाकर आउट हुई। न्यूजीलैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे श्रीलंका की पूरी टीम 46-4 ओवर में 167 रन पर ढ़ेर हो गई। न्यूजीलैंड की ओर से हन्ना रोवे ने चार विकेट लिए। ब्री इलिंग और ईडन कार्सन को दो-दो विकेट मिले। सूजी बेट्स ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां न्यूजीलैंड की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 59 के स्कोर तक अपने चार विकेट गवां दिए। सूजी बेट्स (पांच), एम्मा मैकलियोड (छह), ब्रुक हैलीडे (छह) और जॉर्जिया प्लिमर (28) रन बनाकर आउट हुई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी मैडी ग्रीन ने पारी को संभालने का प्रयास किया। इसाबेला गेज (19), जेस केर (38) रन बनाकर आउट हुई। मैडी ग्रीन ने 109 गेंदों में सात चौके लगाते हुए (100) रन बनाये। वह 50वें ओवर की तीसरी गेंद पर रनआउट हुई।

न्यूजीलैंड ने निर्धारित 50 ओवरों में सात विकेट पर 245 रनों का स्कोर खड़ा किया। श्रीलंका की ओर से चमारी अटापटू ने दो विकेट लिए।



## ब्राजील ने नेमार को विश्वकप क्वालीफायर के लिए टीम में बुलाया वापस

**रियो डी जेनेरियो, वार्ता।** ब्राजील ने दिग्गज फुटबॉलर नेमार को 17 महीनों के बाद कोलंबिया और अर्जेंटीना के खिलाफ विश्वकप क्वालीफायर मुकाबलों के लिए राष्ट्रीय टीम में वापस बुलाया गया है। ब्राजील के मैनेजर डोरिवल जूनियर ने गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि हम जानते हैं कि वह अभी भी चोट से उबरने होने की प्रक्रिया में है, लेकिन हम यह भी समझते हैं कि उसकी उपलब्धता हमें मैच के दौरान उत्पन्न होने वाली किसी भी स्थिति से उबरने में मदद कर सकती है। उन्होंने कहा कि हम स्वाभाविक रूप से उसके उपलब्ध होने का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। वह एक ऐसे खिलाड़ी हैं जिसे हर कोई अच्छी तरह से जानता और समझता है। वह अपनी वापसी से बेहद खुश हैं और हम उन्हें हर तरह की सुरक्षा भी प्रदान करेंगे।

## चोटिल हेनरी का फाइनल खेलने को लेकर संशय

● दक्षिण अफ्रीका के साथ खेले गए दूसरे सेमीफाइनल में लगी थी मैट हेनरी के चोट



**दुबई, वार्ता।** चैंपियंस ट्रॉफी में सबसे अधिक 10 विकेट लेने वाले न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी चोटिल हाने से उनके भारत के खिलाफ होने वाले महत्वूपर्ण फाइनल मुकाबले में खेलने को लेकर संशय बना हुआ है।

हेनरी को दक्षिण अफ्रीका के साथ खेले गए दूसरे सेमीफाइनल मैच के दौरान कंधे में चोट लगी थी। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच के आखिरी ओवरों में दो ओवर गेंदबाजी की थी। चोट के बाद मैदान में वापसी के बाद हेनरी गेंद को पकड़ने के लिए छलांग लगाते हुए भी देखे गये थे। इस चोट के कारण वह अब भारत के साथ होने वाले चैम्पियंस ट्रॉफी के फाइनल से बाहर हो सकते हैं। न्यूजीलैंड के मुख्य कोच गैरी स्टीड के अनुसार फाइनल से लगभग 48 घंटे पहले भी हेनरी की फिटनेस को लेकर संशय बना हुआ है। स्टीड ने कहा कि मेरे हिसाब से हमारे लिए सकारात्मक बात यह है कि वह दोबारा गेंदबाज़ी करने उतरे थे। उनके कुछ स्कैन हुए हैं और हम उन्हें फ़ाइनल में खेलने का हर संभव मौक़ा देना चाहते हैं।

हालांकि इस वक़्त उनकी स्थिति अब भी अनिश्चितता के घेरे में है। स्टीड ने कहा कि वह कंधे के बल गिरने के कारण अभी भी दर्द से कराह रहे हैं। उम्मीद है कि वह जल्द ठीक हो जाएंगे। उल्लेखनीय है कि हेनरी ने टूर्नामेंट में 16.7 की औसत से 10 विकेट लिए हैं। इनमें से पांच विकेट उन्होंने भारत के खिलाफ ग्रुप मैच में लिए थे। वैसे न्यूजीलैंड के पास दाएं हाथ के तेज गेंदबाज जैकब डफी का विकल्प के रूप में मौजूद है। डफी ने इस टूर्नामेंट में न्यूज़ीलैंड के लिए अब तक कोई मैच नहीं खेला है।

## त्रिकोणीय श्रृंखला खेलने श्रीलंका जाएगी भारतीय महिला टीम

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम अप्रैल और मई में दक्षिण अफ्रीका के साथ होने वाले एकदिवसीय त्रिकोणीय श्रृंखला खेलने के लिए श्रीलंका का दौरा करेगी।

इस त्रिकोणीय श्रृंखला के सभी मैच आर प्रेमदासा स्टेडियम में 27 अप्रैल से 11 मई के बीच दिन में खेले जाएंगे। तीनों टीमें के बीच चार-चार मैच खेले जायेंगे और शीर्ष दो टीमों के बीच फाइनल खेला जायेंगा। सीरीज का पहला मुकाबला भारत और श्रीलंका के बीच 27 अप्रैल को होगा। उल्लेखनीय है कि यह श्रृंखला सभी टीमों के लिए एकदिवसीय विश्व कप की तैयारी का एक अतिरिक्त अवसर है। एकदिवसीय विश्वकप इस साल अक्तूबर में भारत में खेला जाएगा।

## भारत-पाक के बीच द्विपक्षीय क्रिकेट सरकार के फैसले पर निर्भर : राजीव शुक्ला



■ द्विपक्षीय सीरीज तटस्थ स्थल पर खेलना बीसीसीआई के नीति में नहीं: राजीव शुक्ला

**लाहौर, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय क्रिकेट के बारे में कोई भी निर्णय सरकार ही ले सकती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि द्विपक्षीय सीरीज तटस्थ स्थल पर खेलना बीसीसीआई के नीति नहीं रही है। पाकिस्तान के तीसर दिवसीय दौरे पर पहुंचे राजीव शुक्ला ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि जब दोनों देशों के बीच क्रिकेट की बात आती है, तो यह बहुत सीधा और स्पष्ट है कि निर्णय भारत सरकार के हाथ में है। हम सरकार के निर्णय के अनुरूप चलेंगे। उन्होंने कहा कि बीसीसीआई का हमेशा से यही रुख रहा है।

आईसीसी का एक नियम भी है जिसमें सरकार की मंजूरी शामिल है, जो एक महत्वपूर्ण कारक है। जाहिर है कि भारत-पाकिस्तान मैच की मेजबानी करना चाहेंगे, लेकिन इस पर फैसला सरकार को करना है। उन्होंने कहा कि हम सरकार के सामने अपना दृष्टिकोण रखते हैं, लेकिन अंतिम फैसला विभिन्न कारकों पर विचार करने के बाद किया जाता है। आखिरकार यह उनका निर्णय है। लंबे अंतराल के बाद किसी अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट की मेजबानी करने में पाकिस्तान के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि पाकिस्तान काफी समय के बाद किसी अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट की मेजबानी कर रहा है, और यह देखना बहुत अच्छा है कि उन्होंने इसे कितनी अच्छी तरह से आयोजित किया है।

भारत द्वारा अपने सभी मैच एक ही स्थान पर खेलने को अनु.चत लाभ कहे जाने के तर्क उन्होंने खारिज करते हुए कहा कि आईसीसी के फैसले में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि भारत के मैच दुबई में होंगे, जबकि बाकी मैच पाकिस्तान में होंगे। इसलिए, निष्पक्षता का मुद्दा यहां नहीं आता है। भारतीय और दुबई की पिच अलग-अलग हैं।

# मंडलायुक्त ने विकास भवन में फोटो गैलरी का फीता काटकर किया शुभारंभ

## जनपद में अपने अपने क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तित्वों के बारे में विकास भवन में फोटो गैलरी स्थापित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह द्वारा विकास भवन में फोटो गैलरी और विकास भवन में जीर्णोद्धार भवन का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हमारी कोशिश होनी चाहिए कि जितने भी सरकारी कार्यालय हैं ,उनको हम एक बेहतर लुक दें और वहां पर अच्छी व्यवस्थाएं को बनाए रखें। सरकारी कार्यालयों को पब्लिक फ्रेंडली बनाएं और जितना हो सके इनको सरकार के संदेश का एक जरिया बनाएं। उन्होंने कहा कि मुख्य विकास अधिकारी श्री सुमित यादव के अच्छे इनिशिएटिव की वजह से विकास भवन को आई एस ओ सर्टिफिकेशन भी मिला है।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विकास भवन में ये एक नई पहल काफी अच्छी करी गई है जिसमें जनपद के कई सारे व्यक्तित्व हैं जिन्होंने आज अपने-अपने क्षेत्रों में काफी अच्छा काम कर रहे हैं ,आगे बढ़ रहे हैं चाहे वह पद्मश्री हमारे यहां से दो लोग हों,प्रगतिशील किसान हों,समूह हों अन्य अच्छा काम करने वाले लोग और उनके द्वारा किए गए संबंधित कार्यों की जानकारी को यहां फोटोग्राफ के माध्यम से दर्शाया गया है। उन्होंने कहा कि यह पहल पब्लिक को सरकारी द्वाफ्तरों से जोड़ने के लिए बहुत अच्छा तरीका है। उन्होंने कहा कि एक बहुत अच्छी शुरुआत है और हमारा प्रयास रहेगा कि ऐसे ही कार्य अन्य ऑफिसों में भी करवाए जाएं। सभी सरकारी ऑफिस को अपने आप को पब्लिक फ्रेंडली बनाने पर जोर देना चाहिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी श्री सुमित यादव, जिला विकास अधिकारी श्री जीबी पाठक ,परियोजना निदेशक डीआरडीए सहित संबंधित विकास विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी एवं विकास भवन का स्टाफ उपस्थित रहा



# पांच सूत्रीय मांगों को लेकर बैंक कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

**मुरादाबाद।** यूनाइटेड फॉर्म ऑफ बैंक यूनियन के राष्ट्रीय आवाहन पर भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य शाखा पर सभी बैंको के अधिकारी व कर्मचारियों ने इंडियन बैंक एसोसिएशन और भारत सरकार के विरुद्ध अपनी पांच सूत्रीय मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया प्रदर्शन कारियो को संबोधित करते हुए यूनाइटेड फॉर्म ऑफ बैंक यूनियन के अध्यक्ष तथा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया स्टाफ एसोसिएशन के सहायक महामंत्री कामरेड दिनकर राव ने अपने संबोधन में कहा कि पूरे भारतवर्ष में सभी बैंकों के अधिकारी व कर्मचारी 7 फरवरी से संघर्ष की राह पर हैं इसी क्रम में कई बार प्रत्येक जिला स्तर पर प्रदर्शन व धरना दिया गया तथा 3 मार्च को सभी बैंक के कर्मचारियों का अधिकारियों ने दिल्ली के जंतर मंतर पर प्रदर्शन पर धरना दिया परंतु अभी तक सरकार की आंखें नहीं खुली है आज के अपरान्त हम प्रदर्शन करेंगे अन्यथा 24 और 25 मार्च को हमें देशव्यापी हड़ताल पर जाना पड़ेगा। अपनी मांग को दोहराते है। सचिव नवनीत कुमार ने कहा कि बैंकों में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में कर्मचारी एवं अधिकारियों के निदेशकों के पद खाली पड़े हैं उन पदों को तुरंत भरे जाएं प्रदर्शनकारियो में धर्मराज, मोहम्मद हुसैन, आशु चौधरी, तेजपाल सिंह, धीरेंद्र पाल सिंह, नेहा जैन, रेखा रानी, अभिनव यादव, पवन अग्रवाल, पुष्पेंद्र सिंह, यश चौधरी, सचिन शुक्ला, अतुल यादव, शिवांक, राजीव बिष्ट, कल्याणी, पूजा आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### क्षेत्र पंचायत की बैठक हुई संपन्न

**डिलारी।** शुक्रवार को ब्लॉक डिलारी के सभागार मे एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र पंचायत सदस्य और ग्राम प्रधान मौजूद रहे ,बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख डिलारी पूनम देवी ने की कार्यक्रम का संचालन ऑडियो आईएसबी विश्व पाल सिंह ने किया ,बैठक में



विकास कार्यों को लेकर चर्चा की गई ,साथ ही सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया ,कार्यक्रम में दिव्यांगजन सहशक्तिकरण विभाग द्वारा लाभार्थियों को ट्राई साइकिल ,कान की मशीन ,बैसाखी आदि उपकरण वितरण किए गए ,कार्यक्रम की व्यवस्था एडीओ समाज कल्याण विख्यात चौहान ने की ,इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख के प्रतिनिधि अर्जुन सिंह , राजपाल प्रधान जी, गुलाम गुलअफशा, सचिव गौरव सिंह चौहान, सचिव केशव यादव,रिजवान हुसैन, रहमत अली लो. केंद्र सिंह, प्रशांत चौधरी ,सदाबहार सिंह एडवोकेट, मनोज चौधरी, रिजवान, दिलशाद सैफुल्लाह आदि मौजूद रहे।

### अपार आईडी जेनरेट न करने वाले मदरसों को नोटिस जारी

**कांठ( शाह टाइम्स )** अपार आईडी जनरेट न करने पर जिले के सभी मदरसों को नोटिस जारी किया है। सरकार ने शिक्षा में सुधार के लिए संचालित सभी विद्यालयों एवं मदरसों में सभी छात्र-छात्राओं के विवरण को ऑनलाइन करने का निर्णय लिया है। जिसमें छात्रों का विवरण यू डायस पोर्टल पर फीड कर बच्चों का अपार आईडी बनाने के निर्देश दिया है। अपार ऑटोमेटेड परमानेंट एकेडमिक अकाउंट रजिस्ट्री एक 12 अंकों का कोड होता है। इसमें छात्रों की शैक्षणिक जानकारी डिजिटल रूप से संग्रहित रहती है। नोटिस में यू-डायस कोड स्थाई रूप से बंद करने और मदरसों की मान्यता वापस लेने की चेतावनी दी है।सरकार की मंशा के अनुरूप कार्य न करने पर जिले में 578 मदरसों को अल्पसंख्यक कल्याण विभाग ने नोटिस जारी करके चेतावनी दी गई है कि जिन मदरसों ने यह कार्य नहीं किया है उनका यू-डायस कोड स्थाई रूप से बंद कर दिया जाएगा। बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने एवं शासन के निर्देशों का पालन नहीं करने के कारण ऐसे मदरसों की मान्यता समाप्त करने की कार्रवाई की जाएगी। बताया कि यह आईडी छात्रों के लिए एक स्थायी डिजिटल पहचान के तौर पर काम करती है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विमलेश को इसका नोडल बनाया गया है।

### फार्मर रजिस्ट्री के विशेष अभियान की समय सीमा अब 31 मार्च तक बढ़ी

**कांठ( शाह टाइम्स )** फार्मर रजिस्ट्री तैयार कराने के विशेष अभियान की समय सीमा 31 मार्च कर दी गई है। अब गांव-गांव शिविर आयोजित होंगे, जिसमें किसानों की आईडी बनाई जाएगी। कृषि विभाग के प्रस्ताव पर जिलाधिकारी ने मुहर लगा दी है। डीएम स्तर से शत-प्रतिशत फार्मर रजिस्ट्री पूर्ण कराने के निर्देश जारी किये गये हैं। जनसुविधा केन्द्रों के माध्यम से तथा ग्राम पंचायतों में कैम्प लगाकर शत प्रतिशत आईडी बनाई जाएगी। जिसमें राजस्व एवं कृषि विभाग के अधिकारी/कर्मचारी जिम्मेदारी निभाएंगे। उप निदेशक कृषि संतोष कुमार द्विवेदी ने बताया कि 31 मार्च तक लक्ष्य पूरा होना है। प्रत्येक ग्राम पंचायतों में प्रात 8:30 से सायं पांच बजे तक दो-दो दिवस का कैम्प लगाकर कार्य होगा।

### भगवा त्रिशूल यात्रा का भव्य स्वागत

**मुरादाबाद।** भगवा त्रिशूल यात्रा एक आध्यात्मिक यात्रा को लेकर आई एम पी सी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी अध्यक्ष, जिला प्रभारी राजेश यादव एवं आईएमपीसी के राष्ट्रीय महासचिव दीप सिहाग सिसई का जीरो पॉइंट में भव्य स्वागत व अभिनंदन किया गया यह यात्रा प्रयागराज, अयोध्या, लखनऊ, शाहजहांपुर, बरेली, होते हुए कल संभल जिले में थी। जिले में इस भागवा त्रिशूल यात्रा का बड़े स्तर पर अभिनंदन एवं वंदन कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारी द्वारा किया गया।जिला प्रभारी राजेश यादव ने कहा की यात्रा प्रयागराज से चलकर लगभग 1300 किलोमीटर तक जायगी यह यात्रा विभिन्न स्थानो पर होते हुए सनातन के प्रति अपनी श्रद्धा को व्यक्त करेंगी उन्होंने कहा कि 120 त्रिशूल इस यात्रा में शामिल है इन 120 त्रिशूलों को 120 शिवालियो में स्थापित किया जाएगा इस यात्रा का उद्देश्य युवाओं में सनातन के प्रति अलख जगाना है स्वागत समारोह में जिला सहकारी अध्यक्ष चौधरी विजय भान सिंह पूर्व जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह चौहान, प्रिया अग्रवाल, विशेष गुप्ता, पूर्व महानगर अध्यक्ष धर्मेंद्र मिश्रा, मनोज गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख ठाकुर मनीष सिंह, जिला महामंत्री राजन बिश्नोई, चंद्रपाल सैनी, कमल प्रजापति, हर ज्ञान सिंह, जिला मीडिया प्रभारी संजय ढाका, महानगर श्याम बिहारी शर्मा, दिनेश शीर्षवाल, महानगर उपाध्यक्ष विशाल त्यागी, अरुण पंडित, सत्येंद्र चौधरी अमन ठाकुर, मंगल सैनी, राजकुमार त्यागी, आदि पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### पवन गुप्ता का बीमारी के कारण आकस्मिक निधन

**बिलारी।** नगर के बयालीस वर्षीय सामाजिक कार्यकर्ता पवन गुप्ता का बीमारी के कारण आकस्मिक निधन हो गया इससे नगर में शोक की लहर दौड़ गई। उनके अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। वह व्यापार मंडल, नगर मेला कमेटी के अलावा पत्रकारिता से भी जुड़े हुए थे सभी जगह उनकी मिलन सारी और ईमानदारी की चर्चा सुनी गई। परिवार में छोटे भाई पंकज गुप्ता के अलावा पत्नी प्रिया, दो बेटी और छोटा बेटा छोड़ा है। स्वजनों के अनुसार बृहस्पतिवार की शाम को उन्होंने अपने घर के कामकाज निपटाए और रोजाना की तरह भोजन किया। विधायक मोहम्मद फहीम इरफान, पालिकाध्यक्ष रघुराज सिंह यादव के प्रतिनिधि विनेश यादव, व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय जैन, सोनू यादव, पूर्व एमएलसी परमेश्वर लाल सैनी, सुरेश सैनी, राकेश यादव, भाजपा अध्यक्ष विकास गुप्ता, सिद्धार्थ शेखर, तहसील बार के संरक्षक आफाक हुसैन, अखिलेश श्रीवास्तव, सचिन चौहान, अवधेश ठाकुर, छविराज चावला, केपी राणा, सुनील आर्य आदि शामिल रहे।

# त्रिदिवसीय युवा महोत्सव के दूसरे दिन हुई विभिन्न प्रतियोगिताएं

**चन्दौसी।** नगर के एस.एम. कॉलेज में रानी रामकली सांस्कृतिक क्लब के तत्वाधान में आयोजित किये जा रहे त्रिदिवसीय युवा महोत्सव के दूसरे दिन शुक्रवार को भाषण प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, एकल काव्यपाठ प्रतियोगिता, संगीता गायन व वाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रंगोली प्रतियोगिता में श्रेया वर्मा प्रथम, रिचा द्वितीय व मुमताज तृतीय स्थान पर रही। गायन प्रतियोगिता में शिवानी दीक्षित प्रथम, इशिक शर्मा द्वितीय व निशा व मंजरी गुप्ता से तृतीय स्थान पर रही। भाषण प्रतियोगिता में इतिशा गौड़ प्रथम, मणिका मिश्रा द्वितीय तथा शिवि, आदित्य और गगन गुप्ता संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहे। निबंध प्रतियोगिता में अंशिका राघव प्रथम, आदित्य वार्ष्णेय द्वितीय,



नितिन कुमार तृतीय एवं मुस्कान ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। एकल काव्य पाठ प्रतियोगिता में इतिशा गौड़ ने प्रथम, शिवानी दीक्षित एवं तनीषा चौधरी ने संयुक्त रूप से द्वितीय, सोनाक्षी शर्मा और अनुराधा ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर क्लब संयोजक डॉ रामअधार सिंह यादव ने विद्यार्थियों को नशा मुक्ति एवं दहेज के विरुद्ध खड़े होने के साथ-साथ पठन पाठन संबंधी शपथ ग्रहण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस दौरान प्राचार्य डॉ. हेमंत कुमार, डॉ. सूरज शर्मा, डॉ महेंद्र कुमार वर्मा, डॉ नेहा, डॉ ज्योति, अनुराधा, डॉ वंदन वर्मा, डॉ कंचन त्रिपाठी, और डॉ. भूशकंर लाल आदि मौजूद रहे।

# इनरव्हील क्लब ने बनाया वेस्ट टू वंडर पार्क

**चन्दौसी।** नगरपालिका परिषद चंदौसी के द्वारा इनरव्हील क्लब चंदौसी सिटी स्टार के सहयोग से नगर के मुंसिफ रोड स्थित संकट मोचन पार्क को वेस्ट टू वंडर पार्क बनाया गया है। शुक्रवार को वेस्ट टू वंडर पार्क का उद्घाटन उपजिलाधिकारी/अधिशासी अधिकारी निधि पटेल द्वारा फीता काटकर किया गया। बता दें कि पार्क में बेकार पड़े टायर एवं यूज्ड बोतल के द्वारा पार्क को सुंदर एवं आकर्षक कलाकृतियां, वेस्ट मटेरियल से मछली, तितली, मेडक आदि आकर्षित आकृतियां बनाई गई हैं जिसमें टायर के द्वारा तैयारी की बाउंड्री बनाई गई। साथ ही बेकार प्लास्टिक से सुंदर दृश्य बनाए हैं तथा दीवारों पर सुंदर चित्रकारी की गई। इस मौके पर



उपजिलाधिकारी निधि पटेल द्वारा स्थानीय नागरिकों से अपील की गई कि पार्क को साफ सुधरा बनाए रखने में अपना-अपना सहयोग प्रदान करें। इस अवसर पर नगरपा. लिका सफाई एवं खाद्य निरीक्षक प्रियंका सिंह, सुनील कुमार, आईटीसी से करन सिंह, रविप्रताप सिंह, लवित वार्ष्णेय, सुभाष, राहुल, आदित्य, सुंदरलाल व इनर व्हील क्लब से अध्यक्ष मनीला अग्रवाल, सेक्रेटरी शालिनी अग्रवाल, सोनिया बिंदल, रुचि अग्रवाल, चारु अग्रवाल, उपमा बंसल, रूपाली अग्रवाल, श्वेता, दीप्ति, वंदना, तृप्ति सुनीता, गुंजन, पायल, मंजू, रचना, शिखा आदि मौजूद रहे।

# श्रीनगर ( जम्मू एवं कश्मीर ) में लोकसंवर्धन पर्व का आयोजन

## लोकसंवर्धन पर्व में प्रतिभाग करने के लिए जनपद मुरादाबाद के कारीगरों/शिल्पकारों तथा पाक विशेषज्ञ 12 मार्च तक करें आवेदन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी श्री दिलीप कुमार द्वारा अवगत कराया गया कि अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय (भारत सरकार) द्वारा दिनांक 06.04. 2025 से 14.04.2025 तक श्रीनगर (जम्मू एवं कश्मीर) में प्रदर्शनी में राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास एवं वित्त निगम के माध्यम से तीसरे लोक. संवर्धन पर्व का आयोजन होगा, जिसमें सम्पूर्ण भारत से कारीगरों/शिल्पकारों और पाक विशेषज्ञों को अपने प्रदर्शन/व्यंजन के लिये आमंत्रित किया गया है। इस आयोजन में देश-विदेश के कलाप्रेमी, पर्यटक तथा कई बड़ी हस्तियाँ उपस्थित रहेंगी जिसके चलते यह कारीगरों, शिल्पकारों तथा पाक विशेषज्ञों के लिए अपनी कला का प्रदर्शन करने तथा राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर जनपद का नाम रोशन करने का एक सुनहरा अवसर है।

राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास एवं वित्त निगम द्वारा आयोजित किये जा रहे लोकसंवर्धन पर्व में प्रतिभाग करने के इच्छुक जनपद मुरादाबाद के कारीगरों/ शिल्पकारों तथा पाक विशेषज्ञों के आवेदन आमंत्रित हैं। आवेदन हेतु विस्तृत आवेदन पत्र अंग्रेजी तथा हिन्दी भाषा में निगम की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। आवेदन करने के लिए आधार कार्ड अथवा कारीगर कार्ड (यदि हो तो), बैंक पासबुक, सम्बन्धित शिल्प/व्यंजन का नाम, प्रचलित शिल्प/व्यंजन से वार्षिक आय तथा शिल्प/व्यंजन बनाने का पूर्व अनुभव आदि का विवरण अनिवार्य है। प्रदर्शनी में भाग लेने के इच्छुक कारीगर/शिल्पकार और पाक विशेषज्ञ विस्तृत आवेदन पत्र भर विकास भवन स्थित जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी कार्यालय, मुरादाबाद में दिनांक 12 मार्च 2025 तक जमा कर सकते हैं। प्रदर्शनी में प्रतिभाग करने हेतु चयनित कारीगरों/शिल्पकारों तथा पाक विशेषज्ञों को यथासमय निगम द्वारा सूचित कर दिया जाएगा।

### नशा मुक्ति को लेकर ली शपथ

**चन्दौसी।** नगर के एन.के.बी.एम.जी. पी.जी. कॉलेज में उ0प्र0 शासन एवं विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार महाविद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्या प्रो0 संगीता गोयल के संरक्षण में एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयोजन में 'पढ़े महाविद्यालय-बढ़े महाविद्यालय' (पुस्तक पाठन) कार्यक्रम, 'दहेज मुक्त भारत प्रतिज्ञा' व 'नशा मुक्त भारत प्रतिज्ञा' का आयोजन किया गया। पुस्तक पाठक के अंतर्गत सभी छात्राओं ने स्वास्तिक की आकृति में पुस्तक पाठन किया। इसके पश्चात् कार्यवाहक प्राचार्या द्वारा सभी शिक्षिकाओं, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों व छात्राओं को नशा मुक्त भारत, दहेज मुक्त भारत की प्रतिज्ञा दिलाई।उन्होंने कहा कि आज यह आयोजन हमारे समाज के लिए एक नई दिशा का संकल्प है। हमें केवल शब्दों से ही नहीं बल्कि अपने कर्मों से भी सामाजिक परिवर्तन को साकार करना होगा तथा नशा मुक्त एव दहेज मुक्त समाज के निर्माण हेतु हमें मिलकर कदम बढ़ाने होंगे। इस अवसर पर महाविद्यालय की सभी शिक्षिकाएं, छात्राएं एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# चोरी के पांच मोबाइल व एक बाइक के साथ दो गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद संभल में कानून व्यवस्था, अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना चन्दौसी पुलिस द्वारा शुक्रवार को चोरी की एक मोटरसाईकिल व चोरी के 06 मोबाइल फोन के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। बता दें कि जया रानी पुत्री स्व0 छुन्ननलाल नि. मौ0 घटिया गेट थाना चन्दौसी जिला संभल द्वारा 03 मार्च 2025 को उसका फोन छीने जाने की तहरीर दी गई।

पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर आरोपी की तलाश की गई जिसमें शुक्रवार को अमान पुत्र संजीद अख्तर नि0 मौ0 कागजी व अमन पुत्र असलम नि0 मौहल्ला नखासा थाना चन्दौसी जिला संभल को गिरफ्तार किया गया।



# जिला पंचायत की बैठक में टूटी सड़कों का मुद्दा सपा विधायक हाजी मौ. फहीम इरफान ने उठाया

**बिलारी।** मुरादाबाद में सर्किट हाउस सभागार में जिला पंचायत बोर्ड की बैठक में सपा विधायक हाजी मौहम्मद फहीम इरफान ने जलजीवन मिशन के तहत गांव गांव में बिछाई जा रही पाइपलाइन के बाद टूटी सड़कों की मरम्मत कराकर दुरस्त कराने की मांग रखी। सपा विधायक हाजी मौहम्मद फहीम इरफान ने टूटी सड़कों को दुरूस्त कराने के लिए एक कमेटी गठित कराने की मांग की। इसके अलावा बिलारी विधानसभा में जर्जर विद्युत तारों को अतिशीघ्र बदलवाने की मांग रखी। साथ ही सपा विधायक हाजी मौहम्मद फहीम इरफान बोर्ड की बैठक में गैरहाजिर रहे अधिकारियों पर जमकर बरसे।



# माह-ए-रमजान के पहले जुम्मा पर मोमिनों ने खुदा की बारगाह में अकीदत से पढ़ी नमाज

**कुंदरकी।** मुस्लिम समाज ने रमजानुल मुबारक महीने के पहले जुम्मा की नमाज शुक्रवार को अकीदत और एहतराम से साथ अदा की। मुस्लिम समाज ने रमजानुल मुबारक महीने के पहले जुम्मा की नमाज शुक्रवार को अकीदत और एहतराम से साथ अदा की। माह का पहला जुम्मा व रोजा होने के कारण मोमीन अल सुबह से ही नमाज अदा करने की तैयारियों में जुट गए। जो दोपहर 12 बजे से रंग बिरंगे नए कपड़े पहन, खुशबूदार इत्र की महक से सरोबार होकर व सिर पर विभिन्न प्रकार की टोपी लगाकर मस्जिद के लिए निकले। नगर की सभी मस्जिदें मोमिनों से लबरेज हो गई और पेश इमामों ने रमजानुल मुबारक महीने की फजीलत पर तकरीर पेश की। रमजान उल मुबा. रक के इस विशेष महीने पर मोमिनों से खिताब करते हुए कहा की इस महीने में रोजा रखना, नमाज पढ़ना, गरीबों को उनका हक जकात के रूप में अदा करना और कुराने पाक की तिलावत करना चाहिए। यह महीना मोमिनों को खुशियां बांटने का महीना है। इस महीने में हर एक नेकी के बदले मोमिन को 70 नेकियों का शबाब मिलता है। वहीं मौलानाओ ने खुत्बा पढ़ा व मोमिनों ने जुम्मा की विशेष नमाज अदा कर देश प्रदेश में अमन चौन व खुशहाली की दुआएं मांगी गई। अंत में सलातो सलाम का नजराना पेश कर मोमिनों ने एक-दूसरे के गले मिल जुम्मा की मुबारकबाद दी।



# आईएफटीएम में 'विधिक जागरूकता रैली' का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ लॉ की ओर से विश्वविद्यालय के द्वारा गोद लिये गए ग्राम धनुपुरा में ''विधिक जागरूकता रैली'' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसाचिव प्रो संजीव अग्रवाल ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रो. अग्रवाल ने अपने वक्तव्य में कहा कि समा. जिक न्याय की अवधारणा अभी भी ग्रामीण परिवेश में बहुत कम चलन में है, फिर भी ग्रामीण जनमानस इसके प्रति सचेत होने लगा है। उन्होंने यह भी कहा कि समाज के उत्थान के लिए महिला सशक्तिकरण की ओर सजगता के साथ आगे बढ़ते हुए हमें उनके सर्वांगिक विकास के लिए अथक प्रयास करना है। रैली में विद्यार्थियों ने नारी सशक्तिकरण के सम्बन्ध में 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं''नारी का सम्मान करो, बेटा बेटी एक सामान' 'सशक्त नारी सशक्त समाज'... आदि उद्घोषणाओं का प्रदर्शन करते हुए ग्रामीणों के साथ विधिक जानकारी साझा की। विधि के विद्यार्थियों ने ग्रामीणों के साथ-साथ प्राथमिक पाठशाला के शिक्षक व विद्यार्थियों के साथ भी चर्चा करके विद्यार्थियों के मौलिक अधिकारों एवं मिड डे मील से सम्बंधित विधिक जानकारी साझा की। इस मौके पर स्कूल ऑफ लॉ के विभागाध्यक्ष डॉ. योगेंद्र सिंह ने कहा कि विधि पठन-पाठन के साथ-साथ विधि का व्यवहारिक ज्ञान उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इस तरह के कार्यक्रम ग्रामीण परिवेशों में आयोजित किए जाते रहे हैं। ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम



से विद्यार्थी आने वाले वाद-विवादों को सहजता के साथ उसका निवारण करने की क्षमता विकसित कर सकें। रैली में स्कूल ऑफ लॉ के 34 विद्यार्थियों ने भाग लिया एवं अपने अनुभवों को अन्य विद्यार्थियों के साथ साझा किया। स्कूल ऑफ लॉ के फैकल्टी मैम्बर्स डॉ. उदय वीर सिंह, डॉ. मनीषा माटोलिया, श्री दिनेश सिंह सागर एवं श्री अनुप्रास रजत के कुशल निर्देशन में रैली का सफल आयोजन संपन्न हुआ।

# 108 त्रिशूल लेकर निकाली यात्रा हर हर महादेव के नारों से गूंजा हाइवे

**कुन्दरकी।** प्रयागराज से चलकर 108 त्रिशूलों की यात्रा मुरादाबाद जनपद के आगरा नेशनल हाईवे पर पहुंची जहां उसका भव्य स्वागत हुआ। यात्रा में दर्जनों वाहन और सैकड़ों यात्री शामिल थे। यात्रा प्रयागराज से शुरू हुई और हरिद्वार में जाकर संपन्न हो जाएगी दरअसल यात्रा आगरा नेशनल हाईवे होती हुई हरिद्वार जा रही थी तभी आगरा नेशनल हाईवे पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने यात्रा का भव्य स्वागत किया यात्रा में पहुंचे लोगों ने बताया महाकुंभ के सफल आयोजन, देश में

सुख शांति समृद्धि और सनातन धर्म के देवी देवताओं स्थलों को पुनर्विस्थापित करने के लिए निकाली जा रही है।

शाह टाइम्स

# सम्पादकीय

शनिवार , 8 मार्च 2025

## खिलाड़ियों से उम्मीद

चैंपियन ट्राफी का फाइनल मैच दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा। यह वह स्थान होगा, जो चैंपियन ट्राफी की विजेता का गवाह बनेगा। न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया को हराने के बाद भारतीय टीम उत्साह से भरी है, जिसके आधार पर कहा जा सकता है कि भारत चैंपियन ट्राफी विजेता होगा, हो भी क्यों न। देश के खिलाड़ियों को अपने देश की आन, बान और शान रखनी है, क्योंकि इसी महीने भारत में होली और ईद का त्योहार आने वाला है। खिलाड़ियों से उम्मीद लगाई जा सकती है कि वे देश की अस्मिता को गिरने नहीं देंगे। वैसे भी हमारे देश के खिलाड़ियों का एक गौरव रहा है कि जब भी भारत में कोई त्योहार आया है, तब-तब टीम इंडिया जीतकर वापस लौटी है। अब फाइनल मैच रविवार, 9 फरवरी को भारत और न्यूजीलैंड खिताबी मुकाबले में आमने-सामने होंगे और इनमें से किसी एक को 'चैंपियन' का टैग मिलेगा। इस बार टूर्नामेंट में टीम इंडिया की ताकत विराट, गिल और वरुण बने हुए हैं। जबकि कीवी टीम का भरोसा विलियम्सन, रचिन और सैंटनर पर टिका हुआ है। भारतीय टीम टूर्नामेंट में अजेय है। भारतीय टीम ने टूर्नामेंट में अब तक 5 मुकाबले खेले और सभी जीते। टीम बैटिंग, बालिंग और फील्डिंग, तीनों में ही अच्छा प्रदर्शन कर रही है। भारत ने कीवियों को ग्रुप-ए में हुए मुकाबले में 44 रन से हराया था। इस समय कोहली-गिल के शतक, अय्यर शानदार फॉर्म में है। विराट कोहली और शुभमन गिल टूर्नामेंट में एक-एक शतक बना चुके हैं। श्रेयस अय्यर, अक्षर पटेल और केएल राहुल मिडिल ऑर्डर में अपना रोल बखूबी निभा रहे हैं। हार्दिक पंडया भी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फार्म साबित कर चुके हैं। टाप-5 बैटर्स में विराट कोहली 217 रन के साथ चौथे स्थान पर हैं। अय्यर और गिल भी 150 से ज्यादा रन बना चुके हैं। भारत को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम की पिच रास आ रही है। टीम ने अपने सभी मुकाबले इसी मैदान पर खेले हैं। सभी खिलाड़ी मैदान की परिस्थितियों से परिचित हैं। ऐसे में फाइनल में भारत को दुबई की धीमी पिच का फायदा मिल सकता है। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ओपनर की भूमिका निभा रहे हैं, लेकिन वे इस टूर्नामेंट में कोई बड़ी पारी नहीं खेल सके हैं। वे किसी भी मुकाबले में पहले पावरप्ले में पूरे ओवर बैटिंग नहीं कर सके। इस टूर्नामेंट में उनका हाईएस्ट स्कोर 41 रन है। वे 4 मैचों में 26.00 की औसत से 104 रन ही बना सके हैं। ऐसे में रोहित शर्मा को खिताबी मुकाबले में बड़ी पारी खेलनी होगी। इंडियन बैटर्स को न्यूजीलैंड के स्पिनर्स परेशान कर सकते हैं। कप्तान मिचेल सैंटनर की लीडरशिप वाली स्पिन चौकड़ी ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ दूसरे सेमीफाइनल में 7 विकेट झटके थे। टीम के स्पिनर्स टूर्नामेंट में अब तक 17 विकेट ले चुके हैं। भारतीय टीम की गेंदबाजी में मोहम्मद शमी का साथ देने के लिए कोई बड़ा नाम नहीं हैं। बुमराह की गैरमौजूदगी में हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह और हार्दिक पंडया को टीम में रखा गया है। कुल मिलाकर भारत के खिलाड़ियों को एकाग्र होकर खेलना है।

### संवाद से ही निकालें समस्याओं का समाधान



आतंकवाद सार्वकालिक चुनौती है, इससे प्रतिबद्धता के साथ निपटा जाएगा, संघर्ष आज एक प्रमुख मुद्दा है और भारत का मानना है कि मतभेदों को बातचीत और कूटनीति के जरिये सुलझाया जाना चाहिए, न कि युद्ध के मैदान में, यह महत्वपूर्ण है कि हम संवाद और कूटनीति के माध्यम से समस्याओं का समाधान निकालें, चाहे यह कितना भी कठिन क्यों न हो, भारत लंबे समय से आतंकवाद का शिकार रहा है और इसे समाप्त करने के लिए समर्पण और संकल्प की आवश्यकता है, देश अगले दशकों में सात फीसदी के आसपास विकास की गति बनाए रखेगा, जिससे भारत और मित्र देशों के बीच मजबूत साझेदारी के अवसर बढ़ेंगे।

**डा. एस. जयशंकर**
**विदेश मंत्री**

# आधी दुनिया के प्रति अपराधों का सिलसिला जारी



**योगेश कुमार गोयल**

> **देश में कानूनों में सख्ती, महिला सुरक्षा के नाम पर बीते कुछ वर्षों में कई तरह के कदम उठाने और समाज में 'आधी दुनिया' के आत्मसम्मान को लेकर बढ़ती संवेदनशीलता के बावजूद आखिर ऐसे क्या कारण हैं कि बलात्कार के मामले हों या छेड़छाड़ अथवा मर्यादा हनन या फिर अपहरण अथवा क्रूरता, 'आधी दुनिया' के प्रति अपराधों का सिलसिला थम नहीं रहा है? इसका एक बड़ा कारण तो यही है कि कड़े कानूनों के बावजूद असामाजिक तत्वों पर वो कड़ी कार्रवाई नहीं हो रही है, जिसके वो हकदार हैं और इसके अभाव में हम ऐसे अपराधियों के मन में भय पैदा करने में असफल हो रहे हैं, कहना गलत नहीं होगा कि महज कानून कड़े कर देने से ही महिलाओं के प्रति हो रहे अपराध थमने से रहे, जब तक उनका ईमानदारीपूर्वक कड़ाई से पालन न किया जाए**

दुनियाभर में प्रतिवर्ष 8 मार्च को 'अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस' मनाया जाता है, जो सही मायनों में महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक उपलब्धियों का जश्न मनाने वाला एक वैश्विक दिवस है। यह दिन लैंगिक समानता में तेजी लाने के लिए कार्रवाई के आह्वान का भी प्रतीक है। हालांकि चिंता का विषय यही है कि जिस 'आधी दुनिया' के प्रति सम्मान प्रदर्शित करने के लिए यह दिवस मनाया जाता है, उसी आधी दुनिया को जीवन के हर मोड़ पर भेदभाव या अपराधों का सामना करना पड़ता है। यदि इसे भारत के ही संदर्भ में देखें तो शायद ही कोई दिन ऐसा बीतता हो, जब 'आधी दुनिया' से जुड़े अपराधों के मामले देश के कोने-कोने से सामने न आते हों। होता सिर्फ यही है कि जब भी कोई बड़ा मामला सामने आता है तो हम सिर्फ पुलिस-प्रशासन को कोसने और संसद से लेकर सड़क तक कैंडल मार्च निकालने या अन्य किसी प्रकार से विरोध प्रदर्शन करने की रस्म अदायगी करके शांत हो जाते हैं और पुनः तभी जागते हैं, जब ऐसा ही कोई बड़ा मामला पुनः सुर्खियां बनता है, अन्यथा ऐसी छोटी-मोटी घटनाएं तो आए दिन होती ही रहती हैं।

देश में कानूनों में सख्ती, महिला सुरक्षा के नाम पर बीते कुछ वर्षों में कई तरह के कदम उठाने और समाज में 'आधी दुनिया' के आत्मसम्मान को लेकर बढ़ती संवेदनशीलता के बावजूद आखिर ऐसे क्या कारण हैं कि बलात्कार के मामले हों या छेड़छाड़ अथवा मर्यादा हनन या फिर अपहरण अथवा क्रूरता, 'आधी दुनिया' के प्रति अपराधों का सिलसिला थम नहीं रहा है? इसका एक बड़ा कारण तो यही है कि कड़े कानूनों के बावजूद असामाजिक तत्वों पर वो कड़ी कार्रवाई नहीं हो रही है, जिसके वो हकदार हैं और इसके अभाव में हम ऐसे अपराधियों के मन में भय पैदा करने में असफल हो रहे हैं। कहना गलत नहीं होगा कि महज कानून कड़े कर देने से ही महिलाओं के प्रति हो रहे अपराध थमने से रहे, जब तक उनका ईमानदारीपूर्वक कड़ाई से पालन न किया जाए। ऐसे मामलों में पुलिस-प्रशासन की भूमिका भी अनेक अवसरों पर संदिग्ध रहती है। पुलिस किस प्रकार ऐसे अनेक मामलों में पीड़िताओं को ही परेशान करके उनके जले पर नमक छिड़कने का कार्य करती है, ऐसे उदाहरण अक्सर सामने आते रहे हैं। ऐसी परिस्थितियों के मद्देनजर अपराधियों के मन में पुलिस और कानून का भय कैसे उत्पन्न होगा और कैसे महिलाओं के प्रति हो रहे अपराधों में कमी की उम्मीद की जाए? जरूरत इस बात की महसूस की जाने लगी है कि पुलिस को लैंगिक दृष्टि से संवेदनशील बनाया जाए ताकि पुलिस पीड़ित पक्ष को पर्याप्त संबल प्रदान करे और पीड़िताएं अपराधियों के खिलाफ खुलकर खड़ा होने की हिम्मत जुटा सकें, साथ ही जांच एजेंसियों और न्यायिक तंत्र से भी ऐसे मामलों में तत्परता से कार्रवाई की अपेक्षा की जानी चाहिए। ऐसी घटनाओं पर अंकुश के लिए समय की मांग यही है कि सरकारें मशीनरी को चुस्त-दुरूस्त बनाने के साथ-साथ प्रशासन की जवाबदेही सुनिश्चित करें कि यदि उनके क्षेत्र में महिलाओं के प्रति हो रहे अपराधों के मामलों में कानून का अनुपालन सुनिश्चित नहीं हुआ तो उन पर सख्त कार्रवाई की जाए।

दिनदहाड़े सामने आती छेड़छाड़, अपहरण, बलात्कार या सामूहिक दुष्कर्म जैसी घटनाएं सभ्य समाज के माथे पर बदनुमा दाग के समान हैं और यह कहना असंगत नहीं होगा कि महज कड़े कानून बना देने से ही महिला उत्पीड़न की घटनाओं पर अंकुश नहीं लगने वाला। आए दिन देशभर में हो रही इस तरह की घटनाएं हमारी सभ्यता की पोल खोलने के लिए पर्याप्त हैं। इस तथ्य को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता कि बलात्कार और छेड़छाड़ के आए दिन जो मामले सामने आ रहे हैं, उनमें बहुत से ऐसे भी होते हैं, जिनमें पीड़िता के परिजन, निकट संबंधी या परिचित ही आरोपी होते हैं। दिल्ली पुलिस द्वारा जारी आंकड़ों में तो यहां तक कहा जा चुका है कि करीब 97 फीसदी मामलों में महिलाएं अपनों की ही शिकार होती हैं और यह समस्या सिर्फ दिल्ली तक ही सीमित नहीं है बल्कि महिला अपराधों के मामले में पूरी दुनिया की यही तस्वीर है। जहां देश में हर 53 मिनट में एक महिला यौन शोषण की शिकार होती है और हर 28 मिनट में अपहरण का मामला सामने आता है, वहीं संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के अनुसार दुनिया में प्रत्येक तीन में से एक महिला का कभी न कभी शारीरिक शोषण होता है। दुनिया में करीब 71 फीसदी महिलाएं शारीरिक मानसिक प्रताड़ना अथवा यौन शोषण व हिंसा की शिकार होती हैं, दक्षिण अफीका में हर छह घंटे में एक महिला को उसके साथी द्वारा ही मौत के घाट उतार दिया जाता है और अमेरिका में भी इसी प्रकार कई महिलाएं हर साल अपने ही परिचितों द्वारा मार दी जाती हैं। जहां तक पीड़िताओं को न्याय दिलाने की बात है तो इसके लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट की मांग काफी समय से उठती रही है किन्तु हमारा सिस्टम कछुआ चाल से रेंग रहा है। ऐसे मामलों में कठोरता बरतने के साथ-साथ त्वरित न्याय प्रणाली की भी सख्त जरूरत है ताकि महिला अपराधों पर अंकुश लग सके। आज अगर समाज में शिक्षा के प्रचार-प्रसार के बावजूद महिलाओं के प्रति अपराध और संवेदनहीनता के मामले बढ़ रहे हैं तो हमें यह जानने के प्रयास करने होंगे कि कमी हमारी शिक्षा प्रणाली में है या कारण कुछ और हैं। ऐसे कृत्यों में लिप्त रहने वाले लोगों की कुंठित मानसिकता के कारणों की पड़ताल करना भी बहुत जरूरी है, साथ ही सामाजिक मूल्यों का विकास करने के लिए विद्यालयों में नैतिक शिक्षा को लागू करना और छात्रों को अच्छा साहित्य पढ़ने के लिए प्रेरित करना समय की मांग है ताकि युवाओं की नकारात्मक सोच को परिवर्तित करने में मदद मिल सके, जिससे स्थिति में सुधार की उम्मीद की जा सके।



**( लेखक 35 वर्षों से साहित्य एवं पत्रकारिता में निरन्तर सक्रिय वरिष्ठ पत्रकार हैं )**

# बंजर भूमि में हरियाली की मुस्कान...

किसी भी किसान को खुशी होगी यदि उसकी पथरीली और बंजर पड़ी भूमि पर हरी-भरी फसलें लहलहाने लगें। यही खुशी आज राजस्थान के करौली ज़िले के अनेक किसानों में दिख रही है।

मकनपुरस्वामी गांव (मंडरयाल ब्लॉक) के कृषक बल्लभ और विमला ने बताया कि उनके गांव में पत्थर का खनन होता रहा है तथा बहुत सारी ज़मीन पथरीली होने के साथ-साथ खनन के पत्थर भी इधर-उधर बिखरे रहते हैं। गांव में पानी की बहुत कमी थी। अतः उनकी ज़मीन का एक बड़ा हिस्सा बंजर पड़ा था। इस स्थिति में आसपास के अनेक गांवों ने चंदा एकत्र किया और श्रमदान करके वर्षा के बहते पानी को एक स्थान पर रोक कर जलसंकट को कुछ हद तक कम किया।

वे आगे बताते हैं कि इससे भी बड़ा बदलाव तब आया जब 'सृजन' नामक संस्था ने जल स्रोतों से मिट्टी हटवाकर खेतों में डलवाई। इससे जल स्रोत में गहराई आई, अधिक जल एकत्र होने लगा व खेतों का उपजाऊपन बढ़ा। खेतों की मेड़बंदी की तो उनमें भी पानी रुकने लगा। कृषि भूमि का समतलीकरण किया गया। इस सबका मिला-जुला असर यह हुआ कि बहुत सी पथरीली बंजर भूमि पर अब खेती होने लगी।

बल्लभ व विमला अपने हरे-भरे सब्ज़ी के खेत दिखाते हुए बताते हैं कि बीज, पौधों व प्राकृतिक खेती के प्रशिक्षण का यह असर है। आरंभ में प्राकृतिक खेती में कुछ कठिनाई आई पर अब प्राकृतिक खेती से उत्पादित गेहूं की कीमत डेढ़ गुना मिल रही है। विविध सब्ज़ियों का फसल-चक्र वर्ष भर चलता रहता है जिससे आय भी होती है व पोषण भी सुधरता है। पशुओं के गोबर व मूत्र की खाद बनाने के लिए बायो-रिसोर्स सेंटर भी उन्होंने स्थापित किया है।

इसी गांव के किसान मानसिंह बताते हैं कि संस्था की मदद से व सरकारी विभागों से प्राप्त सब्सिडी से उन्हें सोलर पंप सेट लगाने में सहायता मिली है। सोलर पंप बहुत कामयाब हैं व डीज़ल के खर्च में बहुत कमी आई है, जबकि प्राकृतिक खेती के प्रसार से अन्य खर्चों में भी बहुत कमी आई है।

इसी ब्लॉक में जगदड़पुरा की महिला किसान संगठित हुई हैं और वे नियमित मीटिंग कर विकास कार्य को आगे बढ़ाती हैं। यह गांव राजस्थान की सीमा पर है व थोड़ा-सा आगे जाकर मध्य प्रदेश का मुरैना ज़िला या चंबल के बीहड़ आरंभ हो जाते हैं। अतः यहां भूमि बंजर होने का खतरा बीहड़ों के प्रसार से भी है, और मिट्टी के अधिक कटाव से बीहड़ फैलते व बढ़ते हैं। गांव के किसान अपनी मेहनत से ज़मीन को समतल कर इस कठिन परिस्थिति को संभालते हैं।

जल संरक्षण से लेकर प्राकृतिक खेती जैसे विभिन्न प्रयासों से इस गांव में लगभग 25 हैक्टर बंजर भूमि पर खेती होने लगी है व इससे लगभग दो गुनी भूमि पर फसल की सघनता व उत्पादकता बढ़ी है। जिस भूमि पर पहले केवल बाजरा होता था, उस पर अब गेहूं, चना, सरसों व सब्ज़ियां सब हो रहे हैं। सृजन संस्था के माध्यम से सरकारी कृषि विज्ञान केंद्र से भी किसानों का मज़बूत का सम्बंध बना है व सिलाई मशीन, सिंचाई के लिए स्प्रिंकलर आदि का लाभ मिला है।

खारा पानी गांव की बड़ी समस्या है। जब जल जीवन मिशन में लगे नल से बेहतर गुणवत्ता का पानी आने लगा तो लोग बहुत प्रसन्न हुए पर किसी अन्य गांव में फसल के लिए पानी लेने हेतु पाइपलाइन तोड़ दी गई तो यहां नल में पानी आना रुक गया और लोग फिर खारा पानी पीने को मजबूर हो गए।

**स्रोत फीसर्च**

ऐसे अनेक गांवों में संस्था, सरकार और समुदाय की भागीदारी से बहुत कम बजट में जल स्रोतों के निर्माण, पुराने जल स्रोतों के सुधार, मेड़बंदी, भूमि समतलीकरण आदि कार्यों से बंजर भूमि को हरा-भरा करने की संभावनाएं बनाई गई हैं। पांच वर्षों के इस प्रयास में 1250 एकड़ बंजर भूमि पर खेती संभव हुई व 286 पोखरों का सुधार हुआ जबकि 96 नए पोखर बनाए गए। इस प्रयास से बहुत कुछ सीखा जा सकता है।



# वायु प्रदूषण पर कैसे लगे रोक...



**रजनीश कपूर**

> **क्या सरकार की यह जिम्मेदारी नहीं बनती कि यदि कोई भी व्यक्ति नई गाड़ी खरीद रहा हो तो नई गाड़ी के पंजीकरण के समय इस बात को सुनिश्चित कर लिया जाए कि उसी व्यक्ति के नाम पर कोई पुरानी गाड़ी न हो**

दिल्ली की नवनिर्वाचित सरकार ने सत्ता संभालते ही कई कड़े निर्णय लेने शुरू कर दिये हैं। इनमें अहम निर्णय दिल्ली की हवा को प्रदूषण से मुक्त करवाना है। इसके चलते दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मंजिंदर सिंह सिरसा ने ये घोषणा कर दी कि 31 मार्च 2025 के बाद दिल्ली के सभी पेट्रोल पम्पों पर 15 साल पुरानी गाड़ियों को ईंधन नहीं दिया जाएगा। यह निर्णय कड़ा अवश्य है परंतु देखना यह होगा कि क्या केवल ऐसे एक ही सख़्त निर्णय से दिल्ली की वायु साफ़ हो पाएगी? क्या प्रदूषण के अन्य पहलुओं को अनदेखा किया जाएगा? क्या वाहन निर्माताओं के विरुद्ध भी कड़े निर्देश जारी किए जाएंगे जिसके तहत उनके द्वारा निर्मित गाड़ियों में से प्रदूषण की मात्रा की रोकथाम में भी सहयोग लिया जाए? क्या ग़ैरक़ानूनी तरीक़े से देर रात में दिल्ली से गुज़रने वाले भारी वहनों को भ्रष्ट अधिकारियों द्वारा रोकने की दिशा में भी ऐसा ही कोई कड़ा कदम उठाया जाएगा? यह तो आने वाला समय ही बताएगा कि कौनसा निर्णय प्रदूषण की जिन्न पर भारी पड़ेगा।एक सर्वे के मुताबिक़ दिल्ली जैसे महानगर में औसतन 1800 नए वाहन प्रतिदिन जुड़ते हैं। ऐसे में दिल्ली की वायु को दूषित करने के लिए ये वाहन अकेले ही लगभग 50 प्रतिशत तक ज़िम्मेदार हैं। ज़ाहिर सी बात है कि जब पुराने वाहनों की उम्र सीमा तय की जाएगी तो लोग नए वाहन तो लेंगे ही। लेकिन ऐसे में क्या सरकार की यह ज़िम्मेदारी नहीं बनती कि यदि कोई भी व्यक्ति नई गाड़ी ख़रीद रहा हो तो नई गाड़ी के पंजीकरण के समय इस बात को सुनिश्चित कर लिया जाए कि उसी व्यक्ति के नाम पर कोई पुरानी गाड़ी न हो। यदि हो तो पहले उस गाड़ी को बेचा जाए और उसके प्रमाण के बाद ही नई गाड़ी का पंजीकरण किया जाए। ऐसे में यदि कोई व्यक्ति एक से अधिक गाड़ी अपने नाम या अपनी संस्था के नाम लेता है तो उससे पंजीकरण की फ़ीस अधिक ली जाए। इतना ही नहीं ऐसे नियमों को केवल दिल्ली में ही नहीं देश भर में लागू किया जाए। यदि पुरानी गाड़ियां वास्तव में अधिक प्रदूषण करती हैं तो उनकी समय सीमा पूरी होने पर देश भर में कहीं भी चलने की अनुमति न दी जाए। ऐसी गाड़ियों को स्क्रैप किए जाने के सख्त आदेश लागू किए जाएं। ऐसा भी देखा गया है कि प्रदूषण की रोकथाम के लिए ऐसे कड़े नियम आमतौर पर आम जनता के लिए ही होते हैं। सरकारी वाहनों पर इनका कोई भी डंडा नहीं चलता। अक्सर ऐसा भी देखा गया है कि जब सरकारी वाहनों में से निकलता हुआ गंदा धुंआ आसपास के सैकड़ों वाहनों से कहीं अधिक होता है। लेकिन इन वाहनों पर किसी भी तरह की कार्यवाही नहीं की जाती। चालान और वाहन ज़ब्त करने की गाज तो आम जनता पर ही गिरती है। सरकारी अस्पतालों में या अन्य सरकारी भवनों में पुरानी कबाड़ा या दुर्घटनाग्रस्त गाड़ियों को सड़ने दिया जाता है। उनका ज़ंग खा कर गलने और मलबे में बदलने का इंतज़ार किया जाता है।

वहीं दूसरी ओर यदि किसी कालोनी में किसी आम नागरिक की गाड़ी इस हालत में पाई जाती है तो उसके खिलाफ़ नगर निगम और पुलिस कड़ी कार्यवाही करती है।

देश भर के पुलिस थानों के बाहर या उनसे सटे मैदानों में दुर्घटनाग्रस्त या किसी अपराध में शामिल गाड़ियों के ढेर भी कोई अच्छा दृश्य नहीं देते। इन वाहनों के कारण सड़कों पर जाम भी लग जाता है जिसके कारण भी वायु प्रदूषण को बढ़ावा मिलता है। जाम की बात ही करें तो दिल्ली जैसे शहर में ऐसी कई महत्वपूर्ण सड़कें हैं जो चौड़ी तो अवश्य हैं लेकिन समय-समय पर रखरखाव न हो पाने के कारण ख़स्ता हाल में हैं। इन टूटी-हटी सड़कों के कारण भी वाहनों को चलने में दिक्क़त होती है। इस कारण भी ट्रैफ़िक जाम लगता है जो वायु प्रदूषण का कारक बनता है। ऐसे में जिन वाहनों को पुराना समझ कर प्रतिबंधित किया जाता है, उनसे कहीं ज्यादा मात्रा में नए वाहनों द्वारा प्रदूषण होता है। इसलिए लोक निर्माण विभाग की यह ज़िम्मेदारी होनी चाहिए कि वह सड़कों को दुरुस्त रखें जिससे प्रदूषण को बढ़ावा न मिले।

ऐसा भी देखा गया है कि जब भी कभी देश के किसी भी कोने में किसी वीवीआईपी का दौरा होता है तो सड़कों पर ट्रैफ़िक पुलिस की तैनाती इस कदर की जाती है कि जाम लगना असंभव हो। यदि इलाक़े की ट्रैफ़िक पुलिस किसी अतिविशिष्ट व्यक्ति की सेवा में ट्रैफ़िक संचालन को इतने सुचारू रूप से चला सकती है तो आम नागरिकों से इतना सौतेला व्यवहार क्यों? क्या किसी भी सरकार ने इस दिशा में कोई पहल की है? यदि इन बिंदुओं को गंभीरता से लिया जाए तो न सिर्फ़ दिल्ली बल्कि पूरे देश की हवा बदलेगी।दिल्ली की हवा ख़राब होते ही पुराने वाहनों पर रोक लगाने से सरकार को क्या हासिल होता है, यह समझ में नहीं आता। ज़रा सोचिए, यदि आपका वाहन दस साल से अधिक पुराना नहीं है।



**लेखक दिल्ली स्थित कालचक्र समाचार ब्यूरो के संपादक हैं।**

# लंजेस एक्सरसाइज करते समय न करें ये मिस्टेक्स, वरना बढ़ सकता है घुटनों का दर्द

वर्तमान समय में हम सभी खुद को फिट और हेल्दी रखना चाहते हैं। वहीं फिट रहने के लिए वर्कआउट रूटीन में कई एक्सरसाइज शामिल करते हैं। जब पैरों की एक्साइज की बात की जाए, तो लंजेस करना काफी अच्छा माना जाता है। हालांकि अगर आपको अक्सर घुटनों में दर्द की शिकायत रहती है, तो लंजेस करने से दर्द अधिक बढ़ सकता है। वहीं घुटने का दर्द काफी परेशान करने वाला हो सकता है। इसके साथ ही जब लंजेस एक्सरसाइज गलत तरीके से किया जाता है, तो दर्द काफी बढ़ने लगता है। पैरों और ग्लूट्स को मज़बूत बनाने के लिए लंजेस एक बेहतरीन एक्सरसाइज है।
वहीं जब आप यह एक्सरसाइज गलत तरीके से करते हैं, तो आपके घुटने पर एक्स्ट्रा दबाव पड़ता है। जिसकी वजह से दर्द की समस्या बढ़ सकती है। फिर चाहे घुटने को एक सीध में रखना हो या फिर शरीर के हिसाब से मूवमेंट बदलना हो। यह छोटी-छोटी चीजें बहुत मायने रखती हैं।

**ज्यादा नीचे झुकना:-** बता दें कि लंजेस करते समय हम अधिक नीचे झुकते हैं, तो इससे आपके घुटनों पर भार बढ़ जाता है। इससे घुटने का दर्द काफी हद तक बढ़ जाता है। इसलिए हमेशा लंजेस करते समय सिर्फ उतना ही नीचे जाएं, जितना कि आप सहज महसूस करते हैं। वहीं दोनों घुटनों पर 90 डिग्री का कोण बनाने का लक्ष्य रखें।

**आगे की ओर ज्यादा झुकना:-** अगर आपके घुटने में दर्द की समस्या रहती है, तो ऐसे में आपको लंजेस करते समय ज्यादा आगे झुकने की गलती नहीं करनी चाहिए। इससे आपका पोश्चर बिगड़ जाता है। वहीं आपके सामने वाले घुटने पर एक्स्ट्रा भार पड़ता है। ऐसे में दर्द की समस्या बढ़ सकती है।

**रेप्स जल्दी-जल्दी करना:-** यह एक ऐसी गलती है, जिसको अक्सर लोग बैठकर करते हैं। जब आप वर्कआउट करते हैं, तो उस दौरान लंजेस समेत अन्य एक्सरसाइज जल्दी-जल्दी करना चाहते हैं। लेकिन जब आप जल्दबाजी में रेप्स करते हैं, तो इससे आपका बॉडी फॉर्म खराब हो सकता है। वहीं इससे घुटनों पर अधिक भार पड़ता है।

**बिना कुशनिंग के हार्ड सरफेस पर लंजेस करना:-**

अगर आपके घुटने में भी अक्सर दर्द की समस्या रहती है, तो आपको कभी हार्ड सरफेस पर लंजेस करने की गलती नहीं करना चाहिए। हार्ड सरफेस पर झुकते हैं, तो घुटने की दर्द की समस्या बद से बदतर हो जाती है। वहीं इस बात का ख्याल रखें कि लंजेस करते हुए घुटनों पर दबाव कम करने के लिए योगा मैट या गद्देदार सतह का उपयोग करें।

# एलन मस्क को फिर लगा झटका

## स्पेसएक्स रॉकेट में विस्फोट, लगातार दूसरी बार हुआ परीक्षण विफल
## आठवें टेस्ट में बूस्टर लॉन्च पैड पर वापस आया, आसमान में ब्लास्ट





**123 मीटर** लंबा यह अंतरिक्ष यान एक घंटे की उड़ान के बाद हिंद महासागर के ऊपर से पृथ्वी की कक्षा में फिर से प्रवेश करने वाला था।

यह रॉकेट का परीक्षण करने वाला आठवां मिशन था, लगातार दूसरी बार हुआ फेल।

इसका सुपर हैवी बूस्टर जो रॉकेट को जमीन से उड़ान भरने में मदद करता है, लॉन्चपैड पर वापस लौटन में सफल रहा।

**लॉस एंजिल्स।** स्पेसएक्स के विशाल स्टारशिप रॉकेट के टेक्सास से गुरुवार को लॉन्च होने के कुछ ही देर बाद रॉकेट में विस्फोट हो गया, जिससे उड़ानें रोकनी पड़ी और अंतरिक्ष यान के मलबे के गिरने की चेतावनी दी गई। स्पेसएक्स ने पुष्टि की कि अंतरिक्ष में ऊपर उठते हुए बिना चालक दल के जहाज को तेजी से अनिर्धारित विघटन का सामना करना पड़ा, और जमीन से उसका संपर्क टूट गया।

विशाल स्पेसएक्स स्टारशिप, जो अब तक का सबसे बड़ा रॉकेट है, लॉन्च के कुछ ही देर बाद नियंत्रण से बाहर हो गया। किसी भी तरह की चोट या क्षति की सूचना नही मिली है लेकिन कैरिबियन सागर के द्वीप देशों से प्राप्त तस्वीरों में आसमान से आग के मलबे की बारिश होती दिखाई दे रही है। अरबपति एलन मस्क के स्वामित्व वाली स्पेसएक्स ने कहा कि टीमों ने तुरंत पूर्व-नियोजित आकस्मिक प्रतिक्रियाओं के लिए सुरक्षा अधिकारियों के साथ समन्वय करना शुरू कर दिया। बयान में कहा गया कि स्पेसएक्स मिसफायर के मूल कारण को बेहतर ढंग से समझने के लिएऽ डेटा की समीक्षा करेगा। बयान के अनुसार, विस्फोट कई इंजनों के नष्ट होने के बाद हुआ। मस्क ने विस्फोट पर अभी तक टिप्पणी नहीं की है।

### फ्लोरिडा में स्टारशिप का मलबा गिरने से चार हवाई अड्डे करने पड़े बंद

**फ्लोरिडा।** अमेरिकी संघीय उड्डयन प्रशासन (एफएए) ने स्टारशिप अंतरिक्ष यान के असफल प्रक्षेपण के बाद मलबे गिरने के खतरे के कारण फ्लोरिडा में हवाई अड्डों को अस्थाई रूप से बंद करने की घोषणा की। अमेरिकी मीडिया ने यह जानकारी दी है। मीडिया के अनुसार मियामी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को बंद करने की घोषणा गुरुवार को स्थानीय समय 23:42 बजे की गई। कथित तौर पर फोर्ट लॉडरडेल-हॉलीवुड अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के साथ-साथ ऑरलैंडो और पाम बीच शहरों के हवाई अड्डों के लिए भी इसी तरह का नोटिस जारी किया गया था। इससे पहले कल स्पेसएक्स ने कहा कि स्टारशिप अंतरिक्ष यान के कक्षा में प्रक्षेपण के दौरान तेजी से अनिर्धारित विघटन हुआ।



# भारतीय महिलाओं में बढ़ रही उद्यमशीलता

**नई दिल्ली।** दुनिया भर में खासतौर पर युवा महिलाओं में उद्यमशीलता की भावना तेज़ी से बढ़ रही है। महिलाएं अपने सपनों को साकार करने, वित्तीय स्वतंत्रता पाने, कार्य और जीवन में संतुलन बनाने और समाज में बदलाव लाने के लिए आगे बढ़ रही हैं। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2025 से पहले मास्टरकार्ड द्वारा किए गए नए शोध से पता चला है कि भारत की लगभग आधी (45 प्रतिशत) महिलाओं ने अपना खुद का व्यवसाय शुरू करने का विचार किया है। यह प्रवृत्ति खासतौर पर मिलेनियल और जेनरेशन ज़ी की महिलाओं में अधिक देखी जा रही है। मिलेनियल (आयु 29-44) महिलाओं में यह संख्या 46 प्रतिशत है, जबकि जेनरेशन ज़ी की 45 प्रतिशत महिलाओं ने भी व्यवसाय शुरू करने की इच्छा जताई है। जेनरेशन एक्स (आयु 45-60) और बेबी बूमर्स (आयु 61-79) की महिलाओं में यह आंकड़ा थोड़ा कम है, अब भी 38 प्रतिशत महिलाओं ने माना कि खुद का व्यवसाय शुरू करना चाहती हैं। भारत में महिलाएं मुख्य रूप से तीन प्रमुख कारणों से उद्यमिता की ओर बढ़ रही हैं। अपने सपनों को पूरा करने की इच्छा (51 प्रतिशत), बेहतर कार्य-जीवन संतुलन की तलाश (44 प्रतिशत) और पारंपरिक नौकरियों से आज़ादी (40 प्रतिशत)। शोध से यह भी पता चला कि वर्तमान में लगभग आधी (46 प्रतिशत) भारतीय महिलाओं के पास कोई न कोई अतिरिक्त कमाई का जरिया है। खासतौर पर बेबी बूमर्स (आयु 61-79) की महिलाओं में यह आंकड़ा बढ़कर 61 प्रतिशत हो गया है, क्योंकि वे किसी भी अन्य आयु समूह की तुलना में अधिक पैसे कमाने के लिए अपनी साइड इनकम शुरू करने के लिए सबसे अधिक प्रेरित हैं। महिलाओं में व्यवसाय बढ़ाने को लेकर भी बड़ा आत्मविश्वास देखा गया है। महिला व्यवसायियों में 89 प्रतिशत को अगले पांच वर्षों में अपनी आमदनी बढ़ने की उम्मीद है, जबकि पुरुषों में यह आंकड़ा 87 प्रतिशत ही था।

### पेरिस में वर्ल्ड वॉर 2 का जिंदा बम मिला, लंदन जाने वाली ट्रेनें रद्द

**पेरिस।** फ्रांस की राजधानी के गेरे डू नार्ड रेलवे स्टेशन के एक ट्रैक पर वर्ल्ड वॉर 2 का एक जिंदा बम मिला। इसके बाद पेरिस से लंदन जाने और आने वाली सभी यूरोस्टार ट्रेनों को रद्द कर दिया गया।

इसके अलावा फ्रांस के उत्तरी शहरों की तरफ जाने वाली ट्रेन को भी रोक दिया गया है। फ्रांस के ट्रांसपोर्ट मिनिस्टर फिलिप टैबरोट ने कहा कि पूरे दिन ही ट्रैफिक बाधित रहेगा। फर्स्ट और सेकंड वर्ल्ड वार के दौरान छोड़े गए बम फ्रांस के अलग-अलग इलाकों में अक्सर पाए जाते हैं, लेकिन इतनी ज्यादा भीड़-भाड़ वाले इलाकों पर उनका मिलना बहुत ही दुर्लभ है।

# अमेरिका बनाएगा बिटकॉइन का क्रिप्टो भंडार



**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बिटकॉइन का एक आभासी मुद्रा (क्रिप्टो) भंडार बनाने की घोषणा की है। ट्रंप ने इससे जुड़े आधिकारिक आदेश पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। व्हाइट हाउस ने शुक्रवार को कहा कि राष्ट्रपति के साथ ही क्रिप्टो भंडार बनाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। उल्लेखनीय है कि भारत सहित दुनिया के अधिकांश देश बिटकॉइन को आधिकारिक मान्यता नही दे रहे हैं लेकिन ट्रंप द्वारा क्रिप्टो भंडार बनाने की पहल से इस आभासी मुद्रा को वैश्विक स्तर पर मान्यता पाने में मदद मिलेगी। व्हाइट हाउस ने कहा, कुछ ही मिनट पहले, राष्ट्रपति ट्रम्प ने रणनीतिक बिटकॉइन रिजर्व स्थापित करने के लिए एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए। रिजर्व को संघीय सरकार के स्वामित्व वाले बिटकॉइन से पूंजीकृत किया जाएगा, जिसे आपराधिक या नागरिक संपत्ति जब्ती कार्यवाही के हिस्से के रूप में जब्त किया गया था। इसका मतलब है कि इससे करदाताओं को एक पैसा भी खर्च नही करना पड़ेगा। इसमें कहा गया है कि अमेरिकी सरकार के पास लगभग दो लाख बिटकॉइन हैं हालांकि, कभी भी पूर्ण ऑडिट नहीं हुआ है। राष्ट्रपति का कार्यकारी आदेश संघीय सरकार की डिजिटल संपत्ति होल्डिंग्स का पूरा लेखा-जोखा रखने का निर्देश देता है। अमेरिका अपने रिजर्व में जमा किए गए किसी भी बिटकॉइन को नही बेचेगा। इसे मूल्य के भंडार के रूप में रखा जाएगा। रिजर्व क्रिप्टोकरेंसी के लिए एक डिजिटल फोर्ट नॉक्स की तरह है जिसे अक्सर डिजिटल गोल्ड कहा जाता है। इसमें कहा गया है कि बिटकॉइन की समय से पहले बिक्री से अमेरिकी करदाताओं को पहले ही 17 अरब डॉलर से अधिक का नुकसान हो चुका है। अब संघीय सरकार के पास अपनी होल्डिंग्स के मूल्य को अधिकतम करने की रणनीति होगी। ट्रेजरी और वाणिज्य सचिवों को अतिरिक्त बिटकॉइन प्राप्त करने के लिए बजट-तटस्थ रणनीति विकसित करने के वास्ते अधिकृत किया गया है, बशर्ते कि उन रणनीतियों से अमेरिकी करदाताओं पर कोई अतिरिक्त लागत न आए। इसके अलावा, कार्यकारी आदेश एक अमेरिकी डिजिटल एसेट स्टॉकपाइल की स्थापना करता है, जिसमें आपराधिक या सिविल कार्यवाही में जब्त किए गए बिटकॉइन के अलावा अन्य डिजिटल संपत्तियां शामिल हैं।

# कनाडा-मैक्सिको पर टैरिफ एक बार फिर टाला

- अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प फिर पलटे
- कनाडा में नागरिकों ने अमेरिकी टमाटर खाना छोड़ा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कनाडा और मेक्सिको पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने के फैसले को एक बार फिर से 30 दिनों के लिए टाल दिया है। ट्रम्प ने 4 मार्च को दोनों देशों पर टैरिफ लगाने का ऐलान किया था। इससे पहले भी ट्रम्प ने कनाडा और मेक्सिको के कई सामानों पर 4 फरवरी से टैरिफ लगाने का ऐलान किया था, लेकिन इसे लागू होने से एक दिन पहले उन्होंने इसे 30 दिनों के लिए टाल दिया था। इस बीच ट्रम्प के कनाडा पर टैरिफ लगाने की धमकी और उसे 51वां राज्य बनाने वाले बयान के बाद देश में अमेरिकी सामानों का बायकाट शुरू हो गया है। कनाडाई मीडिया के मुताबिक वहां पर लोग अमेरिकी सेब छोड़कर दूसरे देशों के सेब खाने लगे हैं। वहीं, दुक. ानदार पिज्जा में कैलिफोर्निया के टमाटर की जगह इटली से आए टमाटर का इस्तेमाल करने लगे हैं। कई दुकानदारों ने अपनी दुकानों में अमेरिकी सामान रखना बंद करने की बात कही है। कई कनाडाई जो कि अपनी छुट्टियां बिताने अमेरिका जाने वाले थे, उन्होंने अपनी छुट्टियां रद्द कर दी हैं। ट्रम्प की धमकी ने कनाडा में देशभक्ति की भावना को बढ़ा दिया है। 2 महीने पहले कनाडा की लिबरल पार्टी में चुनाव हारने के डर से जस्टिन ट्रूडो के खिलाफ माहौल बन गया था जिसके बाद उन्होंने पद छोड़ने का ऐलान कर दिया था। अब वहीं लिबरल पार्टी चुनाव जीतने की सबसे बड़ी दावेदार बन गई है। ट्रूडो ने कहा था कि कनाडाई लोग समझदार हैं। वे स्वभाव से भले विनम्र हैं, लेकिन वे लड़ाई से पीछे नहीं हटेंगे। खासकर ऐसे वक्त में जब देश के लोगों की भलाई दांव पर लगी हो। हालांकि कनाडा और मेक्सिको ने ट्रम्प के टैरिफ टालने के फैसले की तारीफ की। कनाडा के वित्त मंत्री डोमिनिक लेब्लैंक ने कहा कि उनका देश अमेरिकी सामानों पर लगाए जाने वाले टैरिफ को फिलहाल टाल देगा।

### कनाडा दो अप्रैल तक नहीं लगाएगा दूसरे चरण का टैरिफ

**ओटावा।** कनाडा ने घोषणा की है कि वह अमेरिकी वस्तुओं पर टैरिफ के दूसरे चरण को दो अप्रैल तक लागू नही करेगा। वित्त मंत्री डोमिनिक लेब्लांक ने गुरुवार को यह घोषणा की। लेब्लांक ने अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से टैरिफ में देरी की घोषणा के तुरंत बाद अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर कहा, अमेरिका ने कनाडा से कनाडा-अमेरिका-मेक्सिको समझौता (सीयूएसएमए) अनुपालन वाले निर्यात पर टैरिफ को दो अप्रैल तक निलंबित करने पर सहमति व्यक्त की है। कनाडा दो अप्रैल तक 125 अरब कनाडाई डॉलर के अमेरिकी उत्पादों पर टैरिफ का दूसरा चरण लागू नहीं करेगा, ट्रंप ने गुरुवार को मैक्सिको और कनाडा को बड़ी राहत देते हुए घोषणा की।



# 10 भारतीय मजदूरों को इजरायल ने मुक्त कराया

## वेस्ट बैंक में एक महीने से फिलिस्तीनियों ने बंधक बना रखा था, पासपोर्ट भी कर लिए थे जब्त

**तेल अवीव।** इज़रायल के अधिकारी फिलिस्तीनी क्षेत्र पश्चिमी तट में लापता 10 भारतीय श्रमिकों को खोज कर उन्हें सुरक्षित वापस इज़रायल ले आए हैं। इज़रायल में भारत के दूतावास ने गुरुवार देर रात बताया कि इजरायली अधिकारियों ने पश्चिमी तट क्षेत्र में लापता 10 भारतीय निर्माण श्रमिकों का पता लगाया है और उन्हें इज़रायल वापस लाया गया है। मामले की हालांकि अब भी जांच चल रही है, भारतीय दूतावास इज़रायल के अधिकारियों के संपर्क में है तथा उनकी सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है। टाइम्स ऑफ इज़रायल की एक रिपोर्ट के अनुसार, इजरायली अधिकारियों के अनुसार, श्रमिकों को नौकरियों के वादे के साथ फिलिस्तीनियों द्वारा पश्चिमी तट के एक गांव अल-ज़ायम गांव में ले जाया गया था। उनके पासपोर्ट जब्त कर लिए गए थे, और इज़राइल में घुसपैठ के लिए उनका उपयोग करने का प्रयास किया गया था।

### चांद पर उतरा अमेरिकी कंपनी का एथेना लैंडर

**वाशिंगटन।** यूएसकी प्राइवेट कंपनी इंट्यूएटिव मशीन्स का एथेना लैंडर गुरुवार को चांद के साउथ पोलर रीजन में उतरा। हालांकि, लैंडिंग के कुछ मिनट बाद से मिशन कंट्रोलर उसकी स्थिति की पुष्टि नहीं कर पा रहे हैं। अब तक यह भी पता नहीं चल पाया है कि लैंडर सीधा सतह पर खड़ा है या नहीं। मिशन कंट्रोलर को लैंडिंग की पुष्टि करने में भी समय लगा। मिशन डायरेक्टर और कंपनी के को-फाउंडर टिम क्रेन ने कहा- ऐसा लगता है कि हम चंद्रमा पर उतर गए हैं। अब यह जांच रहे हैं कि लैंडर की सतह पर स्थिति क्या है। मिशन आफिशियल्स के मुताबिक, चंद्रमा की सतह पर उतरने के बाद लैंडर मिशन कंट्रोलर के संपर्क में था। सोलर पावर भी जनरेट कर रहा था। हालांकि, लैंडिंग के करीब आधे घंटे बाद भी मिशन टीम यह पुष्टि नहीं कर पाई कि लैंडर सही स्थिति में है या नहीं।







